3 | राजधानी
केजीएमयू का दीक्षांत समारोह कल होगा

6 | अभिमत
चिंताजनक हैं बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं

10 | विदेश
अमेरिका में भारतीय मूल के मोटल मालिक की हत्या

12 | स्पोर्ट्स
भारत के खिलाफ टेस्ट मैच से इंग्लैंड ने एम्मा को हटाया

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 51
लखनऊ, शनिवार, 09 दिसंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



दिसंबर के अंत तक तैयार होगा अयोध्या हवाईअड्डा

राष्ट्रीय-11

# टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा लोकसभा से निष्कासित

● कैश फॉर क्वेश्चन मामले में आचार समिति के अध्यक्ष भाजपा सांसद विनोद सोनकर की रिपोर्ट ध्वनिमत से पारित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में विपक्षी सांसदों के साथ पत्रकारों को संबोधित करतीं तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा

**तृणमूल** कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा को पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले में शुक्रवार को अनैतिक एवं अशोभनीय आचरण के लिए सदन की सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया। मोइत्रा ने अपने इस निष्कासन की तुलना कंगारू अदालत द्वारा सजा दिए जाने से करते हुए आरोप लगाया कि सरकार लोकसभा की आचार समिति को विपक्ष को झुकने के लिए मजबूर करने का हथियार बना रही है।

मोइत्रा को संसद में खुद का बचाव करने का मौका दिए बिना कार्रवाई पर उनकी पार्टी के साथ-साथ इंडिया गंठबंधन दलों के सदस्यों का भी समर्थन मिला। टीएमसी सुप्रीमो पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोकसभा से अपने सांसद के निष्कासन की निंदा की और इस कदम को भारत के संसदीय लोकतंत्र के साथ विश्वासघात करार दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करने पर निराशा व्यक्त की। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने लोकसभा में मोइत्रा के निष्कासन का प्रस्ताव पेश किया, जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी।

इससे पहले सदन में लोकसभा की आचार समिति की उस रिपोर्ट को चर्चा के बाद मंजूरी दी गई जिसमें मोइत्रा को निष्कासित करने की सिफारिश की गई थी। विपक्ष, विशेषकर तृणमूल कांग्रेस ने आसन से कई बार यह आग्रह किया कि मोइत्रा को सदन में अपना पक्ष रखने का मौका मिले, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पहले की संसदीय परिपाटी का हवाला देते हुए इससे इनकार कर दिया। सदन में चर्चा के बाद जोशी द्वारा रखे गए प्रस्ताव का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा, महुआ मोइत्रा के खिलाफ सदन में प्रश्न पूछने के बदले नकदी लेने में प्रत्यक्ष संलिप्तता के संदर्भ में सांसद निशिकांत दुबे द्वारा 15 अक्टूबर को दी गई शिकायत पर आचार समिति की पहली रिपोर्ट पर विचार के उपरांत समिति के इन निष्कर्षों को यह सभा स्वीकार करती है कि सांसद महुआ मोइत्रा का आचरण अनैतिक और संसद सदस्य के रूप में अशोभनीय है। इस कारण उनका लोकसभा सदस्य बना रहना उपयुक्त नहीं होगा।

इसलिए यह सभा संकल्प करती है कि उन्हें लोकसभा की सदस्यता से निष्कासित कर दिया जाए।इसके बाद सदन ने ध्वनिमत से प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। प्रस्ताव पारित होने से पहले ही कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस समेत ज्यादातर विपक्षी दलों के सदस्य सदन से बाहर चले गए। मोइत्रा के निष्कासन का प्रस्ताव पारित होने के तत्काल बाद बिरला ने सदन की कार्यवाही अपराह्न करीब तीन बजकर 10 मिनट पर सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। लोकसभा की आचार समिति की सिफारिश पर सदन की सदस्यता से निष्कासित किए जाने के कुछ मिनट बाद अपनी प्रतिक्रिया में मोइत्रा ने कहा कि उन्हें उस आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया है।

# काशी से मिशन 2024 का आरंभ करेंगे प्रधानमंत्री

**विश्वजीत बनर्जी।** लखनऊ

● स्वर्वेद महामंदिर समेत 1000 करोड़ की परियोजनाओं को करेंगे समर्पित

● 17-18 दिसंबर के दो दिवसीय दौरे के लिए तैयारी जोरों पर

**भारतीय** जनता पार्टी की हाल में मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों में शानदार जीत के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिशन 2024 की शुरुआत अपने संसदीय क्षेत्र काशी से करने के लिए तैयार हैं। यूपी के वरिष्ठ भाजपा नेता विजय बहादुर पाठक ने कहा, यह एक महत्वपूर्ण क्षण है क्योंकि प्रधानमंत्री ने अपने लोकसभा क्षेत्र से 2024 चुनाव अभियान की शुरुआत के लिए काशी को चुना है। पीएम मोदी 17 और 18 दिसंबर को शहर की अपनी 43वीं यात्रा के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने वाले हैं।

उन्होंने बताया, काशी भाजपा के लिए महत्वपूर्ण केंद्र रहा है क्योंकि इस शहर से कोई भी चुनाव अभियान पूरे पूर्वी उत्तर प्रदेश को प्रभावित करता है, जहां 28 लोकसभा क्षेत्र हैं। प्रधानमंत्री अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान काशी की जनता को 1,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को समर्पित करेंगे। इन परियोजनाओं में देश के सबसे बड़े ध्यान केंद्र के रूप में स्थापित स्वर्वेद महामंदिर का उद्घाटन भी शामिल है। इसके साथ ही पीएम मोदी फुलवरिया फोर लेन, अमूल प्लांट और सारनाथ सौंदर्यीकरण समेत कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में वाराणसी से सांसद चुने जाने के बाद, पीएम मोदी पिछले नौ वर्षों में बतौर प्रधानमंत्री कुल 43 दौरे करके काशी के साथ एक मजबूत रिश्ता कायम किया है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में भाजपा की उल्लेखनीय सफलता के बाद 17-18 दिसंबर की आगामी यात्रा विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने दौरे की प्राथमिक जानकारी जिला प्रशासन और भाजपा नेताओं को दे दी है। यह यात्रा वाराणसी में विभिन्न विकास परियोजनाओं पर केंद्रित होगी। भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया, पीएम 17 दिसंबर की दोपहर विशेष विमान से बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। अपनी यात्रा के पहले दिन, पीएम का कटिंग मेमोरियल स्कूल मैदान जाएंगे, जहां शहरी क्षेत्र के लिए 'विकास भारत संकल्प यात्रा' पर आधारित एक प्रदर्शनी प्रदर्शित की जाएगी। बाद में वह लाभार्थी वर्ग से संवाद करेंगे। शाम को पीएम मोदी नमो घाट पर काशी तमिल संगमम कार्यक्रम में शामिल होंगे, दक्षिण भारतीय मेहमानों से मुलाकात करेंगे और गंगा आरती में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री बीएलडब्ल्यू गेस्ट हाउस में विश्राम के साथ दिन का समापन करेंगे। 18 दिसंबर को पीएम मोदी स्वर्वेद महामंदिर के उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए बीएलडब्ल्यू गेस्ट हाउस से हेलीकॉप्टर से उमरहां जाएंगे।

प्रधानमंत्री 25000 कुंडी स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ शामिल होंगे और जनता से जुड़ेंगे। समारोह में विज्ञान देव महाराज मंदिर से जुड़े तीन लाख श्रद्धालु और विभिन्न राज्यों और देशों से उपस्थित लोग भाग लेंगे। अपनी यात्रा के हिस्से के रूप में, पीएम काशी को 1000 करोड़ की परियोजनाओं का लोकर्पण व शिलान्यास करेंगे। जिसमें नमो घाट, फुलवरिया फोर लेन, दो रेलवे ओवरब्रिज, एक राइफल शूटिंग रेंज, दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में 50 बिस्तरों वाला आवासीय भवन, शिवपुर में एक दवा गोदाम, एक आहार प्रशिक्षण केंद्र, बीएलडब्ल्यू में एक शिक्षण कक्ष प्रयोगशाला, और पांच प्रमुख और 15 छोटी सड़कें जैसी पहल शामिल हैं।

## आईटी विभाग ने छापेमारी में बरामद किए 220 करोड़

**भुवनेश्वर, रांची (भाषा)।** आयकर विभाग ने ओडिशा स्थित शराब बनाने वाली एक कंपनी के खिलाफ कर चोरी के आरोप में शुक्रवार को तीसरे दिन भी छापे मारे और अब तक 225 करोड़ रुपए से अधिक की नकदी बरामद की जा चुकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयकर विभाग की इस छापेमारी को लेकर शुक्रवार को विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता से लूटा गया पैसा वापस करना होगा। मोदी ने अप्रत्यक्ष रूप से ओडिशा और झारखंड के उन नेताओं का जिक्र करते हुए यह टिप्पणी, जिनका शराब कंपनी से संबंध है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक हिंदी समाचार पत्र की खबर साझा की जिसमें दावा किया गया है कि झारखंड से कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू से कथित तौर पर जुड़े एक कारोबारी समूह के विभिन्न ठिकानों से आयकर विभाग ने 200 करोड़ रुपए नकदी बरामद की है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, देशवासी इन नोटों के ढेर को देखें और फिर इनके नेताओं के ईमानदारी के भाषणों को सुनें... जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने इस पोस्ट के साथ कई इमोजी भी लगाई। खबर में नोटों से भरी कई अलमारियों की तस्वीर भी प्रदर्शित की गई हैं। शराब कंपनी से कथित तौर पर संबंध रखने वाले झारखंड के एक सांसद से जब पीटीआई-भाषा ने संपर्क करने की कोशिश की तो उनका मोबाइल फोन बंद मिला।

## भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने के लिए संस्थानों को उद्योग से जोड़ना होगा

**भाषा।** नोएडा



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने के लिए संस्थानों को उद्योगों के साथ जोड़ना होगा। उन्होंने यहां एक निजी विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 140 करोड़ से अधिक भारतीयों को अगले 25 वर्षों में देश को विश्व शक्ति बनाने के लिए इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। योगी ने कहा, देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए हमें अपने संस्थानों को उद्योग के साथ जोड़ना ही होगा। अगले 25 वर्षों के लिए हमें अपना लक्ष्य तय करना होगा।

उपस्थित शिक्षाविदों और युवा स्नातकों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, जब देश की 142 करोड़ की आबादी एक स्वर से आगे बढ़ने के संकल्प के साथ उठ खड़ी होगी तो कोई कारण नहीं कि हमारा देश विकसित भारत न बने। मुख्यमंत्री ने डिग्री प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा, यह दीक्षांत समारोह प्राचीन भारत के विश्वविद्यालयों और गुरुकुलों के समावर्तन समारोह का परिवर्तित रूप है। प्राचीन भारत के विश्वविद्यालय पूरी दुनिया के स्नातकों के लिए शोध एवं विकास के बेहतरीन केंद्र थे। मुख्यमंत्री ने तैतरीय उपनिषद के श्लोक सत्यं वद धर्मं चर स्वाध्यायान्मा प्रमदः की चर्चा करते हुए कहा कि सत्य बोलना, धर्म का आचरण करना, सत्य के मार्ग से न हटना, महान बनने के अवसर से न चूकना, पठन-पाठन से आलस न करना, माता-पिता, गुरुजनों और अतिथि को देवता की तरह सम्मान देना, यह हर स्नातक से भारत की अपेक्षा रहती थी। उन्होंने कहा, जब हम इस संस्कार के साथ डिग्री देते थे तो भारत दुनिया की बड़ी ताकत के रूप में स्थापित था। मुख्यमंत्री ने कहा, सामान्य जीवन में जिसे हम धर्म कहते हैं वह वास्तव में धर्म नहीं है, यह मात्र उसका एक भाग हो सकता है। हम उपासना विधि को धर्म नहीं मान सकते। यह व्यक्तिगत कार्य है। धर्म एक व्यापक अवधारणा है, जो हमें कर्तव्यों, नैतिक मूल्यों के साथ सदाचार के मार्ग का अनुसरण करने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के पंच प्रण की चर्चा करते हुए कहा कि ये हर भारतवासी का संकल्प बनना चाहिए, फिर चाहे वह जिस भी क्षेत्र में कार्य कर रहा हो।

## तीन राज्यों में मुख्यमंत्री चुनने को भाजपा ने नियुक्त किए पर्यवेक्षक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा को क्रमशः राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में पार्टी विधायक दल के नेता के चयन के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया। तीनों राज्यों में विधायक दल की बैठक इस सप्ताहांत होने की संभावना है। भाजपा एक वरिष्ठ पदाधिकारी के मुताबिक राजस्थान में विधायक दल के नेता के चयन के लिए राजनाथ सिंह के अलावा राज्यसभा सदस्य सरोज पांडे और पार्टी महासचिव विनोद तावड़े को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। भाजपा के भीतर इस बात की चर्चा जोरों पर है कि पार्टी दो बार मुख्यमंत्री रहीं वसुंधरा राजे के दावों को नजरअंदाज कर सकती है और उनकी जगह किसी नए चेहरे को राज्य की कमान सौंप सकती है। वहीं, जानकारों का कहना है कि सिंह को राजस्थान का पर्यवेक्षक इसलिए बनाया गया है क्योंकि वसुंधरा की गिनती उनके करीबियों में होती है। भाजपा के वरिष्ठतम नेताओं में शुमार सिंह से भाजपा नेतृत्व को उम्मीद है कि वह उनकी पसंद के अनुरूप मुख्यमंत्री पद पर आम सहमति बनाने में मदद कर सकते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि कई विधायकों को राजे का समर्थन करते हुए देखा जा रहा है। खट्टर के साथ पार्टी के ओबीसी मोर्चा के प्रमुख के. लक्ष्मण और राष्ट्रीय सचिव आशा लकड़ा भी मध्य प्रदेश की बैठक में शामिल होंगे, जबकि मुंडा के साथ केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और भाजपा महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम छत्तीसगढ़ के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक होंगे। मध्य प्रदेश में जहां भाजपा ने दो-तिहाई बहुमत के साथ बड़ी जीत हासिल की, वहां वर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का दावा सबसे मजबूत माना जा रहा है। पार्टी के भीतर राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की भी एक राय है। सूत्रों ने कहा कि भाजपा छत्तीसगढ़ में किसी ओबीसी या आदिवासी नेता को बागडोर सौंपने पर विचार कर रही है। सूत्रों ने कहा कि लता उसेंडी, गोमती साय और रेणुका सिंह जैसे अनुसूचित जनजाति वर्ग के नेता शीर्ष पद के लिए स्वाभाविक दावेदार हैं। प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव और नौकरशाह से राजनेता बने ओपी चौधरी भी पिछड़ी जातियों से हैं। पार्टी ऐसे समय में कम से कम एक महिला मुख्यमंत्री को चुनना चाहेगी जब प्रधानमंत्री भाजपा के लिए महिला मतदाताओं के समर्थन को लगातार रेखांकित कर रहे हैं।

## अस्पताल में इलाज, कॉलेज में प्रवेश के लिए यूपीआई से कर सकेंगे पांच लाख तक का भुगतान

**भाषा।** मुंबई

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने लोगों को राहत देते हुए शुक्रवार को अस्पतालों में इलाज और शैक्षणिक संस्थानों में दाखिले के लिए लोकप्रिय भुगतान मंच यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) के जरिए भुगतान की सीमा एक बार में एक लाख रुपए से बढ़ाकर पांच लाख रुपए कर दी है। इस पहल का मकसद चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में भुगतान को लेकर यूपीआई का इस्तेमाल बढ़ाना है। भारतीय रिजर्व बैंक ने व्यापारियों को वस्तुओं और सेवाओं के एवज में ग्राहकों की अनुमति से उनके खाते से निश्चित अवधि पर (आवर्ती भुगतान) स्वतः पैसा काटने की सीमा कुछ मामलों में मौजूदा 15,000 रुपए से बढ़ाकर एक लाख रुपए करने की अनुमति दी है। यह सीमा म्यूचुअल फंड, बीमा प्रीमियम जैसी कुछ श्रेणियों के लिए बढ़ाई गई है। इस व्यवस्था में सत्यापन की अतिरिक्त व्यवस्था (एएफए) के बिना ग्राहकों के खाते से सीधे पैसा लेने की सीमा वर्तमान में 15,000 रुपए है। इससे ऊपर के भुगतान के लिए सत्यापन की अतिरिक्त व्यवस्था की जरूरत पड़ती है। केंद्रीय बैंक ने इस प्रकार के लेन-देन की बढ़ती संख्या और व्यवस्था सुचारू होने को देखते हुए यह निर्णय किया है।



# नशे के खिलाफ विश्वविद्यालयों में गठित करें आंतरिक टीम

## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी, न्यू नोएडा डेवलपमेंट और थीम आधारित पार्कों की मुख्यमंत्री ने ली जानकारी

- अपशिष्ट प्रबंधन, स्टार्टअप्स यीडा मास्टर प्लान 2041 सहित ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे को लेकर सीएम ने अफसरों को किया निर्देशित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गौतमबुद्ध



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यहां ग्रेटर नोएडा स्थित गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी के सभागार में नोएडाए ग्रेटर नोएडाए यमुना प्राधिकरण और मेरठ मंडल की कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की समीक्षा। इस दौरान उन्होंने अवैध नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाये जा रहे प्रदेशव्यापी अभियान में विश्वविद्यालयों को भी जोड़ने की बात कही। सीएम ने विश्वविद्यालयों से अपने यहां नशे के खिलाफ इंटरनल टीम के गठन की बात कही। उन्होंने बैठक में मौजूद वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को नशे के खिलाफ चल रहे अभियान में तेजी और सख्ती लाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों के आसपास मंडराने वाले संदिग्ध लोगों की जांच.पड़ताल की जाए। विद्यार्थियों को अवैध नशे के दलदल में झोंकने वाले तत्वों को गिरफ्तार करते हुए उनकी संपत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने मेडिकल कालेजों में रिहैबिलेशन सेंटरों की स्थापना करने के भी निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन उद्यमियों ने यहां निवेश किया है उन्हें से जल्द उनके कार्यालय यहां खोलने के लिए प्रयास किये जाएं। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा करते हुए कहा कि इसमें अधिक से अधिक संख्या में नागरिकों और योजनाओं के लाभार्थियों को शामिल किया जाए। साथ ही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनीए न्यू नोएडा डेवलपमेंट और थीम आधारित पार्कों की मुख्यमंत्री ने जानकारी ली। वहीं अफसरों ने प्रेजेंटेशन के जरिए अपशिष्ट प्रबंधनए स्टार्टअप्सए यीडा मास्टर प्लान 2041 सहित नई दिल्ली.मुम्बई ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे को लेकर भी मुख्यमंत्री को जानकारी दी।

सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सेफ सिटी के अंतर्गत लगाये जा रहे सीसीटीवी की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। साथ ही कंट्रोल रूम बनाकर सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखा जाए। उन्होंने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही सभी प्राधिकरणों को जनता और जनप्रतिनिधियों के साथ निरंतर संवाद स्थापित करने की बात कही। उन्होंने प्राधिकरणों के मास्टर प्लान समय से शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इसके अलावा अवैध कब्जों को हटाने के लिए ठोस प्लान तैयार करने के लिए कहा। मुख्यमंत्री ने आईजीआरएस और राजस्व से संबंधित मामलों को समय से निस्तारित करने के सख्त निर्देश दिये। साथ ही जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई गई समस्याओं को भी गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में प्रमुख रूप से नोएडा विधायक पंकज सिंह, दादरी विधायक तेजपाल नागर, जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह, एमएलसी चंद शर्मा, मंडलायुक्त मेरठ सेल्वा कुमारी जे, पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, सीईओ नोएडा प्राधिकरण लोकेश एमए सीईओ यीडा अरुणवीर सिंह और सीईओ ग्रेटर नोएडा रवि कुमार एनजी भी मौजूद रहे।

# गोरखपुर में आज होगा 1500 बेटियों का सामूहिक विवाह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर

**शनिवार** को 1500 ऐसी गरीब बेटियों की शादी बेहद खास बनने जा रही है जिनके परिवार के लिए शादी के संसाधन जुटाना पहाड़ तोड़ने जैसा दुरूह था। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की इन बेटियों की शादी सरकार करा रही है और इसके लिए शनिवार को गोरखपुर में होने वाले भव्य समारोह में आशीर्वाद देने के लिए सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ खुद मौजूद रहेंगे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शनिवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे से महंत दिग्विजयनाथ पार्क में आयोजित भव्य समारोह में करीब 1500 गरीब बेटियों का विवाह संपन्न होगा। इस आयोजन में वैवाहिक जीवन में प्रवेश करने वाले जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रति विवाह पर सरकार की तरफ से 51 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें से 35 हजार रुपये विवाह बंधन में बंधने जा रही कन्या के बैंक खाते में अंतरित कर दिए जाते हैं। 10 हजार रुपए उपहार व शेष राशि अन्य व्यवस्थागत खर्चों के मद में है। सामूहिक विवाह के इस समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ जिले के जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी नवयुगलों को आशीर्वाद देने के लिहाज से बेहद खास होगी।

उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2017-18 से योगी सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सिर्फ गोरखपुर जिले में ही करीब छह हजार शादियां सम्पन्न करा चुकी है। सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सरकार वर-वधू को उपहार भी देती है। इसमें वधू के लिए विवाह हेतु कढ़ाई की एक साड़ी, एक चुनरी, एक डेली यूज की साड़ी, वर हेतु कुर्ता पायजामा, पगड़ी तथा माला, मुस्लिम विवाह के लिए वधू को कढ़ाई वाला सूट, चुनरी, सूट का कपड़ा, वर हेतु कुर्ता पायजामा आदि देती है। आभूषण में चांदी की पायल, बिछुआ भी प्रदान किया जाता है। गृहस्थी के समान में कुकर, जग या लोटा, थाली, गिलास, कटोरा व चम्मच, बक्सा तथा प्रसाधन सामग्री से भरी श्रृंगारदानी दी जाती है।

# टेराकोटा फाइन क्ले म्यूरल से सजेंगी अयोध्या की दीवारें

- रामायण काल के प्रमुख प्रसंगों का मनमोहक चित्रण कराएगी प्रदेश सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करने के साथ ही प्रदेश की आध्यात्मिक मूल्यों के संरक्षण के लिए संकल्पबद्ध योगी सरकार रामनगरी अयोध्या को नव्य-भव्य रूप में सजाने की कोई कसर नहीं छोड़ रही है। अयोध्या में 22 जनवरी को प्रस्तावित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पहले पूरे क्षेत्र के कायाकल्प की प्रक्रिया जारी है। इस क्रम में श्रीराम जन्म भूमि मंदिर को जोड़ने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर रामायण काल के प्रमुख प्रसंगों का मनमोहक चित्रण कराने की दिशा में योगी सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों में तेजी लाई जा रही है।

सीएम योगी की मंशा अनुसार अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों की दीवारों को टेराकोटा फाइन क्ले म्यूरल कलाकृतियों से सजाने की प्र्ाुिया शुरू करते हुए इस क्रम में रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) माध्यम से एजेंसी आबद्ध करने के लिए आवेदन मांगे हैं। एडीए का उद्देश्य अयोध्या शहर में पर्यटन को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाने का है और वह इसे सार्वजनिक निजी भागीदारी के माध्यम से करना चाहता है। उल्लेखनीय है कि एडीए ने केंद्र तथा राज्य सरकार के दृष्टिकोण को लागू करने की योजना को क्रियान्वित करना शुरू कर दिया है जिसके अनुसार वर्ष 2047 तक अयोध्या को वैश्विक आध्यात्मिक राजधानी के रूप में विकसित करने पर लक्ष्य केंद्रित किया जा रहा है। साथ ही, अयोध्या में अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा तैयार करने की दिशा में सार्थक प्रयास हो रहे हैं जिससे यह शहर प्राचीनता व आधुनिकता का जीवंत मिश्रण बन सके। एडीए के अनुसार, प्रतिष्ठित धर्म पथ रोड के किनारे टेराकोटा कलाकृतियों व भित्तिचित्रों की आगामी डिजाइन, निर्माण और स्थापना, इसकी समकालीन जीवंतता को बढ़ाने के साथ-साथ अयोध्या की विरासत को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। यह उल्लेखनीय प्रयास केवल एक मार्ग को सजाने के बारे में नहीं हैय यह परंपरा और आधुनिकता के मिश्रण का प्रतीक है जो तीर्थयात्रियों और आगंतुकों को अयोध्या के कालातीत आकर्षण का अनुभव करने के लिए स्वागत करता है। धर्म पथ सड़क के किनारे टेराकोटा भित्तिचित्रों के निर्माण से यहां आध्यात्मिक शांति की तलाश में बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों और यात्रियों को आकर्षित करेगा। ये भित्तिचित्र दृश्य इतिहास के रूप में काम करेंगे, जो पवित्र किंवदंतियों, महाकाव्यों और कहानियों का वर्णन करते हैंए जो सदियों से अयोध्या के हृदयस्थल पर अंकित हैं। ये भित्तिचित्र तीर्थयात्रियों के सांस्कृतिक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करेंगे जो पवित्र अतीत और कोलाहल भरे वर्तमान के बीच की खाई को पाटते हैं। ये भित्ति चित्र न केवल कलात्मक अभिव्यक्ति बन जाते हैं, बल्कि ज्ञान, समझ और एकता के मार्ग भी प्रशस्त करेंगे। ये शहर के सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देने के साथ ही ओपन एयर गैलरी के तौर पर भी कार्य करेंगे।

टेराकोटा भित्तिचित्र पहल ऐतिहासिक सिटी सर्किट और हेरिटेज वॉक की एडीए की रणनीति के अनुरूप है। कला, विरासत और बुनियादी ढांचे को एकीकृत करके, यह पहल ऐसे स्थान बनाने के रणनीतिक उद्देश्य को पूरा करती है जो निवासियों और यहां आने वाले तीर्थयात्रियों के बीच समान रूप से गर्व और अपनेपन की भावना पैदा करेगी। इसके अतिरिक्त यह परियोजना सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने और अयोध्या को वैश्विक पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने के एडीए के लक्ष्य में सीधे योगदान देगी। अयोध्या में 22 जनवरी को प्रस्तावित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पहले कई परियोजनाओं की पूर्ति पर तेजी से काम हो रहा है।

# विपक्ष के प्रति भाजपा नेतृत्व का विद्वेषपूर्ण रवैया पूर्णतया असंवैधानिकः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि विपक्ष के प्रति भाजपा नेतृत्व का विद्वेषपूर्ण रवैया पूर्णतया असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक है। ऐसा लगता है जैसे भाजपा ने विपक्ष की हर आवाज को कुचलने का इरादा कर लिया है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर उसे न विश्वास है और नहीं संविधान पर उसकी निष्ठा है। डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने संविधान सभा में संविधान के दुरुपयोग और एकाधिकारी प्रवत्ति के प्रति संदेह जताया था। उनका अंदेशा सही साबित होने जा रहा है।

यादव ने कहा कि भाजपा राज में अघोषित तानाशाही की प्रवृत्तियां साफ नज़र आ रही है। अच्छा हो, सत्ताधारी दल विपक्ष के लोगों की सदस्यता लेने के लिए किसी सलाहकार को रख ले जिससे मंत्रीगण और सत्तापक्ष के सांसदों और विधायकों का समय षड्यंत्रकारी गतिविधियों में न लगकर लोकहित के कार्यों में लगे। जिन आधारों पर सांसदों की सदस्यता ली जा रही है, अगर वह आधार सत्तापक्ष पर लागू हो तो शायद उनका एक दो सांसद, विधायक ही बचेगा।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा अपने विरोधियों की सदस्यता छीनने के कुचक्र के साथ उनको बदनाम करने के लिए सरकारी एजेंसियों, इनकम टैक्स, ईडी, सीबीआई आदि का इस्तेमाल करके इन संस्थाओं की विश्वसनीयता को भी नष्ट कर रही है। लोकतंत्र में ऐसी हरकतों का कोई स्थान नहीं हो सकता है।

# पूर्व सांसद सुरेंद्र पाल पाठक के पुत्र समर्थकों सहित कांग्रेस में शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस मुख्यालय पर पूर्व सांसद स्व. सुरेन्द्र पाल पाठक के सुपुत्र एवं बहुजन समाज पार्टी के पूर्व विधानसभा हरदोई प्रत्याशी शोभित पाठक एवं जनपद गोरखपुर से अजवर अहमद, संतोष कुमार, शाहिल खां, सद्दाम हुसैन अंसारी, राम ननक सिंह, ने अपने समर्थकों के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के समक्ष पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी हरदोई के अध्यक्ष आशीष सिंह, शिव भगवान एवं उप्र युवा कांग्रेस कमेटी हरदोई के जिलाध्यक्ष निर्भान सिंह यादव मौजूद रहे। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. मनीष हिंदवी ने बताया कि आए हुए सभी आगुतंकों का स्वागत करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राय ने कहा कि वर्तमान समय में हमारे देश के संविधान एवं लोकतंत्र को कमजोर करने का भारतीय जनता पार्टी द्वारा कुचक्र रचा जा रहा है जिसे हमें किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देना है। और मैं आपसे अपेक्षा रखता हूं कि आप सभी इस लड़ाई में हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करेंगे। आज जनता भाजपा की केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों को समझ चुकी है वह परिवर्तन चाह है और आने वाले समय वोट की चोट देकर भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बाहर कर कांग्रेस का शासन स्थापित करने का मन बना चुकी है।

# दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण के लिए 10 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने प्रदेश में डेयरी विकास के लिए दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण एवं उन्हें पुनर्जीवित करने की योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में 10 करोड़ रूपये की धनराशि चतुर्थ किश्त के रूप में स्वीकृत की है। यह धनराशि आगरा, मैनपुरी, जालौन (उरई), हमीरपुर, झांसी, बांदा, महोबा, लखनऊ, लखीमपुर खीरी, बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, मेरठ, रामपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, गोरखपुर, महाराजगंज, देवरिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, मऊ, प्रयागराज, प्रतापगढ़, कानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बहराइच, तथा गोंडा जनपदों के लिए स्वीकृत की गई है।

इस संबंध में दुग्ध विकास विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए योजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में सम्बन्धित जनपदों के दुग्धशाला विकास अधिकारी/ उप दुग्धशाला विकास अधिकारी तथा आहरण वितरण अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। शासनादेश में कहा गया है कि स्वीकृत धनराशि का आहरण व व्यय योजना के समय-समय पर निर्गत दिशा-निर्देशों तथा शासनादेश में निहित व्यवस्था के अनुसार किया जाएगा।

# चित्रकूट में महर्षि वाल्मीकि आश्रम के समीप बनाया जाएगा पर्यटक सुविधा केंद्रः जयवीर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**आदि** कवि महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली जनपद चित्रकूट स्थित वाल्मीकि आश्रम के निकट यात्रियों एवं पर्यटकों की सुविधा के लिए लगभग 11.21 करोड़ रुपए की लागत से एक पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण किया जाएगा। इससे यहां आने वाले पर्यटकों को सुविधा मिलेगी और साथ ही पर्यटन को बढ़ावा एवं स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह न बताया कि प्रयागराज-चित्रकूट मार्ग पर स्थित महर्षि वाल्मीकि आश्रम लालापुर में आदि ग्रन्थ रामायण महाकाव्य के प्रणेता महर्षि वाल्मीकि का आश्रम है। इस स्थल की मान्यता प्राचीन समय से तीर्थ स्थल के रूप में की जाती है। यहां बड़ी संख्या में लोग दर्शन पूजन और भ्रमण के लिए आते हैं। जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग आश्रम के निकट लगभग 11.21 करोड़ रुपए से पर्यटक सुविधा केंद्र बनाएगा। यहां सीसी रोड, पार्किंग, बागवानी, सैंड स्टोन पाथवे, ग्रेनाइट कोबल पाथवे, ट्यूबवेल, छतरी निर्माण, तालाब का विकास कार्य, म्यूरल वाल, वाल पैनलिंग, ग्रेनाइट फ्लोरिंग, फाल्स सीलिंग और साइनेज समेत कई और कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में स्थित महापुरूषों से जुड़े स्थानों का कायाकल्प किए जाने का निर्णय लिया गया है, ताकि यहां पर पर्यटक एवं श्रद्धालु आ सकें।

## सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के लिए सरकार की व्यापक तैयारी

# कमरतोड़ की जगह प्रदेश में टेबल टॉप स्पीड ब्रेकर का होगा निर्माण

## शहरों व मार्गों के सर्विस लेन पर जगह-जगह आवश्यकतानुसार लगाए जाएंगे सीसीटीवी व एएनपीआर कैमरे

- नगरीय क्षेत्रों में ई-रिक्शा, ऑटो रिक्शा व टैक्सी के पंजीकरण का किया जाएगा सत्यापन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**15** से 31 दिसंबर तक उत्तर प्रदेश में शुरू हो रहे सड़क सुरक्षा पखवाड़ा को लेकर योगी सरकार ने व्यापक तैयारियां की हैं। पखवाड़े के दौरान सड़क की देखभाल सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए रोड इंजीनियरिंग पर फोकस किया जाएगा। मार्गों पर कमर-तोड़ू स्पीड ब्रेकर के स्थान पर टेबल टॉप स्पीड ब्रेकर का निर्माण कराया जाएगा तथा उस पर थर्मोप्लास्टिक पेंट्स, कैट-आई आदि अनिवार्य रूप से लगाया जाएगा। मार्गो को गड्ढा मुक्त रखने के साथ ही क्षतिग्रस्त पटरियों एवं अवैध कट्स का सुधारीकरण भी जल्द से जल्द कराया जाएगा। यही नहीं प्रत्येक शहरों तथा मार्गों के सर्विस लेन पर जगह-जगह पर आवश्यकतानुसार सीसीटीवी कैमरे, एएनपीआर कैमरे लगाए जाएंगे। पखवाड़े के दौरान योगी सरकार का फोकस लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ ही बार-बार नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती करने का भी है।

योगी सरकार सड़क सुरक्षा के साथ-साथ इमरजेंसी केयर को लेकर भी गंभीर है। पखवाड़े के दौरान इस पर विशेष फ ोकस रहेगा। कार्ययोजना के अनुसार, एनएचएआई के टोल प्लाजा पर स्थापित मेडिकल ऐड पोस्ट को उच्चीकृत किया जाने संबंधी निर्देश दिए गए हैं। इमरजेंसी केयर के तहत, राजस्व विभाग के आपदा मित्रों एवं पेट्रोल पंप ढाबा कार्मिकों, वाहन मैकेनिक को स्वास्थ्य विभाग द्वारा फ र्स्ट रिस्पांडर प्रशिक्षण कराया जाएगा जबकि कॉमर्शियल चालकों के लिए हेल्थ कार्ड अनिवार्य रूप से जारी किए जाएंगे। ड्राइविंग लाइसेंस का नवीनीकरण बिना हेल्थ चेक-अप के न किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन के स्तर से सड़क सुरक्षा पखवाड़े की मॉनीटरिंग के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके अंतर्गत 12 अक्टूबर 2023 को अधिसूचित उत्तर प्रदेश सड़क दुर्घटना जांच योजना.2023 के क्रियान्वयन के लिए प्रत्येक जनपद में 3 या अधिक सड़क दुर्घटना, मृत्यु वाली दुर्घटनाओं की जांच के लिए दुर्घटना जांच समिति एवं जनपद स्तरीय समन्वय समिति के गठन की कार्यवाही जिला प्रशासन के स्तर पर की जाएगी। प्रदेश के समस्त सिनेमाघर और मल्टीप्लेक्स में मूवी की शुरुआत एवं इंटरवल में सड़क सुरक्षा के वीडियों अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किए जाएंगे। शराब की समस्त दुकानों (ठेके, मॉडल शॉप, बार) पर नशे की हालत में वाहन न चलाने के होर्डिंग अनिवार्य रूप से लगाए जाएंगे। शहरों एवं महत्वपूर्ण मार्गों पर अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही की जाएगी तो कोहरे के दृष्टिगत प्रभावी पेट्रोलिंग की कार्यवाही भी सुनिश्चित होगी। प्रवर्तन कार्यों की जिम्मेदारी पुलिस एवं परिवहन विभाग के जिम्मे होगी। इसके तहत सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत सुप्रीम कोर्ट की रोड सेफ्टी पर बनी कमेटी द्वारा निर्देशित अभियोग रेड लाइट जंपिंग, ओवरस्पीडिंग, वाहन चालते समय मोबाइल फ ोन का उपयोग, ओवरलोडिंग, ड्रंकन ड्राइविंग, हेलमेट/सीटबेल्ट, रांग साइड ड्राइविंग में प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। लगातार तीन बार से अधिक चालान किए गए अभियोगों में चालक के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी तथा इसके पश्चात भी ऐसे चालकों द्वारा अपराध की पुनरावृत्ति की गई तो वाहनों के पंजीयन निलंबन और निरस्तीकरण की कार्यवाही होगी। इसके अतिरिक्त मालयानों में खनन परिवहन में ओवरलोडिंग पाए जाने पर उसके उद्गम स्थल पर ही जिलाधिकारी द्वारा गठित टास्क फोर्स के माध्यम से प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की जाएगी। स्कूली वाहनों की फिटनेस की सुनिश्चितता के लिए नियमित रूप से जांच किए जाने तथा मानक अनुरूप न पाए जाने की दशा में प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही की जाएगी। विद्यालय-यान नियमावली के अनुसार स्कूली वाहनों की निर्धारित आयु के पश्चात स्कूली वाहनों के संचालन पर प्रतिबंध सुनिश्चित किया जाएगा। नगरीय क्षेत्रों में ई-रिक्शा, ऑटोरिक्शा, टैक्सी के पंजीकरण का सत्यापन किया जाएगा एवं उनके मार्ग निर्धारित किए जाएंगे। अवैध ई-रिक्शा, ऑटोरिक्शा, टैक्सी स्टैंड की पहचान की जाएगी और प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए सड़कों से हटाया जाएगा।

## सपा ने नामित किए बलरामपुर व उतरौला नगर अध्यक्ष

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल द्वारा समाजवादी पार्टी बलरामपुर नगर और उतरौला नगर के अध्यक्ष नामित किए हैं। मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि सैय्यद इंजीनियर खां को बलरामपुर नगर तथा मोहम्मद समी पटेल को उतरौला नगर अध्यक्ष नामित किया गया है।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैं बिरेन्द्र नाथ सिंह F/O सुबेदार मनोज कुमार सिंह मकान न० 409, A राजपूत नगर पो. न्यू पी० ए.सी. लाईन जिला कानपुर नगर शपथ पत्र पर घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्र के सेवा रिकार्ड मे मेरो नाम Virendra Nath Singh गलत दर्ज हो गया है। सही नाम Birendra Nath singh है । और मेरी जन्मतिथी 1.1.1956 भी गलत दर्ज हो गयी है सही जन्मतिथी 21.12. 1951 है. मेरे नाम और जन्मतिथी सही करने की आवश्क्ता है

# हाईटेक नर्सरी से स्वयं सहायता समूहों व किसानों को होगा बड़ा लाभः केशव

- कृषि और औद्यानिक फसलों के उत्पादन में होगी और अधिक वृद्धि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में किसानों को विभिन्न प्रजातियों के उच्च क्वालिटी के पौधे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इजरायली तकनीक पर आधारित हाइटेक नर्सरी तैयार की जा रही है। यह कार्य मनरेगा अभिसरण के तहत उद्यान विभाग के सहयोग से कराया जा रहा है और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की दीदियां भी इसमें हांथ बंटा रही है। इससे स्वयं सहायता समूहों को काम मिल रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि इस योजना के क्रियान्वयन से कृषि और औद्यानिक फ सलों को नई ऊंचाई मिलेगी। विशेष तकनीक का प्रयोग करके ये नर्सरी तैयार की जा रहीं हैं। सरकार की मंशा है कि प्रदेश का हर किसान समृद्ध बने और बदलते समय के साथ किसान हाईटेक भी बने। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि सरकार पौधरोपण को बढ़ावा देने के साथ बागबानी से जुड़े किसानों को भी आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का काम कर रही है। मनरेगा योजना से 150 हाईटेक नर्सरी बनाने के लक्ष्य के साथ तेजी से कार्य किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री के निर्देश व पहल पर ग्राम्य विकास विभाग ने इसको लेकर प्रस्ताव तैयार किया था, जिसको लेकर जमीनी स्तर पर युद्धस्तर पर कार्य हो रहा है। हाईटेक नर्सरी से किसानों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो रही है। प्रदेश भर में 150 हाईटेक नर्सरी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। बुलंदशहर के दानापुर और जाहिदपुर में हाईटेक नर्सरी बनकर तैयार भी हो चुकी है। 39 जिलों की 49 साइटों पर हाईटेक नर्सरी बनाने का कार्य किया जा रहा है।कन्नौज के उमर्दा में स्थित सेंटर ऑफएक्सीलेंस फॉर वेजिटेबल की तर्ज पर प्रदेश के सभी जनपदों में दो-दो मिनी सेंटर (150) स्थापित करने की कार्यवाही जारी है। किसानों को उन्नत किस्म के पौध के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। कई हाईटेक नर्सरियों में सिडलिंग प्रोडक्शन का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। नर्सरी की देख-रेख करने के लिए स्वयं सहायता समूह को जिम्मेदारी दी गई है। समूह के सदस्य नर्सरी का काम देखते हैं, जो पौधों की सिंचाई, रोग, खाद-बीज आदि का जिम्मा संभालते हैं। इसके लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। सरकार उच्च क्वालिटी व उन्नत किस्म के पौधों की नर्सरी को बढ़ावा देने के लिए तेजी से काम कर रही है।

बैंक ऑफ़ इंडिया Bank of India BOI
आंचलिक कार्यालयः "स्टार हॉउस" विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010, फोनः 0522-2721512
अधिग्रहण सूचना

यद्यपि प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 की सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की गई थी और ऋणी को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है, का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋणगृहिता के द्वारा यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणगृहिता और सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13 (4) सपठित उप नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य ग्रहण कर लिया गया है। ऋणगृहिता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद्द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है ओर निम्नलिखित सम्पत्ति का किसी प्रकार से कोई क्रय-विक्रय बैंक ऑफ इंडिया के पक्ष में देय बकाया राशि, ब्याज एवं अन्य व्यय के भार के अधीन होगा। **ऋणी को सुरक्षित परिसम्पत्ति के आधार पर धारा 13 के उपधारा (8) के प्रावधान के अन्तर्गत दिये गये समय में आमंत्रित कर रहे हैं।**

| क्र. सं. | उधारकर्ता / जमानतकर्ता का नाम व पता | बंधक सम्पत्ति का विवरण / सम्पत्ति मालिक का नाम | बकाया धनराशि (₹) धारा 13 (2) के अनुसार मांग सूचना / अधिग्रहण की तिथि |
|---|---|---|---|
| शाखा : टेढ़ी पुलिया | | | |
| 1 | **ऋणी : (1) श्री संतोष कुमार दूबे,** पुत्र श्री सभा जीत दूबे, पता : (1) मकान नंबर-4 / 103-ओ, सेक्टर-4, गोमती नगर एक्सटेंशन योजना, लखनऊ-226010 (2) 747 / आर, रामजानकी नगर, बशारतपुर, गोरखपुर- 273004 **(2) श्रीमती विभा दूबे** पत्नी श्री संतोष कुमार दूबे, 747 / आर, रामजानकी नगर, बशारतपुर, गोरखपुर- 273004 **जमानतकर्ता : (1) श्री राम चन्द्र,** पुत्र : स्व. श्री राधेश्याम , 1 / 243, विक्रांत खण्ड, लखनऊ | सम्पत्ति का सभी भाग स्थित प्लाट नंबर 4 / 103-ओ, टाइप-सी, सेक्टर-4, गोमती नगर एक्सटेंशन योजना, लखनऊ, **क्षेत्रफल** : 290.00 वर्गमीटर, **स्वामी:** श्रीमती विभा दूबे पत्नी श्री संतोष कुमार दूबे **चौहद्दी : पूर्व** : परिसर संख्या 4 / 103 एन व 9 मीटर चौड़ी सड़क, **पश्चिम** : व्यावसायिक प्लाट, **उत्तर** : व्यावसायिक प्लाट **दक्षिण** : प्लाट नंबर 4 / 103पी. | **₹ 74,53,727.23** + ब्याज व अन्य खर्च<br>डिमांड नोटिस दिनांक : 29.08.2023<br>अधिग्रहण सूचना दिनांक : 05.12.2023 |

दिनांक : 09.12.2023 स्थान : लखनऊ
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया

# बैंक मैनेजरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के डीएम ने दिए निर्देश




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जिला** नगरीय विकास अभिकरण की बैठक डीएम द्वारा की गयी। बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया की पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बैंक आफ बड़ौदा सभी कई बैंकों में पीएम स्वनिधि योजना के आवेदन अभी भी लंबित है। इस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी लंबित आवेदनों के आवेदनकर्ताओं से संवाद करके अनावश्यक से आवेदनों को लंबित रखने वाले बैंक मैनेजरों के विरुद्ध आवेदनकर्ताओं से एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए।

शुक्रवार को जिलाधिकारी लखनऊ सूर्य पाल गंगवार ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा लखनऊ की शासी निकाय की बैठक आयोजित की। बैठक में पीओ डूडा ने बताया गया की मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजनान्तर्गत नाली एवं इण्टरलाकिंग में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 193 परियोजनाओं की डीपीआर स्वीकृत के लिए सूडा भेजी जा चुकी है एवं 210 नवीन कार्यों के प्रस्ताव के लिए अनुमति प्रदान की। इसके अतिरिक्त दीन दयाल अन्त्योदय.राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वंय सहायता समूह के गठन 1325 लक्ष्यों में 720 का लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है एवं शेष 605 लक्ष्यों के पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी लखनऊ के घटक लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण नवीन के अन्तर्गत 6155 के लक्ष्य में 5852 आवास पूर्ण किये जा चुके है शेष 303 आवासों को पूर्ण किये जाने के लिए जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये। प्रधानमंत्री आवास योजना (एएचपी) घटक के अन्तर्गत उप्र आवास एवं विकास परिषद् के 7248 आवासों में 7080 आवास पूर्ण कर लिये गये। शेष 168 आवासों को पूर्ण करने के निर्देश दिये गयेए लखनऊ विकास प्राधिकरण को 9168 आवासों में 4512 आवास पूर्ण किये जा चुके है। शेष 4656 आवासों को पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। इसके बाद जिलाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेण्डर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना की भी गहन समीक्षा की गई। समीक्षा में योजनान्तर्गत प्रथम ऋण वितरण का लक्ष्य 94667 में 107694 का लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया, द्वितीय ऋण वितरण का लक्ष्य 51554 में 37764 का लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया एवं तृतीय ऋण वितरण का लक्ष्य 5478 में 2729 का लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है शेष प्रथम ऋण, द्वितीय ऋण एवं तृतीय ऋण के लक्ष्यों पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। समीक्षा में पाया गया की पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बैंक आफ बड़ौदा सभी कई बैंकों में पीएम स्वनिधि योजना के आवेदन अभी भी लंबित है। जिसके लिए जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए की सभी लंबित आवेदनों के आवेदनकर्ताओं से संवाद करके अनावश्यक रूप से आवेदनों को लंबित रखने वाले बैंक मैनेजरों के विरुद्ध आवेदनकर्ताओं के माध्यम से एफआईआर दर्ज किया जाए। साथ ही निर्देश दिया की ब्रांचवार अधिकतम पेंडेंसी वाली बैंक ब्रांचो के मैनेजरों को प्रतिदिन साय 9 बजे कलेक्ट्रेट में बुलाकर समीक्षा कराई जाएं।

## डूडा के आवासों में लाइट, पानी सहित सभी मूलभूत सुविधाएं दी जाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बसंतकुंज** में जिलाधिकारी द्वारा डूडा की आसरा याजना और पीएमवाई योजना का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा लोगों के घर जाकर संवाद भी किया गया। डीएम द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवासों में लाइट, पानी आदि सभी मूलभूत सुविधाएं मिलें।

जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने शुक्रवार को बसंतकुंज स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना और डूडा की आसरा योजना का निरीक्षण किया। जिम्मेदार अधिकारियों को अन्य सभी सुविधाएं मुहैया कराने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी सबसे पहले बसंत कुंज स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना पहुंचे। जिन परिवारों को पूर्व में मकान आवंटित किया गया था। वे इसमें रह रहे हैं। सभी आवासों में लाइट, पानी आदि सभी मूलभूत सुविधाएं मिलीं। जिलाधिकारी ने लोगों के घर जाकर संवाद भी किया। उनको उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के बारे में पूछताछ की। अधिशासी अभियंता ने बताया कि आवास के निर्माण में लगभग 14 लाख रुपये की लागत आई हैए जिसमें लाभार्थियों का अंश 4 लाख 59 हजार है। एक ब्लॉक में कुल 48 फ्लैटों का निर्माण कराया गया है। इसके बाद जिलाधिकारी देवपुर पारा स्थित आसरा योजना पहुंचे। यहां आवंटियों से मूलभूत सुविधाओं के बारे में बात की। आवंटियों ने बताया कि कॉलोनी में बिजलीए पानी की सुविधा है। जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि जिन लोगों को यहां आवास आवंटित हुए हैं। तत्काल उनके राशन कार्डों को यहां ट्रांसफर किया जाए। जिन लोगों के गैस सिलेंडर रीफिलिंग होनी है, उनके लिए व्यवस्था की जाए। कॉलोनी में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना और विद्युत कनेक्शन के कैम्प भी लगवाया जाएं, ताकि लोग अपने नाम से कनेक्शन ले सकें।

# हाईकोर्ट ने अकबर नगर में ध्वस्तीकरण पर लगाई रोक



**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**कुकरैल** नदी पर कथित रूप से अवैध कब्जा कर बसाए गए अकबर नगर के ध्वस्तीकरण पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने 20 दिसंबर तक के लिए रोक लगा दी है।

जस्टिस विवेक चौधरी एवम जस्टिस मनीष कुमार की पीठ ने यह आदेश हमीदुल बारी, सुहेल हैदर अल्वीए शकील अहमद, विष्णु स्वरूप चौरसिया, अनवर अली व मोण् सैफ खान की ओर से दाखिल अलग-अलग याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए दिया है। पीठ ने एलडीए के चेयरमैन को आदेश दिया है कि वह पहले से नियत तिथि 14 दिसंबर तक याचिकाकर्ताओं की ओर से दाखिल अपीलों के साथ स्थगन व विलम्ब माफी प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई कर उन्हें निर्णित करें। पीठ ने इसके साथ ही यह स्पष्ट भी किया है कि यदि चेयरमैन द्वारा याचिकाकर्ताओं के विरुद्ध आदेश पारित किया जाता है तो भी 20 दिसंबर तक उनके के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जाए। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ वकील जेएन माथुर ने बहस की। उनका कहना था कि याचिकाकर्ताओं ने ध्वस्तीकरण के विरुद्ध अपीलीय प्राधिकारी/चेयरमैन के समक्ष अपील की है जो 14 दिसंबर को सुनवाई हेतु नियत है। कहा गया कि उक्त अपीलों के साथ स्थगन प्रार्थना पत्र भी दाखिल किए गए हैं। लेकिन प्रार्थना पत्रों के विचाराधीन रहते ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। पीठ ने इस पर चेयरमैन को आदेश दिया कि वह 14 दिसंबर को सुबह 11 बजे अपीलों पर सुनवाई करें। पीठ ने कहा है कि सभी पक्षकारों को सुनवाई का मौका देने के पश्चात याचिकाकर्ताओं के अपीलों के साथ दाखिल स्थगन व विलम्ब प्रार्थना पत्रों को निर्णित किया जाए तथा अगले दिन 15 दिसंबर की शाम तक आदेश की प्रतियां उन्हें उपलब्ध करा दी जाएं। उनके विरुद्ध आदेश आने पर 20 दिसंबर तक कोई कार्रवाई नहीं किया जाए ताकि वो उक्त आदेश को सक्षम न्यायालय के समक्ष चुनौती दे सकें।

## पति-पत्नी की एक स्थान पर तैनाती अपरिहार्य अधिकार नहीं

- सहायक शिक्षकों के ट्रांसफर नीति में हस्तक्षेप से किया इंकार

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने अपने एक महत्वपूर्ण निर्णय में स्पष्ट किया है कि पति-पत्नी के सरकारी नौकरी में होने की स्थिति में उन्हें एक ही जगह तैनाती पर विचार किया जा सकता है लेकिन यह कोई अपरिहार्य अधिकार नहीं है। पीठ ने कहा है कि पति.पत्नी की एक स्थान पर तैनाती तभी संभव है जब इससे प्रशासकीय आवश्यकताओं को कोई हानि न पहुंच रही हो। पीठ ने इन टिप्पणियों के साथ बेसिक शिक्षा विभाग के ट्रांसफर नीति में हस्तक्षेप से इंकार कर दिया है। जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ल की एकल पीठ ने यह आदेश सैकड़ों सहायक अध्यापकों की ओर से दाखिल कुल 36 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए दिया है। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि उनके जीवन साथी राष्ट्रीयकृत बैंकों, एलआईसीए विद्युत वितरण निगमों, एनएचपीसीए भेल, इंटरमीडिएट कॉलेजों, पॉवर कॉर्पोरेशन व बाल विकास परियोजना इत्यादि पब्लिक सेक्टर्स में तैनात हैं। जबकि उनकी तैनाती अपने जीवन साथियों से अलग जनपदों में है। कहा गया कि दो जून 2023 को जारी शासनादेश के तहत जिन अध्यापकों के पति या पत्नी सरकारी सेवा में हैं उनके अन्तर्जनपदीय तबादले के लिए दस प्वाइंट्स देने की व्यवस्था की गई है। लेकिन 16 जून 2023 को पारित दूसरे शासनादेश में यह स्पष्ट किया गया कि सरकारी सेवा में उन्हीं कर्मचारियों को तैनात माना जाएगा जो संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक के अधीन हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से इसे समानता के अधिकार का उल्लंघन बताते हुए चुनौती दी गई थी। पीठ ने अपने विस्तृत निर्णय में कहा है कि सरकार की नीति में कोई अनियमितता या अवैधता नहीं है। यह भी स्पष्ट किया कि अनुच्छेद 226 की शक्तियों का प्रयोग करते हुए सरकार या बोर्ड को पॉलिसी बनाने का आदेश नहीं दिया जा सकता और न ही उपरोक्त पब्लिक सेक्टर के कर्मचारियों को सरकारी सेवा में कार्यरत माना जा सकता है। हालांकि पीठ ने दिव्यांग और गम्भीर बीमारियों से पीड़ित याचिकाकर्ताओं के मामले पर विचार करने का आदेश बेसिक शिक्षा बोर्ड को दिया है।

# वाहन से टक्कर मारने वाले अभियुक्त की जमानत अर्जी खारिज

- एसीपी के बेटे की गैरइरादातन हत्या का मामला

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**जनेश्वर** मिश्र पार्क के गेट नंबर 6 के बाहर एसीपी श्वेता श्रीवास्तव के पुत्र नामिश श्रीवास्तव की तेज गति से वाहन चलाकर गैरइरादतन हत्या करने के मामले में निरुद्ध अभियुक्त देव श्री वर्मा की जमानत अर्जी सत्र अदालत ने खारिज कर दिया है। एडीजे नरेंद्र कुमार ने प्रथम दृष्टया इसके अपराध को गंभीर करार दिया है। अभियोजन की ओर से जमानत अर्जी का विरोध करते हुए कहा गया कि लखनऊ में तैनात एसीपी श्वेता श्रीवास्तव के नौ वर्षीय पुत्र नामिश श्रीवास्तव की अभियुक्त द्वारा अपने साथी को उकसाकर वाहन को तेज गति से चलवाकर 21 नवंबर 2023 की सुबह करीब 5.30 बजे जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट नंबर 6 के बाहर टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सहारा हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस वारदात की रिपोर्ट थाना गोमतीनगर में स्वयं श्वेता श्रीवास्तव ने दर्ज कराई थी। जमानत के विरोध में अदालत को बताया गया कि वाहन स्वामी द्वारा अपने बयानों में कहा गया है कि आरोपी घटना वाली सुबह करीब 4 बजे जनेश्वर मिश्र पार्क में चाय पीने के लिए गाड़ी मांग कर ले गया था।

इसके अलावा आरोपी देव श्री वर्मा ने भी अपने बयानों में कहा है कि सार्थक सिंह के पास डीएल नहीं था फिर भी उसे गाड़ी चलाने को देकर बगल की सीट पर बैठ गया। बयानों ने कहा गया है कि सार्थक सिंह 100 की स्पीड से गाड़ी चला रहा था। तब मैंने उससे कहा कि हिम्मत हो तो 150 की स्पीड से चला कर दिखाओ। जिस पर सार्थक सिंह ने कहा था कि अगर कोई सामने आ गया तो क्या होगा। इस पर आरोपी ने उससे कहा कि अगर कोई सामने आ जाए तो साले को ठोक देना।

अदालत ने कहा है कि पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य को देखते हुए अभियुक्त को जमानत पर रिहा करने का कोई आधार नहीं है।

# विशेष निबंधन शिविर में की गयी 46 आवंटियों की रजिस्ट्री



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एलडीए** द्वारा विशेष रजिस्ट्री शिविर में 46 आवंटियों की रजिस्ट्री की गयी। रजिस्ट्री के दौरान आवंटि यों की सुविधाओं का भी ध्यान रखा गया। अपर सचिव के अनुसार रजिस्ट्री करने के दौरान 18 संपत्तियों की रजिस्ट्री के लिए फाइल तैयार की गयी है। वहीं, 17 नये आवेदन भी प्राप्त किए गए हैं।

शुक्रवार को एलडीए की विभिन्न आवासीय एवं व्यावसायिक सम्पत्तियों की रजिस्ट्री के लिए लगाये गये विशेष निबंधन शिविर के चौथे दिन 46 आवंटियों की रजिस्ट्री की गयी। जबकि 18 सम्पत्तियों की रजिस्ट्री के लिए फाइल तैयार करायी गयी। इस दौरान रजिस्ट्री के लिए 17 नये आवेदन भी प्राप्त किये गये। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा समय.समय पर विभिन्न आवासीय एवं व्यावसायिक सम्पत्तियों का आवंटन किया गया है। इनमें काफी संख्या में सम्पत्तियों की रजिस्ट्री अभी तक नहीं हो पायी है। इसे ध्यान में रखते हुए आवंटियों की सहूलियत के लिए 5 दिसंबर से 20 दिसंबर 2023 तक प्राधिकरण भवन के बारादरी लॉन में विशेष निबंधन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प में गणना, लेखा, नियोजन व सम्पत्ति अनुभाग के समस्त सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे, जिनके द्वारा आवंटियों के पक्ष में रजिस्ट्री के लिए वांछित कार्यवाही की गयी। 46 आवंटियों की रजिस्ट्री अनुमोदित की गयी। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, व्यावसायिक, बल्क सेल, बसन्तकुंज एवं शारदा नगर योजना की सम्पत्ति शामिल है।

# केजीएमयू का दीक्षांत समारोह कल, पदकों की सूची जारी

## एमबीबीएस की स्टूडेंट्स लिपिका अग्रवाल और अक्षिता विश्वनाध को मिलेंगे 9-9 पदक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**किंग** जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी का 19वां दीक्षांत समारोह रविवार को सम्पन्न होगा। समारोह में इस बार के मुख्य अतिथि के रूप में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के सचिव प्रो. अभय करंदीकर शामिल होंगे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। वहीं समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व विशेष अतिथि के रूप में राज्यमंत्री चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मयंकेश्वर शरण सिंह शामिल होंगे।

दीक्षांत समारोह को लेकर आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान विवि की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि समारोह के दौरान 1869 स्टूडेंट्स को डिग्री दी जायेगी। जिनमें 954 छात्राएं और 915 छात्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस बार जो पदक दिये जायेंगे, उनमें 13 छात्र हैं और 26 छात्राएं हैं। उन्होंने बताया कि मेडिकल में पीजी स्तर पर 30 गोल्ड मेडल और डेंटल में 4 गोल्ड मेडल तथा नर्सिंग में एक गोल्ड मेडल दिया जायेगा। इसके साथ ही स्नातक स्तर पर 2 बुक प्राइज और परास्नातक स्तर पर 2 कैश प्राइज दिये जायेंगे।



**डॉ. महेन्द्र भंडारी व प्रो. करंदीकर को मिलेगी मानद उपाधि**

प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान प्रो. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि केजीएमयू के पूर्व कुलपति रहे डॉ. महेन्द्र भंडारी और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के सचिव प्रो. अभय करंदीकर को डीएससी की मानद उपाधि समारोह के दौरान प्रदान की जायेगी।

**साल में हुए 13 लिवर ट्रांसप्लांट:** कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि संस्थान में 13 लिवर और 5 किडनी ट्रांसप्लांट के साथ 13 कांक्लियर व एक बोन मैरो ट्रांसप्लांट हुआ है। इसके साथ ही जुलाई 2022 से जून 2023 तक 30 देहदान और 44 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। उन्होंने बताया कि इस साल में विवि को नैक से ए प्लस की ग्रेडिंग के साथ एनआईआरएफ की रैंकिंग में 12वां स्थान संस्थान को दिया गया है।

**फिजियोलॉजी विभाग में एक नया मेडल शामिल:** प्रो. नित्यानंद ने बताया कि इस बार दीक्षांत समारोह में फिजियोलॉजी विभाग की प्रो. रहीं डॉ. नीना श्रीवास्तव के नाम पर नया मेडल दिया जायेगा। डॉ. श्रीवास्तव की मृत्यु के बाद उनके पति की तरफ से यह मेडल स्पांसर है। समारोह के दौरान इस बार अक्षिता विश्वनाथ व लिपिका अग्रवाल को मिलेंगे नौ-नौ मेडल प्रदान किये जायेंगे। इनमें अक्षिता अग्रवाल को संस्थान का प्रतिष्ठित हीवेट मेडल के साथ श्री गया प्रसाद टंडन मेमोरियल गोल्ड मेडल, श्री देशदीपक मेमोरियल गोल्ड मेडल, एसडीके गोल्ड मेडल, इंद्रा रानी एंड लक्ष्मी नरैन सक्सेना मेमोरियल गोल्ड मेडल, प्रो. सतीश चंद्रा दशमाना गोल्ड मेडल, लेट डॉ. राम बिहारी सिंह राठौर गोल्ड मेडल, सेल्वी मेमोरियल गोल मेडल के साथ राय बहादुर कन्नौजी लाल गोल्ड मेडल व मिसेज डीपी ट्रस्ट कैश प्राइज दिया जायेगा। वहीं एमबीबीएस की ही छात्रा लिपिका अग्रवाल को चांसलर मेडल, यूनिवर्सिटट आनर्स मेडल, प्रो. यूसी चतुर्वेदी गोल्ड मेडल, लेट प्रो. एडी इंजीनियर गोल्ड मेडल, श्रीमती कौशल्या देवी धवन मेमोरियल गोल्ड मेडल, प्रो. केबी कुंवर मेमोरियल गोल्ड मेडल, प्रो. पीसी दूबे मेमोरियल गोल्ड मेडल, प्रो. पीसी दुबे मेमोरियल गोल्ड मेडल, द गोल्ड मेडल, डॉ. आरकेडी मिश्रा मेमोरियल सेंटेनरी गोल्ड मेडल के साथ डॉ. एमी इंजीनियर बुक प्राइज, सिल्वर जुबिली रि-यूनियन एमबीबीएस बैच बुक प्राइज, मिसेज डीपी ट्रस्ट कैश प्राइज दिया जायेगा।

### बचपन से ही डॉक्टर बनने का सपना



**मेरा** बचपन से ही डॉक्टर बनने का सपना था। मैं चार से पांच घंटे प्रतिदिन पढ़ाई करती थी। मैं अपने परिवार की पहली डॉक्टर हूं। जबकि पिता प्लाईवूड का व्यापार करते हैं। फिलहाल केजीएमयू में ही रहकर काम करना है। आगे चलकर पीडियाट्रिक डाक्टर बनना है।

**डॉ. लिपिका अग्रवाल**

### पीडियाट्रिक की बेहतर डॉक्टर बनने की इच्छा



**मेहनत** कभी बेकार नहीं जाती है। यहां तक पहुंचने के लिए दस से बारह घंण्टे पढाई की। मेरे परिवार में मैं पहली डाक्टर हूं। मेरे पिता व्यापारी है। पढ़ाई में सबसे ज्यादा सर्पोट दोस्तों और परिवार का रहा। आगे चलकर पीडियाट्रिक की बेहतर डॉक्टर व शोधार्थी बनने के लिए दिन रात कड़ी मेहनत करनी है।

**डॉ. अक्षिता**

**बीडीएस में प्रांजलि सिंह को मिलेगा सात मेडल:** समारोह के दौरान बीडीएस की छात्रा प्रांजलि सिंह को डॉ. एचडी गुप्ता मेमोरियल गोल्ड मेडल एंड कैश प्राइज, प्रो. एमएन माथुर गोल्ड मेडल, डॉ. गोविला गोल्ड मेडल, डॉ. प्रदीप जयना गोल्ड मेडल, डॉ. संतोष जैन मेमोरियल गोल्ड मेडल, वेदावती शीला गोल्ड मेडल, श्री त्रिभुवन नाथ राम दुलारी मेमोरियल गोल्ड मेडल दिया जायेगा।

# एलडीए ने लालाबाग में अवैध प्लाटिंग पर चलाया बुलडोजर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एलडीए** द्वारा ठाकुरगंज में अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराया गया। एलडीए विहित प्राधिकारी द्वारा अवैध प्लाटिंग पर नोटिस भेजकर सीलिंग के आदेश दिए गए। इस आदेश पर अवर अभियंता द्वारा सीलिंग कार्रवाई की गयी।

शुक्रवार को एलडीए टीम ने ठाकुरगंज के लालाबाग में अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की। प्रवर्तन जोन.7 के जोनल अधिकारी शशिभूषण पाठक ने बताया कि हरजीत सिंहए चरनजीत सिंह व अन्य द्वारा ठाकुरगंज के लालाबाग में कानपुर रिंग रोड पर रिलायन्स ऑफिस के पास लगभग 8,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले.आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इस अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे। इस आदेश पर अवर अभियंता शशिभूषण मिश्रा व विपिन बिहारी राय द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करायी गयी। इस दौरान डेवलपर द्वारा स्थल पर विकसित की गयी सड़कें, नाली, बाउन्ड्रीवॉलए बिजली के खम्भे आदि को ध्वस्त कर दिया गया।

## मोहिबुल्लापुर में निर्माणाधीन व्यवसायिक बिल्डिंग की गई सील



**मोहिबुल्लापुर** में एलडीए द्वारा निर्माणाधीन काम्पलेक्स सील किया गया। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे इस अवैध काम्पलेक्स को विहित प्राधिकारी द्वारा नोटिस भेजकर सीलिंग के आदेश दिए थे। आदेश पर 2 हजार वर्ग फिट पर काम्पलेक्स को प्रवर्तन टीम द्वारा सीलिंग कार्रवाई की गयी। शुक्रवार को प्रवर्तन की टीम ने मोहिबुल्लापुर में अवैध रूप से निर्मित किये जा रहे एक व्यावसायिक कॉम्पलेक्स को सील किया। प्रवर्तन जोन.4 के जोनल अधिकारी रविनंदन सिंह ने बताया कि बीपी गुप्ता द्वारा मोहिबुल्लापुर में डुडौली रोड पर माकर्ण्डेय धर्मशाला के पास लगभग 2000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक उपयोग के लिए लोअर ग्राउंड समेत दो मंजिला भवन का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे इस अवैध निर्माण के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे। इस आदेश पर सहायक अभियंता अनिल कुमार, अवर अभियंता उस्मान अली व राकेश कुमार द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से अवैध निर्माण को सील कर दिया गया।

बैंक ऑफ़ इंडिया
Bank of India BOI

आंचलिक कार्यालयः "स्टार हॉउस"
विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010,
फोनः 0522-2721512

**अधिग्रहण सूचना**

यद्यपि प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 की सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना प्राप्ति न होने के कारण दिनांक 30.08.2023 को 2 समाचार पत्रों (द पायनियर – हिन्दी एवं अंग्रेजी) में प्रकाशित किया गया था और ऋणी को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है, का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋणगृहिता के द्वारा यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणगृहिता और सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13 (4) सपठित उप नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य ग्रहण कर लिया गया है। ऋणगृहिता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद्द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है ओर निम्नलिखित सम्पत्ति का किसी प्रकार से कोई क्रय-विक्रय बैंक ऑफ इंडिया के पक्ष में देय बकाया राशि, ब्याज एवं अन्य व्यय के भार के अधीन होगा। **ऋणी को सुरक्षित परिसम्पत्ति के आधार पर धारा 13 के उपधारा (8) के प्रावधान के अन्तर्गत दिये गये समय में आमंत्रित कर रहे हैं।**

| क्र. सं. | उधारकर्ता/जमानतकर्ता का नाम व पता | बंधक सम्पत्ति का विवरण/सम्पत्ति मालिक का नाम | बकाया धनराशि (₹) धारा 13 (2) के अनुसार मांग सूचना/अधिग्रहण की तिथि |
|---|---|---|---|
| शाखा : टेढ़ी पुलिया | | | |
| 1 | **ऋणी : श्री रवि सिंह,** पुत्र श्री अरूण कुमार सिंह, मकान नंबर-7/319, सेक्टर-7, विकास नगर, लखनऊ **जमानतकर्ता : (1) श्री अरूण कुमार सिंह,** मकान नंबर-7/319, सेक्टर-7, विकास नगर, लखनऊ **(2) श्रीमती माधुरी सिंह,** मकान नंबर- 7/319, सेक्टर-7, विकास नगर, लखनऊ **(3) श्री रोहित सिंह,** मकान नंबर- 7/319, सेक्टर-7, विकास नगर, लखनऊ **(4) श्री राहुल सिंह,** मकान नंबर- 7/319, सेक्टर-7, विकास नगर, लखनऊ | सम्पत्ति का सभी भाग स्थित ईडब्लूएस मकान संख्या 7/319, विकास नगर, लखनऊ, **क्षेत्रफल** : 43.28 वर्गमीटर, **स्वामी**: श्री अरूण कुमार सिंह **चौहद्दी : पूर्व** : 6 मीटर चौड़ी सड़क, **पश्चिम** मकान नंबर 7/297, **उत्तर** : 6 मीटर चौड़ी सड़क, **दक्षिण** : मकान नंबर 7/297/16. | ₹ 11,54,293.36 + ब्याज व अन्य खर्च<br>डिमांड नोटिस दिनांक : 07.08.2023<br>अधिग्रहण सूचना दिनांक : 05.12.2023 |

दिनांक : 09.12.2023 स्थान : लखनऊ
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया

# निर्माणाधीन परियोजनाओं में गुणवत्ता का पालन नहीं तो कार्रवाई तय

● कहा, तय टाइमलाइन से देर हुआ काम तो लगेगी पेनॉल्टी, तीन बार से अधिक पेनॉल्टी लगी तो ब्लैक लिस्ट करें फर्म

● एक साथ होगा 13 जिलों के मेडिकल कॉलेजों का होगा उद्घाटन

## मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव व प्रमुख सचिव के साथ की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने व्यापक जनहित से सम्बंधित निर्माण परियोजनाओं को तेजी के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव व प्रमुख सचिवों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट की समयबद्धता और गुणवत्ता के साथ किसी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता। हर परियोजना में अनिवार्य रूप से इनका पालन किया जाना चाहिए। विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जनपद चंदौली, बुलन्दशहर, बिजनौर, ललितपुर, पीलीभीत, कानपुर देहात, गोंडा, औरैया, लखीमपुर खीरी, कौशाम्बी, कुशीनगर, सुल्तानपुर, सोनभद्र मेडिकल कॉलेजों में आगामी सत्र से एमबीबीएस में प्रवेश होना है। इन सभी 13 मेडिकल कॉलेजों के निर्माण कार्य को प्रत्येक दशा में जनवरी के अंत तक पूरा करा लिया जाए। हैंडओवर लेने से पूर्व कार्य की गुणवत्ता की सूक्ष्मता से जांच की जाए। इन सभी मेडिकल कॉलेजों का शुभारंभ एक साथ हो, इस लक्ष्य के साथ तेजी से काम पूरा कराएं। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के भवन निर्माण को इसी माह में पूरा करा लें जबकि महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, गोरखपुर और अमेठी मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्यों को तेज करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर, राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़, महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ में अध्ययन-अध्यापन प्रारंभ हो चुका है। आगामी सत्र से यह सभी विश्वविद्यालय अपने परिसर में संचालित हों, इसके लिए इनका निर्माण कार्य आगामी 31 जनवरी तक पूरा करा लिया जाए। फर्नीचर आदि की उपलब्धता समय से करा लें।

सीएम योगी ने निर्देश दिए कि सैनिक स्कूल, गोरखपुर का काम जनवरी और यूनानी मेडिकल कॉलेज, बरेली के निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए आगामी फरवरी तक पूरा करा लें। सांस्कृतिक सद्भावना केंद्र, रामपुर का निर्माण कार्य की गति अपेक्षानुरूप नहीं है। इसमें तेजी अपेक्षित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण परियोजनाओं में देरी न केवल लागत में वृद्धि का कारण बनती है, बल्कि लक्षित वर्ग को समय पर लाभ से वंचित भी करती है। मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय, कारागार सहित निर्माण कार्य से जुड़ी किसी भी परियोजना का बजट पुनरीक्षण न किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक अपर मुख्य सचिव व प्रमुख सचिव अपने विभाग की निर्माणाधीन परियोजनाओं की पाक्षिक समीक्षा करें। कार्य में देरी हो, मासिक टाइमलाइन का पालन न हुआ हो, गुणवत्ता मानक के अनुरूप न हो तो तत्काल जवाबदेही तय करें। समयबद्धता और गुणवत्ता का मानक पूरा न करने वाली फर्म पर पेनॉल्टी लगाई जाए। यदि तीन बार पेनॉल्टी लगानी पड़े तो संबंधित फर्म को ब्लैक लिस्ट कर दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 जनपदों में प्रस्तावित जिला न्यायालय के निर्माण के लिए भूमि चयन, कंसल्टेंट चयन डीपीआर आदि की प्रक्रिया में विलंब न हो। नियोजन विभाग द्वारा इसे शीर्ष प्राथमिकता दी जाए।

# भारतीय वन सेवा के नवागत अधिकारियों ने मंत्री से की शिष्टाचार भेंट



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**वन,** पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना से शुक्रवार को भारतीय वन सेवा, उत्तर प्रदेश संवर्ग 2021 बैच के अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। भेंट करने वालों में बी. शिव शंकर, जयन्त भीमराव शेन्दे, स्वाति, तापस मिहिर, वन्दना एवं शुभम सिंह शामिल थे। इस अवसर पर डॉ. सक्सेना द्वारा उन्हें शुभकामनाएं देते हुए जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील होने, उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण तथा वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध होने का संदेश दिया। नवागत वनाधिकारियों द्वारा मंत्री को इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून तथा विभिन्न प्रभागों में प्राप्त फील्ड प्रशिक्षण के बारे में अवगत कराया गया। यह वनाधिकारी आन्ध्र प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र एवं उत्तर प्रदेश राज्य से आते हैं।

# मुख्यमंत्री आज गोरखपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का करेंगे नेतृत्व

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**'विकसित** भारत संकल्प यात्रा' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को जन-जन के मन तक पहुंचा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को गोरखपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का नेतृत्व करेंगे। जबकि केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अमेठी में यात्रा के माध्यम से जनसंवाद करेंगी।

'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के माध्यम से गांव, गली, मजरे, चौपालों पर पहुंचकर लाभार्थियों को सम्मानित किया जा रहा है और विभिन्न योजनाओं से अब तक छूटे हुए पात्र व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सूची तैयार की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन-जन की समृद्धि से राष्ट्र की समृद्धि के विचार के संवाहक के रूप में यात्रा अपने सफर पर आगे बढ़ रही है। गरीब को आवास, पेयजल, रोजगार, चिकित्सा, सुरक्षा, शिक्षा के लिए मोदी की गारन्टी के साथ यात्रा देश के विकास में सबकी भागीदारी के लिए सबको जोड़ रही है। प्रदेश महामंत्री एमएलसी श्री सुभाष यदुवंश ने जानकारी देते हुए बताया कि 9 दिसम्बर शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को गोरखपुर में विकासित भारत संकल्प यात्रा का नेतृत्व करेंगे। जबकि केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अमेठी में यात्रा के माध्यम से जनसंवाद करेगी। यदुवंश ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा जालौन, सांसद संतोष गंगवार बरेली, हेमामालिनी मथुरा, सुब्रत पाठक रसूलाबाद, कानपुर देहात, रामशंकर कठेरिया सिकन्दरा कानपुर देहात, राजकुमार चाहर फतेहपुर सीकरी, सतीश गौतम अलीगढ़, रामसकल राजभर मीरजापुर, सीमा द्विवेदी जौनपुर, रमेश बिन्द भदोही में यात्रा में सम्मिलित रहेंगे।

# राजधानी में 54 कंपनियां 6 हजार से ज्यादा युवाओं को देंगी रोजगार

● 11 दिसंबर को राजकीय आईटीआई में होगा रोजगार दिवस का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार मिशन रोजगार के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने का काम कर रही है। रोजगार मेलों के माध्यम से हजारों युवाओं को रोजगार के साधन उपलब्ध हो रहे हैं। इसी क्रम में 11 दिसंबर को राजकीय आईटीआई में रोजगार दिवस का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें युवाओं को 54 कंपनियों में 6352 पदों पर रोजगार के अवसर प्रप्त होंगे। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि 11 दिसम्बर 2023 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में रोजगार दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 54 कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट आफिसर एमए खां ने बताया कि कंपनी में अभ्यर्थी की विभिन्न पदों के लिए अलग-अलग योग्यता की आवश्यकता है। इसके लिए आयुसीमा 18 से 45 वर्ष तथा हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक, परास्नातक एवं बी-टेक वाले ही प्रतिभाग कर सकते है। वेतन 10000 से 40000 रुपए प्रतिमाह एवं अन्य सुविधाएं कंपनियों द्वारा प्रदान की जाएंगी। उन्होंने बताया कि मेले में महिला व पुरुष दोनो अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। कुल 6352 पदों पर चयन किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 11 दिसंबर 2023 को अपने बायोडाटा के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों को संलग्न करते हुए प्रात: 9 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ परिसर में उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

# 11 व 12 को लखनऊ में रहेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू 11 व 12 दिसंबर को दो दिवसीय दौरे पर लखनऊ आ रही हैं। राष्ट्रपति 11 दिसंबर की शाम लखनऊ पहुंचेंगी। दो दिवसीय दौरे के दौरान राष्ट्रपति 11 को लखनऊ में डिवाइन हार्ट फाउंडेशन के स्थापना दिवस समारोह व 12 को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आईआईटी के दूसरे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगी। राष्ट्रपति लखनऊ प्रवास के दौरान राज भवन में रहेंगी और इस दौरान राज भवन में मिनी राष्ट्रपति कार्यलय बनेगा। राष्ट्रपति दिल्ली से विशेष विमान से 11 दिसंबर को शाम 4.50 पर लखनऊ पहुंचेंगे। यहां राष्ट्रपति का वीआईपी हैंगर में स्वागत होगा, उसके बाद राष्ट्रपति एयरपोर्ट से सीधे डिवाइन हार्ट फाउंडेशन के कार्यक्रम स्थल जाएंगी। जहां वह शाम 5.25 से लेकर शाम के 7 बजे तक रहेंगी। इसके बाद राष्ट्रपति राज भवन के लिए रवाना हो जाएंगी। जहां वह रात्रि विश्राम करेंगी। अगले दिन 12 तारीख को सुबह राष्ट्रपति राज भवन से 10.20 पर निकलेंगी और 10.40 बजे इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पहुंचेगी। यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आईआईआईटी के दूसरे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगी। यहां पर कार्यक्रम समाप्त होने के बाद राष्ट्रपति सीधे एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगी। जहां से विशेष विमान के जरिए वह दिल्ली पहुँचेंगी।

**एसजीपीजीआई से लेकर सिविल, आरएमएल, एलबीआरएन में कमरा रिजर्व:** राष्ट्रपति के आगमन के मद्देनजर जिला प्रशासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की तरफ से एसजीपीजीआई से लेकर आरएमएल, सिविल और एलबीआरएन में एक कमरा रिजर्व रखा गया है। यह आईसीयू की सभी सुविधाओं से लैस है।

## 11 दिसम्बर को बहुभाषीय कवि सम्मेलन का होगा आयोजन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम् एवं उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान द्वारा सुब्रह्मायम भारती प्रख्यात तमिल कवि एवं स्वतंत्रता सेनानी के जन्म जयन्ती के अवसर पर 75 दिसवीय भारतीय भाषा उत्सव समापन समारोह के अन्तर्गत बहुभाषीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। यह कार्यक्रम 11 दिसम्बर 2023 अपरान्ह 4 बजे उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम् ऑडिटोरियम, नया हैदराबाद, लखनऊ में होगा। निदेशक उप्र संस्कृत संस्थानम् विनय श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जितेन्द्र कुमार अपर मुख्य सचिव, भाषा विभाग उपस्थित होगें। कार्यक्रम में कविगण अरूण जेमिनी, नई दिल्ली, शबीना अदीब, कानपुर, डॉ. सर्वेश अस्थाना, लखनऊ, डॉ. मालविका हरिओम, लखनऊ, डॉ. प्रशस्य मित्र शास्त्री, रायबरेली, डॉ. श्लेष गौतम, प्रयागराज, पंकज प्रसून, लखनऊ, मनमोहन सिंह तन्हा, प्रयागराज, सुप्रभा सुरेश, लखनऊ, इनाक्षी सिन्हा, लखनऊ, तुषा शर्मा, मेरठ तथा शिखा श्रीवास्तव लखनऊ सम्मिलित होंगे।

## सामूहिक विवाह में 191 जोड़े हुए सम्मिलित



**लखनऊ।** जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय मोहान रोड में सीएम सामूहिक वैवाहिक कार्यक्रम हुआ। सीएम सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कुल 191 जोड़े सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजानान्तर्गत जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय मोहान रोड में वैवाहिक कार्यक्रम हुआ। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 168 जोड़े अनुसूचित जाति के, 2 जोड़े सामान्य वर्ग के 18 जोड़े पिछड़ा वर्ग के और 3 जोड़े अल्पसंख्यक वर्ग के कुल 191 जोड़े सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक मलिहाबाद जयदेवी द्वारा गणेश पूजन से किया गया और सभी जोड़ों को आर्शीवाद प्रदान किया गया। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख के साथ अन्य मुख्य गणमान्य अतिथि गण एवं मुख्य विकास अधिकारी लखनऊ के साथ अन्य जिलास्तरीय अधिकारी और समस्त खण्ड विकास अधिकारी, नगर निगम एवं समस्त सहायक विकास अधिकारी के साथ अन्य विभागीय अधिकारी/कर्मचारी भी उपस्थित रहे। विवाह समारोह शान्तिपूर्ण ढंग से हुआ।

# मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को जनेश्वर मिश्र पार्क का कराया भ्रमण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजकीय** बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं को जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा जनेश्वर मिश्र पार्क का भ्रमण कराया गया। छात्राओं को भ्रमण बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ योजना का संदेश प्रबलता से प्रसारित करने और समाज की बालिकाओं के प्रति मानसिकता में सकारात्मक परिवर्तन के लिए गतिविधियों के संचालन लिए किया गया।

ज़िलाधिकारी लखनऊ के निर्देशानुसार 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत मिशन शक्ति 4.0, 1 से 15 दिसम्बर विशेष अभियान पखवाड़ा में ज़िला प्रोबेशन अधिकारी, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, विनय खण्ड, गोमती नगर की छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत गोमती नगर थाना (महिला हेल्प डेस्क ) एवं जनेश्वर मिश्र पार्क भ्रमण कराया गया। भ्रमण का उद्देश्य महिला हेल्प डेस्क की कार्य पद्धति को समझना तथा बालिकाओं में आत्मविश्वास विकसित करना है । बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार की एक फ्लैगशिप योजना है। यह योजना प्रधानमंत्री द्वारा 22 जनवरी 2015 को प्रारम्भ की गयी, जिसका मुख्य उद्देश्य गिरते बाल लिंग अनुपात में कमी को रोकना, कन्या भ्रुण हत्या को रोकना और बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देना है।

योजना के दिशा.निर्देशों के अनुरूप जनपद स्तर पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का संचालन किया जाना है। बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ योजना का संदेश प्रबलता से प्रसारित करने और समाज की बालिकाओं के प्रति मानसिकता में सकारात्मक परिवर्तन के लिए गतिविधियों का सघन संचालन अत्यन्त उपयोगी होता है। इसके अतिरिक्त महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाएं यथा.निराश्रित महिला पेंशन, उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनाए स्पॉन्सरशिप आदि योजनाओं का आम.जनमानस के मध्य प्रचार.प्रसार करते हुए योजनाओं की आच्छादता, पात्रता के लिए अर्हताएं, मापदण्ड, आवेदन प्रक्रिया आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी, जिसमें मुख्यत: मुख्यमंत्री की शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की छह श्रेणियों, योजना की पात्रता के लिए अर्हताएं, आवेदन के लिए आवश्यक अभिलेख और आवेदन की प्रक्रिया के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी गयी।

# लविवि में मारपीट के आरोप में चार छात्र निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय प्रशासन ने मारपीट के आरोप में चार छात्रों को निलंबित कर दिया है। निलंबित छात्रों को छात्रावास खाली करने के साथ ही स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये गये हैं।

महमूदाबाद छात्रावास में शारीरिक शिक्षा के छात्र सूरज, हिमांशु सिंह रह रहे हैं। सूरज ने गुरुवार को कुछ दोस्तों को पार्टी दी थी। उसने हिमांशु को नहीं बुलाया था। इस बात पर वह गुस्सा था। आरोप है कि हिमांशु कुछ साथियों के साथ सूरज के पास पहुंचा था। उसके साथ मारपीट की। हाथ में पहनने वाले कड़े से सिर पर वार कर लहूलुहान कर दिया था। सूरज के सिर में टांके भी आए थे। इस मामले में सूरज ने हिमांशु पर हसनगंज पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हसनगंज पुलिस ने आरोपित हिमांशु को शुक्रवार को शांतिभंग में गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य कुलानुशासक प्रो राकेश द्विवेदी ने बताया कि आरोपित छात्र को जांच पूरी होने तक निलंबित कर 48 घंटे में छात्रावास खाली करने को कहा है।

### हबीबुल्लाह में छात्र को लहूलुहान करने वाले तीन छात्र निलंबित

मुख्य कुलानुशासक ने 25 नवंबर को हुई हबीबुल्लाह छात्रावास के मामले में भी छात्रों का निलंबन किया है। घटना में छात्र पर जानलेवा हमला कर लहूलुहान करने के आरोप में बीकॉम के छात्र आलोक, अंचल कुमार, प्रियांशु गुप्ता को निलंबित करने का आदेश दिया गया है। उन्हें दो दिनों के भीतर छात्रावास खाली करने को कहा है।

# अवधी गीतों संग देश भक्ति नृत्य ने किया मंत्र मुग्ध

● लक्ष्मणपुर अवध महोत्सव द्वितीय सांस्कृतिक संध्या

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रगति** पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट एवं प्रगति इवेंट के संयुक्त तत्वावधान में अवध शिल्प ग्रामए अवध विहार योजना शहीद पथ लखनऊ में चल रहे 5वें लक्ष्मणपुर अवध महोत्सव की द्वितीय सांस्कृतिक संध्या में अवधी गीतों संग देश भक्ति नृत्य ने मंत्र मुग्ध किया।

इसके पूर्व लक्ष्मणपुर अवध महोत्सव की द्वितीय सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह और एनण्बीण् सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर पवन पालए हेमा खत्रीए शालिनी श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

वीरवर लक्ष्मण को समर्पित लक्ष्मणपुर अवध महोत्सव की आज की संध्या का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। विघ्न विनाशक भगवान गणेश जी के चरणों में समर्पित इस प्रस्तुति के उपरान्त बाल नृत्यांगना रिद्धिमा कौशल ने हिंडोला कुँज वन डालो झूलन आई राधिका प्यारी पर भाव पूर्ण अभिनय युक्त अवधी लोकनृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। हृदय को हर्षातिरेक से भर देने वाली इस प्रस्तुति के उपरान्त अकिंता बाजपेयी के नृत्य निर्देशन में नृत्य मंथन स्कूल ऑफ डांस के कलाकारों अद्विका, अयान, सार्थक, सैम, साक्क्षी, कास्वी, अनाम, आराध्या, संचिता, आयत और पलक ने देश रंगीला रंगीला देश मेरा रंगीला जैसे अन्य गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर लोगों में देशप्रेम की भावना जागृत की। देश भक्ति से परिपूर्ण इस पेशकश के पश्चात अरविन्द सक्सेना के संचालन में नन्ही कोमल कोपलों अग्रिमा द्विवेदीए आशी सिंहए मन्नतए कनिकाए आराध्या यादवए श्रव्याए आनन्दीए आनन्दतए जीविकाए मिहीकाए रिद्धिए उपन्या और सृष्टि ने रंग बिरंगे वस्त्रों में कैटवाक कर दर्शकों की असंख्य तालियां बटोरीं। मन को मोह लेने वाली इस प्रस्तुति के उपरान्त आशी ने गरबा नृत्य की मोहक प्रस्तुति दी। इसी क्रम में अग्रिमा ने खलासी और आराध्या ने बावन गज का लहंगा पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। इसके अलावा अवंतिका श्रीवास्तव और अग्रिम राज श्रीवास्तव ने अवधी गीतों की रस सरिता प्रवाहित की। लक्ष्मणपुर अवध महोत्सव में खुर्जा की पॉटरी, सहारनपुर का फर्नीचरए वुड कार्विंग, स्थानीय हैन्डीक्राफ्ट के साथ घरेलू और स्वयं सहायता समूहों के उत्पादए कालीन इत्यादि के स्टाल आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं जिस पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है इसके अलावा बच्चों और युवाओं को झूले बहुत भा रहे हैं।

# देश ने गरीबी उन्मूलन में सराहनीय प्रगति हासिल की: डॉ. राजेश्वर सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भारतीय** जनता पार्टी विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने वैश्विक असमानताओं, चुनौतियों के बावजूद गरीबी उन्मूलन में भारत की अभूतपूर्व प्रगति पर आंकड़ों के माध्यम से ध्यान आकर्षित किया। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने एक विचारोत्तेजक वक्तव्य में बढ़ती वैश्विक असमानताओं की चिंताजनक प्रवृत्ति पर प्रकाश डाला, जो वैश्विक विकास और मानव कल्याण दोनों के लिए खतरा है। चौंकाने वाले आँकड़ों का हवाला देते हुए, डॉ. सिंह ने इस बात पर ज़ोर दिया कि दुनिया की सबसे अमीर 10 प्रतिशत आबादी वैश्विक संपत्ति का 76 प्रतिश होने का दावा करती है, जबकि सबसे गरीब आधे लोगों के पास कुल संपत्ति का बमुश्किल 2 प्रतिशत है। इस पर उन्होंने वैश्विक कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया।

लिंग के आधार पर आय अंतर की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि काम से कुल आय में महिलाओं की हिस्सेदारी निराशाजनक रूप से कम बनी हुई है 1990 के बाद से आंकड़ों में न्यूनतम सुधार हुआ है। इस संदर्भ में विधायक ने आर्थिक भागीदारी में लैंगिक समानता की दिशा में ठोस प्रयासों की आवश्यकता को रेखांकित किया। डॉ. संह ने बताया कि इन वैश्विक चुनौतियों के बावजूदए भारत ने गरीबी उन्मूलन में सराहनीय प्रगति हासिल की है, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व को जाता है। उल्लेखनीय रूप से लगभग 13.5 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से उबर चुके हैं। अकेले उत्तर प्रदेश में 3.43 करोड़ लोगों के जीवन में बदलाव आया है। डॉ. राजेश्वर सिंह की मार्मिक टिप्पणियाँ असमानताओं के गंभीर वैश्विक मुद्दे पर प्रकाश डालती हैंए जबकि गरीबी उन्मूलन में भारत की उल्लेखनीय प्रगति को स्वीकार करते हुए, अधिक न्यायसंगत और समावेशी समाज बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास करने का आग्रह करती हैं।

# रालोद की प्रदेश कार्य समिति की बैठक आज, शामिल होंगे जयंत चौधरी

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि शनिवार को राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश कार्यसमिति की एक बैठक बुलाई गई है, जिसमें राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चौधरी जयन्त सिंह मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि बैठक में प्रदेश कार्यसमिति के अतिरिक्त राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष, संगठन महासचिव, मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष महानगर अध्यक्ष, विधायकगण, पूर्व सांसद पूर्व विधायक के अतिरिक्त प्रमुख लोग भाग लेंगे। राय ने कहा कि बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी के स्वरूप चर्चा, किसानों की दुर्दशा और बदहाली से मुक्ति के लिए एमएसपी पर कानून एवं गन्ना किसानों की समस्याओं पर वृहद चर्चा, 23 दिसम्बर 2023 किसान मसीहा श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह जयन्ती से 24 जनवरी 2024 जननायक स्व कर्पूरी ठाकुर की जयन्ती तक लोक जागरण अभियान, प्रदेश में खाली पड़े सरकारी पदों पर स्थाई भर्ती किये जाने एवं छात्रसंघ चुनाव की बहाली पर चर्चा तथा इसके अतिरिक्त राजनैतिकए कृषि एवं आर्थिक प्रस्ताव पर चर्चा होगी। रालोद प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह के विचारों को आगे बढ़ाते हुये निरन्तर किसानों और मजदूरों के लिए संघर्ष कर रहा है। कृषि और किसान के प्रति सरकार की उदासीनता से प्रदेश भर का किसान हताश और निराश है। कृषि पर लागत मूल्य बढ़ने से किसानों का लागत मूल्य बढ गई है। गन्ना किसानों को बहुत उम्मीद थी लेकिन सरकार ने उनके साथ छल किया है। पार्टी द्वारा इस बैठक के बाद क्षेत्रवार तथा मण्डलवार भी बैठक आयोजित की जायेगी और भारतीय जनता पार्टी की जनविरोधी नीतियों को जनता के सामने पर्दाफाश किया जायेगा।

# नदियों को संरक्षित रखना हम सबका कर्तव्य: स्वतंत्र देव सिंह

● जल निगम, ग्रामीण के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन का जल शक्ति मंत्री ने किया उद्घघाटन

● गंगा स्वछता में योगदान दें रहीं जागरूक महिलाओं को किया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**नमामि** गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के तहत शुक्रवार को जल निगम (ग्रामीण) के प्रेक्षागृह में गंगा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें राज्य के विभिन्न जनपदों में गंगा सफ ाई के लिऽ कार्य करने वाली स्वयंसेवी संस्थाओंए गंगा समितियों में कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व प्रमुख सचिव नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग अनुराग श्रीवास्तव ने महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में जल निगम, ग्रामीण के प्रबंध निदेशक डॉ. बलकार सिंह भी मौजूद रहे। इस अवसर पर देश में जल जीवन मिशन के राष्ट्रीय सर्वेक्षण में शानदार प्रदर्शन करने वाले यूपी के विभिन्न जिलों के अधिकारियों को भी जल शक्ति मंत्री ने सम्मानित किया।

जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि पिछले 10 सालों में मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश की सभी नदियों की स्थिति सुदृढ़ और प्रवाह निर्मल हुआ है। अविरल नदियां मूल प्राकृतिक संसाधन हैं। इन नदियों को संरक्षित रखना हम सबका कर्तव्य है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद गंगा स्वछता के लिये योगदान देने वाली महिलाओं के कार्य को सराहनीय बताते हुए कहा कि नदी स्वच्छता में इनके प्रयास से व्यापक परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि जनसहयोग बिना गंगा सफ ाई का कार्य नहीं हो सकता। जल शक्ति मंत्री ने कहा कि यूपी में शहरी सीवरेज, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन ने प्रगति की है। छोटी नदियों का कायाकल्प हो रहा है। जनता को जागरूक करने के प्रयास हो रहे हैं। प्रगति का जो जश्न हम आज मना रहे है वो महिलाओं के समर्पण और साहयोगात्मक प्रयास का ही परिणाम है। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने गंगा सफ ाई की जागरूकता को राज्य के घर-घर तक पहुंचाने के अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने महिलाओं को उनके गंगा सफाई कार्य में योगदान के लिये बधाई दी। उन्होंने कहा कि जहां पहले नदियों में 5500 करोड़ प्रति लीटर सीवेज होता था उसमे से 20 से 25 प्रतिशत ही ट्रीट होता था वहीं आज 3500 एमएलडी सीवेज हम ट्रीट कर रहे हैं, अगले डेढ़ सालों में यूपी में जो सीवेज ट्रीटमेंट के प्रोजेक्ट अधूरे हैं वो सभी तैयार हो जायेंगे।

जल शक्ति मंत्री ने जल निगम, ग्रामीण में इस अवसर पर आयोजित नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग कि योजनाओं की समीक्षा बैठक में अधिकारियों से गांव-गांव में पंप हाउस परिसरों जल चौपाल लगाने के निर्देश दिए। इन जल चौपाल में ग्रामीणों के साथ जल निगम, ग्रामीण के अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता उपस्थित रहेंगे और जल सप्लाई की निरंतर निगरानी होगी।

# जिला गजेटियर की तैयारी

## समिति की बैठक में हुआ मंथन

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में गुरुवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गजेटियर तैयार करने हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जिला गजेटियर तैयार किये जाने हेतु 11 अध्यायों की प्रश्नावली तैयार की गयी है जिन पर जनपद स्तर पर सूचनायें संकलित कराकर जिला गजेटियर अभिलिखित किया जाना है। जिला गजेटियर डायनमिक रूप से तैयार किया जायेगा जिसमें आवश्यकतानुसार अपडेशन की कार्यवाही भी समय से की जा सके। जिला गजेटियर डिजिटल फार्म में तैयार करके प्रकाशन हेतु जिला गजेटियर विभाग उ0प्र0 को उपलब्ध कराया जाना है। जिला गजेटियर द्वारा राज्य स्तर पर सलाहकार परिषद, सलाहकार परिषद की उप समिति आदि में प्रस्तुत कर जिला गजेटियर का प्रकाशन कराया जायेगा।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता द्वारा बताया गया कि जिला गजेटियर तैयार किये जाने हेतु 11 अध्यायों क्रमशः 1. सामान्य परिचय, 2. इतिहास, कला एवं संस्कृति, 3. लोक एवं समाज, 4. जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, न्याय व्यवस्थ एवं अन्य विभाग, 5. कृषि, बागवानी, सिंचाई एवं संलग्न गतिविधियॉ, 6. आर्थिक परिदृश्य (उद्योग, बैंकिंग, व्यापार एवं वाणिज्य तथा विविध व्यवसाय), 7. राजनीतिक परिदृश्य एवं स्थानीय स्वशासनए 8. शिक्षा, 9. चिकित्सा तथा जन स्वास्थ्य सेवायें, 10. पर्यटन, परिवहन एवं संचार तथा 11. विविध की प्रश्नावली तैयार की गयी है।

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को नोडल एवं सह नोडल बनाने के निर्देश दिये और कहा कि जो पुराना गजेटियर है उसका अवलोकन किया जाये जिससे जनपद की एक अच्छी गजेटियर तैयार हो सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी डीएन सिंह, उपकृषि निदेशक डा. एलबी यादव, एआरटीओ सर्वेश सिंह, डीपीआरओ श्रीकांत यादव, बीएसए संजय तिवारी, डीआईओएस रीता सिंह सहित जिला गजेटियर समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# पीएम से ग्राम प्रधान तक की योजनाओं का मिले पात्रों को लाभः अजीत रावत




**सोनभद्र।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत सदर ब्लाक क्षेत्र के भड़कना गांव में शुक्रवार को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाते हुए पात्र व्यक्तियों को आवास के चाबी वितरित किए गए। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया वहीं श्री रावत ने आए हुए ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि हर गांव में कैंप के माध्यम से पात्र व्यक्तियों को उनका पत्र स्वीकृत करने का कार्य किया जा रहा है विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से भड़कना गांव में 675 लाभार्थियों में कार्ड वितरित किया गया वही किसान सम्मान निधि के पांच व्यक्ति आयुष्मान कार्ड के 5 लाभार्थी मौजूद रहे श्री रावत ने बताया कि सरकार की मंशा है हर घर खुशहाली लाना है जिसके तहत अभियान चलाकर लोगों के घरों तक पहुंचने का काम भाजपा सरकार कर रही है इस मौके पर नोडल अधिकारी धनंजय कुमार सिंह ,खंड शिक्षा अधिकारी रावर्टसगंज, महेंद्र नाथ पाण्डेय मंडल अध्यक्ष, रमेश पासवान, राम सिंह ग्राम प्रधान, गुड्डू पासवान, भगवती शरण सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# शपथ के साथ हिण्डाल्को में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का हुआ शुभारंभ



**सोनभद्र।** हिण्डाल्को में कार्यरत कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को तथा रेणुकूट वासियों को ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से दिनांक 8 से 14 दिसम्बर तक ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। प्रशासनिक भवन लान में संस्थान के मुखिया एनण् नागेश के निर्देशन में संस्थान के एनर्जी सेल द्वारा उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ऊर्जा शपथ दिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पूरे सप्ताह के दौरान आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों जैसे विद्यालयों में बच्चों के लिए ऊर्जा संरक्षण से सम्बन्धित पेन्टिंग प्रतियोगिताए कर्मचारियों एवं गृहणियों के लिए ऊर्जा संरक्षण आधारित क्विज़ प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक तथा प्लांट में विभिन्न स्थानों पर एनर्जी अवेयरनेस पेपटाक आदि कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। रिडक्शन प्लांट के हेड जेण्पीण् नायक ने ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला और इसके संरक्षण के प्रति सभी को जागरुक होने की बात कही। अल्युमिना प्लांट हेड एनण्एनण् राय ने ऊर्जा संरक्षण सम्बन्धित स्लोगन की तख्ती लगी रंग.बिरंगे गुब्बारों का गुच्छा उड़ा कर उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरे सप्ताह चलने वाले ऊर्जा संरक्षण सम्बन्धित विभिन्न गतिविधियों में बढ़.चढ़ कर योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों व प्लांटों से बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# माता-पिता की सच्ची सेवा से बढ़कर कुछ नहीं: मौनी महाराज

**महराजगंज रायबरेली।** वर्तमान के परिवेश में बहुत लोग जहां अपने माता पिता की सेवा न करके उनसे विमुख हो उन्हें वृध्दाश्रम में छोड़ रहें हैंए वहीं दिनेश सिंह राठौर द्वारा अपने गांव को तीर्थ मानकर अपनी माता जी की स्मृति में जिले की प्रतिभाओं व छात्र छात्राओंएका सम्मान किए जाना? जरूरतमंदों की सहायता करना यह एक अनुकरणीय कार्य है और इससे दूसरों में भी संस्कार संस्कृति सभ्यता का संचार होता है, ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए यह उद्गार अलीपुर गांव में मात्र छाया फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में पहुंचे मौनी महाराज उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए व्यक्त कर रहे थे।

अलीपुर गांव के रहने वाले वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिंह राठौर द्वारा अपनी पूज्य माताजी की पुण्यतिथि पर प्रत्येक वर्ष अनेका अनेक सामाजिक कार्य किए जाते हैंए उसी क्रम में शुक्रवार को पूज्य माता जी की छठवीं पुण्य तिथि पर मातृ छाया फाउंडेशन के तत्वाधान में वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिंह राठौर द्वारा जिले की प्रतिभाओं को पुरस्कृत करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया गया वहीं जरूरतमंदों को कंबल आदि भी वितरित किए गए एवं निशुल्क चिकित्सा की भी व्यवस्था कार्यक्रम में की गई थी। डलमऊ मठ के मठाधीश देवेंद्र नाथ गिरि ने भी कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त किए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमलेश मिश्रा क्षेत्रीय अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह, बंटी सिंह स्वयंसेवक संघ अयोध्या पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह, परम सिंह स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय कार्यवाह, वीरेंद्र सिंह भदोरिया, डॉ बृजेंद्र सिंह राणा, जिलाध्यक्ष बुद्धि लाल पासी, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय त्रिपाठी, पूर्व जिला अध्यक्ष आरबी सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष दिलीप यादव समेत क्षेत्रीय गणमान्य मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में अवशेष लाभार्थियों का किया गया पंजीकरण

### ● ग्राम पंचायत कुम्भी, बेड़ारु में आयोजित की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा

संवाददाता। शिवगढ़, रायबरेली

**क्षेत्र** के ग्राम पंचायत कुम्भी और बेड़ारु में सरकार की महत्वाकांक्षी विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के अवशेष लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया एवं प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला गैस योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित परियोजना निदेशक राजेश कुमार सिंह ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की विस्तृत रूप से जानकारी दी एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहाकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहने पाए। खण्ड विकास अधिकारी साबिर अनवर ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवासए मुख्यमंत्री आवास एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों की जानकारी दी।

कृषि रक्षा इकाई प्रभारी एवं एडीओ कृषि दिलीप सोनी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषि यंत्रीकरण, जैविक खेतीए प्राकृतिक खेती एवं कृषि रसायनों की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा प्रांतीय क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार किसानों की आय बढ़ाने को लेकर संकल्प बद्ध है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख कुंवर हनुमन्त प्रताप सिंह, कुम्भी प्रधान असर्फीलाल यादव, बेड़ारु प्रधान कोमल देवी, विनोद कुमार हल्का लेखपाल एवं क्षेत्रीय अधिकारी मौजूद रहे।

# कोई भी गोवंश अब निराश्रित न रहेः सिंह



**रायबरेली।** उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने निराश्रित गोवंशों/दुर्घटनाग्रस्त बड़े पशुओं के परिवहन हेतु वाहन को जिला पंचायत कार्यलय से हरी झंडी दिखाकर ऊंचाहार के लिए रवाना किया। इस वाहन का इस्तेमाल दुर्घटनाग्रस्त पशुओ को शीघ्र चिकिसकीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई भी पशु निराश्रित ना रहे। इन पशुओं को आश्रय स्थलों में रखा जाए। जहां पर इनका उचित तरीके से चिकित्साकीय परीक्षण किया जाए। साथ ही उनके भोजनए पानी और रहने के स्थान की व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर सीडीओ पूजा यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, अपर मुख्य अधिकारी धर्मेंद्र कुमार व जिला पंचायत सदस्यगण उपस्थित रहे।

# सनबीम स्कूल मुगलसराय के एफटीए फेस्ट अभिव्यक्ति का भव्य शुभारम्भ

**मुग़लसराय/चन्दौली।** दुलहीपुर स्थित सनबीम स्कूल मुगलसराय के भव्य एवं विशाल प्रांगण में 8 दिसंबर दिन शुक्रवार को विद्यालय ने अपने 18 वें साल की स्वर्णिम शैक्षणिक सर्वोत्कृष्टता के साथ दो दिवसीय एफटीए फेस्ट अभिव्यक्ति के रूप में अपना वार्षिकोत्सव मना रहा है। जिसमें विविध 24 प्रकार के क्रिया कलापों में विद्यालय के 1150 प्रतिभागी हैं। इस प्रतियोगिता के प्रारंभ में मुख्य अतिथि डिवीजनल रेलवे मैनेजर (पूर्व मध्य रेलवे) राजेश कुमार गुप्ता और विद्यालय के सेक्रेटरी यदुराज कानूडिया एवं निदेशिका श्रीमती श्वेता कानूडिया व विद्यालय प्रबंधन के सदस्य सुभाष तुलस्यान तथा प्रधानाचार्य सीके पालित जी ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया, साथ ही विद्यालय की 91 यूपी बटालियन एनसीसी की नवगठित टुकड़ी तथा विद्यालय के 200 विद्यार्थियों ने अपने अपने सदन का प्रतिनिधित्व करते हुए पूरे तारतम्य के साथ मार्च पास्ट प्रस्तुत किया जिसमें उनके अनुशासनए जीवटता, उत्साह और दृढ़संकल्प की स्पष्ट झलक दिखी। मुख्य अतिथि ने मार्च पास्ट की सलामी ली और मशाल जलाकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। स्पोर्ट्स कैप्टन सुधांशु रोशन ने सभी विद्यार्थियों को सत्यए निष्ठा और कर्मठता की शपत दिलाई। सेक्रेटरी और निदेशिका ने श्पुष्प गुच्छश् और अंगवस्त्र भेंट कर अतिथियों का स्वागत एवम अभिनंदन किया। इस अवसर पर छात्र. छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुति देकर दर्शकों को भाव विभोर किया। एक साथ शताधिक छात्रों के ऑन द फ्लोर–ए–टोका . टोका और दे डोंट केयर अबाउट अस गानों पर वेस्टन डांस की प्रस्तुति देखकर आगन्तुकों ने उनके प्रदर्शन की खूब सराहना की। एफ टीए फेस्ट के इस महा संगम में क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, चेस, ताइक्कांडो, कराटे, स्केटिंग, गिटार, वेस्टर्न डांस, वोकल म्यूजिक, एटीएल, पिरामिड, मार्च पास्ट, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, शतरंज, किक बाक्सिंग, पब्लिक स्पीकिंग हैण्डबाल, भरतनाट्यम, तबला, आर्ट एण्ड क्राफ्ट आदि 24 प्रतियोगिताओं में कक्षा तीन से लेकर कक्षा नवीं एवं ग्यारहवीं तक के छात्र. छात्राएँ विभिन्न टीमों में रहकर आपस में स्पर्धा कर रहे हैं। सीनियर और जूनियर बालक व बालिका वर्ग के सौ से अधिक सदनवार विद्यार्थियों ने कलात्मक पिरामिड का निर्माण किया।



# जिलाधिकारी ने किया कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने तहसील सलोन स्थित कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोवंशों को दिए जाने वाले चारे पानी की व्यवस्था देखी। साथ ही पशुओं के रहने के स्थान का निरीक्षण करते हुए उन्होंने वहां उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश दिया कि ठंड के मौसम में पशुओं को गर्म रखने की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। चरनीए नाद और पानी पीने के स्थान का निरीक्षण करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि पशुओं को साफ सुथरा और स्वच्छ जल ही मिले। चारा पंजिका का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि चारे का पर्याप्त स्टाक रखा जाए। जिससे कि किसी प्रकार की दिक्कत ना आने पाए ।उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि पशुओं के लिए हरे चारे की भी व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि गोवंशों की समय से चिकित्साकीय जांच कराई जाए।

# एसबीए चुनाव अध्यक्ष पद पर सर्वाधिक 6 प्रत्याशियों ने लिया पर्चा

**सोनभद्र।** सोनभद्र बार एसो. के निर्वाचन सत्र 2023-24 के लिए हो रहे मतदान के लिए शुक्रवार को अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सहित भिन्न-भिन्न पदों के लिए कुल 36 प्रत्याशियों ने पर्चा लिया। सर्वाधिक 6 प्रत्याशी अध्यक्ष पद के लिए पर्चा लिया। संयुक्त मंत्री पुस्तकालय, प्रकाशन और प्रशासन के तीन पद और सदस्य कार्यकारिणी के 12 पदों को छोड़कर शेष सभी पदों पर मुकाबला होगा। प्रत्याशियों ने समर्थकों के साथ वकील मतदाताओं से संपर्क किया। अध्यक्ष पद के लिए कुल 6 प्रत्याशी विनय कुमार सिंह,धर्मेंद्र कुमार त्रिपाठी, पूनम सिंह, ओम प्रकाश राय, रमेश देव पांडेय व अरुण कुमार मिश्रा ने पर्चा लिया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी शारदा प्रसाद मौर्या एवं लालता प्रसाद पाण्डेय, महामंत्री पद के लिए तीन प्रत्याशी अरुण कुमार सिंघल, राजीव कुमार सिंह गौतम व अखिलेश कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर के लिए तीन प्रत्याशियों दिलीप कुमार त्रिपाठी, संतोष कुमार मिश्रा एवं संतोष कुमार सिंह तथा उपाध्यक्ष 10 वर्ष से नीचे के लिए चार प्रत्याशी सीताराम चौहान, अनुज प्रसाद अवस्थी, आशुतोष कुमार दुबे व मोहित कुमार मिश्रा, संयुक्त मंत्री प्रशासन दुर्गाशंकर चौबे, प्रकाशन विवेक कुमार पांडेय व श्यामकिशोर, कोषाध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशियों अनिल कुमार पाण्डेय, उमेश कुमार शुक्ल व राजकुमार सिंह ने पर्चा लिया है। सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से नीचे के लिए 6 प्रत्याशी अनुराग सिंह पटेल, सत्य नारायण गुप्ता, सतीश कुमार चौबे, आनंद कुमार श्रीवास्तव, राकेश धर द्विवेदी व योगेश कुमार एवं सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से ऊपर के लिए 6 प्रत्याशी दिनेश दत्त पाठक, अरुण कुमार पांडेय, सत्यदेव पांडेय, विवेकानंद चौबे, संतोष कुमार जैन व यशवंत कुमार सिंह ने पर्चा लिया है। 12 दिसंबर एवं 13 दिसंबर को प्रत्याशी अपना पर्चा दाखिल करेंगे।

# पुरातन छात्र डॉक्टर रामराज सिंह का बैसवारा प्रबंधन ने किया अभिनन्दन

संवाददाता। लालगंज रायबरेली

**बैसवारा** की पावन धरा ने ऐसे अनेक महान विभूतियों को जन्म दिया जिन्होंने विश्वपटल पर अपना परचम फहराया है। उनमें प्रमुख रहे बैसवारा क्षेत्र के उदवामऊ निवासी डॉ. रामराज सिंह जिनकी प्रारम्भिक शिक्षा बैसवारा इण्टर कॉलेज से हुई वही उच्च शिक्षा के जी एम यू लखनऊ से एमडी और एमबीबीएस की शिक्षा ग्रहण की और पी जी आई लखनऊ में भी उन्होंने अपनी सेवायें दी, साथ ही वर्तमान में अमेरिका में प्रोफेसर के रुप में विगत कई वर्षों से निरन्तर अपनी सेवाएँ दे रहे हैं, कैलीफोर्निया विश्वविद्यालय में अध्ययन.अध्यापन का कार्य एवं सैकड़ो शोध पत्र उनके प्रकाशित हुए हैं। जिन्होंने अपनी मेधा के जरिए बैसवारा इण्टर कॉलेज को गौरवान्वित किया है।

उनके सम्मान हेतु बैसवारा इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने एक स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमें विद्यालय के उपप्रबन्धक ब्रह्मप्रकाश सिंह ने डॉ. रामराज सिंह को माला पहनाकर, पूर्व प्राचार्य फिरोज गाँधी डिग्री कॉलेज बीडी सिंह ने उत्तरीय भेंट एवं पूर्व प्राचार्य बैसवारा डिग्री कॉलेज के पूर्व प्राचार्य अरुण सिंह, पूर्व भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. महादेव सिंह, इन्द्रेश बाजपेयी ने माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष ओपी सिंह ने अपनी पुस्तक अभी कुछ कहना है और अवध केसरी की प्रतियाँ भेंट की एवं महिला शिक्षिकाओं ने स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। डॉ. रामराज सिंह ने अपने बीज वक्तव्य के जरिए छात्र.छात्राओं को प्रेरित किया और भविष्योन्मुखी उपलब्धियों के बारे में प्रेरित किया और कहा कि सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता। सफल होने के लिए एवं अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करना होगा।

इस मौके पर विष्णु खेड़ा इण्टर कॉलेज के प्रवक्ता रामगुलाम सविता, बैसवारा इण्टर कॉलेज के भौतिक विज्ञान प्रवक्ता विनोद सिंह, सुनील त्रिपाठी, सोमेश सिंह, उग्रसेन, कनकलता सिंह, सरिता, सीमा वर्मा, प्रियांशी रीना की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर शालिनी साहू एवं समापन प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेन्द्र बहादुर सिंह के द्वारा हुआ। सिंह ने पुनः आश्वस्त किया की आप जैसे मेधावी इस बैसवारा कॉलेज से प्रत्येक वर्ष पास होकर निकलते रहेगें यही हमारा और हमारे विद्वत शिक्षक साथियों का मुख्य संकल्प है।

## अधिकारियों एवं कर्मियों ने ग्राम चौपाल लगाकर की जनसुनवाई

मुसाफिरखाना, अमेठी। क्षेत्र की ग्राम पंचायत गंगेरवा में एडीओ पंचायत साधूसरन की मौजूदगी में ग्राम प्रधान जीत बहादुर यादव की अध्यक्षता में विकास विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों ने ग्राम चौपाल लगाकर जन समस्याओं को सुनवाई करते हाई शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया ।ग्रामीणों की अधिकतर शिकायतें प्रधानमंत्री आवास पेंशन किसान सम्मान निधि शौचालय जल निकासी से संबंधित सहित अन्य शिकायतें आई। इसके निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया ।इस दौरान एडीओ पंचायत ने कहा कि ग्रामीणों की जन समस्याओं से संबंधित शिकायत पत्रों का निस्तारण समय सीमा के अंदर पारदर्शिका के आधार पर करें इस दौरान ग्राम प्रधान जीत बहादुर यादव विजय यादव ग्राम पंचायत अधिकारी संजय वर्मा खंड प्रेरक सीलवंत सिंह राम तीरथमौजूद रहे ।

## उत्कर्ष श्रीवास्तव के विदेश मंत्रालय में चयन से हर्ष

सोनभद्र।राबर्ट्सगंज निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता रमाकांत श्रीवास्तव के सुपुत्र उत्कर्ष श्रीवास्तव ने सी जी एल की अखिल भारतीय परीक्षा में 24वा स्थान पाकर जिले का मान बढ़ाया है,उनका चयन विदेश मंत्रालय में सहायक अनुभाग अधिकारी के पद पर हुआ है।पूर्व में उत्कर्ष आयकर विभाग में टैक्स असिस्टेंट के पद पर कार्य कर चुके हैं,वर्तमान में केंद्रीय सचिवालय सूचना व प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार में सहायक अनुभाग अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। बहुमुखी प्रतिभा के धनी,मृदुभाषी उत्कर्ष की प्रारंभिक शिक्षा सेंट जोसेफकॉन्वेंट हाई स्कूल राबर्ट्सगंज तथा बीटेक राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर से हुई है जहां से उनका कैंपस प्लेसमेंट बहुराष्ट्रीय कंपनी इन्फोसिस में हुआ था।

# जिनके जीवन में कृतज्ञता है उनकी मदद के लिए उठते हैं ईश्वर के हाथः झिलमिल जी महाराज

संवाददाता। लालगंज रायबरेली



**कृतघ्न मनुष्य** इस दुनिया में सबसे अभागा है। दुनिया में कई लोग ऐसे भी हैंए जिनका कितना भी भला कर दो वो याद नहीं रखेंगे पर यदि कभी उनका सहयोग ना कर सको तो उस बात को जरूर याद रखेंगे। उनके भीतर कृतज्ञता नहीं होती, वो कृतघ्न होते हैं। क्षेत्र के बालेश्वर धाम के मुख्य पुजारी पंडित झिलमिल जी महाराज ने भगवत चिंतन के दौरान उच्च विचार प्रकट किया। पंडित जी ने श्रद्धालुओं को बताया कि किसी के किए उपकार को भूल जाना दुनिया का सबसे निम्न कार्य है। जिसने संकट के समय में जब कोई तुम्हें सहारा नहीं दे रहा थाए तब कंधे पर हाथ रखा होए प्यार दिया हो, संभाला होए उत्साह के वचन कहे हों उनके प्रति सदैव कृतज्ञ जरूर रहना चाहिए।

ये समष्टि भी उस व्यक्ति को दण्डित करती है जो किसी के किए उपकार को भूल जाता है। यदि किसी ने कभी भी और थोड़ा भी आपके साथ कुछ अच्छा किया है तो उसके प्रति सदैव कृतज्ञता का भाव बना रहना चाहिए। जिसके जीवन में कृतज्ञता है, उसके सहयोग के लिए हजारों हाथ स्वतः उठ जाया करते हैं।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता दीपेंद्र गुप्ता रमेश गुप्ता दीपक मिश्रा अनूप पांडे कैलाश बाजपेई सीपी पांडे समाजसेवी के सी गुप्ता दीपचंद गुप्ता निरमेश गुप्ता प्रमोद मिश्रा हरिशंकर श्रीवास्तव लालगंज व्यापार मंडल प्रभारी अनिल गुप्ता रणवीर सिसोदिया राजू तिवारी शिव गोपाल गुप्ता राजेश मिश्रा सहित सैकड़ो भक्तगण मौजूद रहे।

## झोलाझाप व फर्जी क्लीनिक, पैथालाजी पर नकेल कसेगा विभागः सीएमओ

**मिर्जापुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा आदेश जारी करने के बावजूद कुछ क्लीनिक, पैथालांजी व झोलाझाप डाक्टर अपने पांव पसारकर गोरख धन्धा चला रहे है। इसके लिए विभाग की ओर से बड़ी कार्यवाही करने की तैयारी की जा रही है। इस आशय की जानकारी जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर सीएल वर्मा ने शुक्रवार को एक बैठक के दौरान कही। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि फर्जीवाड़ा को रोकने के लिए विभाग की ओर से अब बारहो विकास खण्ड में ताबड़तोड़ चेकिग व झापेमारी करने की तैयारी कर रहा है और दोषियों को जेल भी भेजा जायेगा अगर इस कारोबार में अगर कर्मचारी भी लिप्त पाये जाते है तो वह भी जेल जाने को तैयार हो जाये। क्योकि इस अभियान में किसी को न छोड़ने की तैयारी है। विभाग की ओर से छह टीम को गठन किया गया जिसे चार सदस्य होगे एक टीम दो विकास खण्ड की जिम्मेदारी लेगे और सभी टीम मेरी निगरानी में कार्य करेगे और प्रतिदिन की रिपोर्ट सौपेगे। उसके बाद रिपोर्ट को महीने के अन्त में शासन को भेजा जायेगा। सबसे पहले नगर में मेरी निगरानी में सोमवार को चिकित्सालय रोड, रमईपट्टी, तरकापुर रोड, तहसील रोडए टटहाई रोड, पक्का घाट रोड पर छापेमारी की जायेगी। किसी का रिन्युवल रहेगा तो उसके लिए एक सप्ताह का वक्त विभाग देगा।

# 208 पंजीयन के सापेक्ष 191 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

### ● हिंदू व मुस्लिम और बौद्ध धर्म के रीति रिवाजों के अनुसार कराया गया सामूहिक विवाह


चेक सौंपते प्रमुख सचिव समाज कल्याण

**तिलोई, अमेठी।** तिलोई के बाबू महिपति सिंह फार्मेसी कॉलेज परिसर में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख सचिव समाज कल्याण डा. हरिओम ने प्रतिभाग किया ।प्रमुख सचिव ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत नवदंपतियों और मौजूद जनमानस को बताया कि इस विवाह के तहत 10000 रु की गृहस्थी की सामग्री दी गई तथा रु. 35000 की नगद धनराशि लड़की के खाते में भेजी जा रही है। कार्यक्रम में 208 पंजीकृत जोड़ों के सापेक्ष, 24 अल्पसंख्यक, 9 बौद्ध सहित कुल 191 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।

प्रमुख सचिव डा. हरिओम ने कहा कि यह प्रदेश के मुख्यमंत्री की बहुत ही प्रिय योजना है उनका कहना है कि हर गरीब परिवार इस योजना का लाभ उठाएं ।उन्होंने कहा कि आज मुझे अपने गृह जनपद में आकर बहुत अच्छा लगा। इस मौके पर तिलोई प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह, एसडीएम दिग्विजय कुमार सिंह सहित अन्य समाज कल्याण के उच्चाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने वर. वधू व उनके परिजनों को शुभकामनाएं दी। आप सबका जीवन सुखमय व्यतीत हो अपने परिवार के साथ खुश रहे। और यह रिश्ता जन्म जन्मांतर का रहे।

जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह ने योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा गरीब परिवार की पुत्रियों की शादी हेतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की शुरुआत की गई है। सरकार के तरफ से रु. 51000 प्रत्येक जोड़े के ऊपर खर्च किए जाने का प्राविधान है, जिसमें 35000 रुपए सीधे उनके खाते में रु. 10000 की सामग्री, तथा रु. 6000 उनकी व्यवस्था पर खर्च किए जाते है। जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश शर्मा, नलिन राज, बीडीओ तिलोई विजय अस्थाना, सीओ तिलोई डा अजय कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष भाजपा श्याम मूर्ति यादव, तिलोई प्रधान अमिता गौतम सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सेंथिल का कथन
## अशोभनीय टिप्पणी

**द्रमुक नेता** की अशोभनीय टिप्पणी से संवेदनशील भारतीयों में भारी गुस्सा पैदा हुआ। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक ने हाल ही में विवाद पैदा कर दिया। उसके सांसद डीएनवी सेंथिलकुमार ने हिंदी हृदय प्रदेश को 'गौमूत्र राज्यों' के रूप में परिभाषित कर दिया। हालांकि, जल्द ही उनको समझदारी आ गई और उन्होंने अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगी। लेकिन इसके कारण नुकसान हो गया है तथा इससे पैदा विवाद शांत करने में द्रमुक के साझीदारों को थोड़ा समय लगेगा। ऐसा पहली बार नहीं हुआ जब द्रमुक नेताओं ने अशोभनीय टिप्पणियां की हों। हालिया अपमानजनक टिप्पणी को मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के बेटे उदयनिधि द्वारा सनातन धर्म की आलोचना में दिए बयान के साथ जोड़ कर देखा जा रहा है। इससे भारत में सांस्कृतिक व धार्मिक विविधता पर द्रमुक के दृष्टिकोण पर भी सवाल खड़े होते हैं। हालांकि, सेंथिल कुमार का बयान जिस संदर्भ में दिया गया है वह अपने आप में महत्वपूर्ण है। लोगों ने इसे उत्तरी राज्यों की सांस्कृतिक व भाषाई विविधता को नीचा दिखाने के प्रयास की तरह समझा है। इसके पहले उदयनिधि के बेलगाम बयान की भी विभिन्न तबकों के लोगों द्वारा आलोचना की गई थी। उदयनिधि के बयान को धार्मिक संवेदनहीनता व असहिष्णुता का प्रर्याय माना गया था। ऐतिहासिक रूप से द्रमुक 'हिंदी' व 'ब्राह्मणवादी व्यवहारों' की विरोधी रही है और अब उसने संभवत: अपनी आलोचना का विस्तार सांस्कृतिक व धार्मिक आयामों तक कर दिया है। पार्टी लंबे समय से द्रविण पहचान की पैरोकारी करती रही है तथा उसने लगातार उत्तर भारत के कथित सांस्कृतिक प्रभुत्व का विरोध किया है। द्रमुक का



गठन सामाजिक न्याय, आत्मसम्मान व ब्राह्मणवाद-विरोध के सिद्धान्तों पर किया गया था। इसकी जड़ों में एकमात्र आधिकारिक भाषा के रूप में हिंदी 'थोपने' का विरोध समाहित है जिसके चलते तमिलनाडु में 1960 के दशक में कुख्यात हिंदी-विरोधी आंदोलन चला था।

लेकिन हालिया टिप्पणियां भाषाई व सांस्कृतिक बहस से आगे निकल गई हैं और उन्होंने धार्मिक संवेदनशीलता के क्षेत्र में प्रवेश किया है। द्रमुक द्वारा हिंदी हृदय क्षेत्र को 'गौमूत्र राज्यों' के रूप में परिभाषित करने तथा सनातन धर्म की आलोचना करने से भारतीय जनसंख्या का बहुत बड़ा हिस्सा आहत अनुभव करता है क्योंकि वह इसके सांस्कृतिक व धार्मिक आयामों से अपनी पहचान जोड़ता है। द्रमुक की टिप्पणियों पर स्वाभाविक रूप से राजनीतिक विरोधियों, सांस्कृतिक समूहों तथा धर्मगुरुओं ने कठोर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। आलोचकों का मानना है कि ऐसे बयानों से विविधतापूर्ण भारतीय समाज में ध्रुवीकरण को बढ़ावा मिलता है तथा 'एकता में विविधता' सिद्धान्त को धक्का लगता है। इन टिप्पणियों का राजनीतिक प्रभाव तमिलनाडु के बाहर द्रमुक के गठबंधनों तथा पार्टियों से संबंधों पर पड़ सकता है। हिंदी हृदय प्रदेश के खिलाफ उसकी हालिया टिप्पणियों तथा सनातन धर्म की आलोचना से सांस्कृतिक व धार्मिक विविधता पर उसके दृष्टिकोण पर विवादास्पद बहस को जन्म दिया है। द्रमुक नेताओं को समझना चाहिए कि ऐसे बयानों से राजनीतिक या कोई अन्य लाभ नहीं हो सकता है। इनको 'हिंदूवाद' पर हमले की तरह देखा जाता है ओर ऐसे में 'इंडिया' समूह द्वारा उसका बचाव कठिन हो जाता है जिसका द्रमुक हिस्सा है। नवीनतम टिप्पणियों ने राजनीतिक विमर्श की सीमाओं को तोड़ा है। जनता की राय बनाने में राजनीतिक पार्टियां महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं, इसलिए नेताओं को चाहिए कि वे सावधानी से बोलें तथा विभाजक रेखाओं को गहरा करने के बजाय एकता व समझदारी को प्रोत्साहित करें।

# यूरोप में दक्षिणपंथी उभार

**यूरोपीय देश उदारवाद को छोड़ कर राष्ट्रवाद का प्रयोग कर एशिया और अफ्रीका से आप्रवास पर रोक लगा रहे हैं जिनमें अधिकांशत: मुस्लिम शामिल हैं। यूरोप में दक्षिणपंथ उभर रहा है।**



**प्रफुल्ल गोराडिया**
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



यूरोप में परिवर्तन की लहरें वर्तमान समय में तेज हो रही हैं। अब इस बात में कोई संदेह नहीं रह गया है कि यूरोप धीरे-धीरे दक्षिणपंथ की ओर बढ़ रहा है। यूरोपीय महाद्वीप के विभिन्न देशों में हो रहे राष्ट्रीय चुनावों के बाद एक के बाद दूसरे देशों में ऐसी सरकारें बन रहीं हैं जिनको दक्षिणपंथी कहा जा सकता है। हालांकि, इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि ये सरकारें 'फासीवादी' नहीं हैं। इस परिघटना का नवीनतम उदाहरण नीदरलैंड में सामने आया है। नीदरलैंड ने हाल ही में गर्ट वाइल्डर्स को अपना नेता चुना है जो पूरी तरह और स्पष्ट रूप से इस्लाम के विरोधी हैं। इसी प्रकार इटली की दक्षिणपंथी नेता और राष्ट्रवादी प्रधानमंत्री जिर्योजिया मैलोनी की स्थिति लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने अपने देश को चीन की बार्डर रोड परियोजना-बीआरआई से अलग कर लिया है। इसके साथ ही वे आप्रवासियों पर यूरोपीय संघ के विचारों से भी सहमत नहीं हैं। फ्रांस के नेता राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रान शुरुआत में मध्यमार्गी थे, पर अब वे दक्षिणपंथ की ओर स्पष्ट रूप से झुक रहे हैं। उनके इस परिवर्तन से देश के समाजवादी और वामपंथी परेशान हैं।

इसके साथ ही अनेक राजनीतिक पर्यवेक्षकों के विचार से स्पष्ट संकेत हैं कि फ्रांस के अगले चुनाव में सत्ता मैरीन ले पेन के हाथों में आ सकती है। मैरीन ले पेन स्पष्ट रूप से धुर-दक्षिणपंथी होने के साथ ही आप्रवासियों की विरोधी तथा इस्लाम-विरोधी भी हैं। वर्तमान राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रान ने भी कई बाद ऐसे यूरोप की आवश्यकता पर जोर दिया है जो अपने मूल्यों की सुरक्षा करता हो। उनका 'यूरोप दैट प्रोटेक्ट्स' नारा काफी लोकप्रिय हुआ है।

2017 के अपने उल्लेखनीय 'सोरबोन भाषण' में इमैनुअल मैक्रान ने 'एक संप्रभु, एकजुट व लोकतांत्रिक यूरोप' बनाने का आह्वान किया था। फिनलैंड में एक स्पष्ट दक्षिणपंथी प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो हैं जो बेलगाम आप्रवास के विरोधी हैं। हंगरी के दक्षिणपंथी नेता विक्टोर ओरबान ने पहले ही यूरोपीय संघ को एक नाकारा व्यवस्था बता दिया है और अब वे यूरोपीय संघ के आदेशों का पालन नहीं करते हैं। अब यूनान में भी ऐसे दक्षिणपंथी नेता उभर रहे हैं जिन्होंने भारतीय निवेशों के प्रति अपने दरवाजे खोल दिए हैं। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण रूप से यूनान ने घोषणा की है कि वह कभी भारत के दुश्मनों से दोस्ती नहीं करेगा। सभी लोगों को इस बात से घोर आश्चर्य है कि राष्ट्रवादी और दक्षिणपंथी जर्मन पार्टी 'आल्टरनेटिव फर डयूटुशलैंड'-एएफडी अपने देश में लगातार तेजी से मजबूत हो रही है और जल्द ही जर्मनी में उसका शासन स्थापित हो सकता है। बहुत से लोग इस परिघटना से भयभीत भी हैं। कट्टर दक्षिणपंथी पार्टी एएफडी जर्मनी की परंपरागत राजनीतिक पार्टियों के उदारवादी व हरित पर्यावरणवादी एजेंडों की घोर विरोधी है।

वह आप्रवासियों को जर्मनी में आने देने के उदारवादियों के दृष्टिकोण की भी घोर-विरोधी है। ऐसे में पूर्व जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल की उदारवादी नीतियों के दिन बीत चुके हैं और ज्यादातर लोग उनके विरोध में खड़े हो रहे हैं। एंजेला मर्केल ने तुर्की व मध्यपूर्व से आने वाले आप्रवासियों के प्रति 'वेलकमिंग' या स्वागत वाली नीतियां अपनाई थीं। यूरोपीय देशों में उभरने वाले नए शासक चाहे स्पष्ट रूप से कहें या नहीं, पर इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि उनका चुनाव 'इस्लाम की बढ़ती आक्रामकता' की प्रतिक्रिया में हुआ है। यूरोप के इतिहास पर नजर डालें तो स्पष्ट होगा कि वहां दो विश्वयुद्धों के बीच में सत्ता 'फासिस्टों' के हाथ में थी जिनका उभार 'साम्यवाद के खतरे' के प्रति भयभीत करने वाली प्रतिक्रिया के कारण हुआ था।

द्वितीय विश्वयुद्ध के संदर्भ में देखें तो फासीवाद-नाजीवाद या वर्ग सहयोग की अवधारणा का विकास ऐसी विचारधाराओं की प्रतिक्रिया में हुआ था जो वर्गीय संघर्ष का प्रचार कर उसे प्रोत्साहित करती थीं। तार्किक रूप से कहा जा सकता है कि 'इस्लाम के भय' की प्रतिक्रिया ईसाइयत का लगातार बढ़ता प्रभाव हो सकता था। लेकिन दुर्भाग्य से आधुनिकता की प्रगति तथा शिक्षा व सीखने के उत्कृष्ट साधनों के विकास के कारण ईसाई धर्म का प्रभाव यूरोपियनों के दिल-दिमाग पर कम होता गया। हालांकि, इसके पीछे ईसाई धर्म की तत्कालीन प्रभुत्वशाली अवधारणायें भी हो सकती हैं। शिक्षा से सोच को बढ़ावा मिलता है और कोई विचारशील व्यक्ति बिना शोध या सर्वेक्षण के किसी ऐसी बात को स्वीकार करने को तैयार नहीं होता है जिसे सार्वभौम सत्य के रूप में प्रचारित किया गया हो। इस कठिनाई के साथ ही तीन धर्मों ने एक जैसे दावों पर प्रतियोगिता की है।

सबसे पहले यहूदीवाद, फिर ईसाइयत और उसके बाद इस्लाम ने समान अवधारणाओं और विश्वासों की पैरवी की है। आध्यात्मिकता के रास्ते पर आगे बढ़े बिना या ईश्वरीय शक्ति को देखने और अनुभव किए बिना केवल पूजा पर जोर देना बहुत सीमित तथा अनेक बाधाओं से घिरा अनुभव है। यह विचारशील व्यक्ति को आसानी से समझ में नहीं आता है। यूरोप के विशेषज्ञों का मानना है कि वर्तमान समय में पश्चिमी यूरोप में केवल 25 प्रतिशत लोग ही स्वयं को 'ईसाई' घोषित करते हैं और इनमें से भी बहुत कम लोग ही चर्च जाते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो ईसाइयत वर्तमान समय में मुसलमानों को महाद्वीप से निकालने की स्थिति में नहीं है।

दो विश्वयुद्धों के बीच वर्ग-टकराव को सामान्य परिघटना के रूप में देखा जाता था, लेकिन बाद में इसका मुकाबला वर्ग सहयोग से किया गया। अपने शिखर समय में ईसाइयत इस्लाम से मुकाबले में सहायक हो सकती थी। लेकिन आज यूरोपीय उदारवाद को छोड़ कर राष्ट्रवाद का प्रयोग एशिया व अफ्रीका से आने वाले आप्रवासियों को रोकने के लिए कर रहे हैं। एक प्रकार से यह 'विपरीत-मोड़' है क्योंकि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद राष्ट्रवाद शब्द को घृणा से देखा जाने लगा था। यह बताने के लिए अनेक किताबें लिखीं गई थीं कि फासीवाद, राष्ट्रवाद की अधिकता के सिवा ओर कुछ नहीं है, इसलिए अब इसका स्वागत नहीं किया जाना चाहिए। यूरोपीय संघ-ईयू के झंडे तले यूरोप के देशों का एकसाथ आना वास्तव में द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद यूरोप द्वारा राष्ट्रवाद के विरोध का प्रदर्शन था।

अक्सर वामपंथी और उदारवादी आलोचकों ने यूरोपीय घुर-दक्षिण विचारधारा पर आरोप लगाए हैं कि वह यूरोपीय वैचारिक परंपराओं में सबसे खराब चीजों का प्रतिनिधित्व करता है। उनके अनुसार यह विशिष्ट 'राष्ट्रवादी मूलवाद' है जो 'पुनर्जागरण' के मूल्यों का विरोधी तथा राजनीतिक तानाशाही का समर्थक है। दक्षिपंथ पर आरोप है कि वह तानाशाही को पुन: ऊर्जा दे रहा है। लेकिन वर्तमान समय में यूरोपीय दक्षिणपंथ एक सरल व शक्तिशाली संदेश दे रहा है जो तीन मुख्य विचारों पर आधारित है। इसमें राष्ट्र व राष्ट्रीय पहचानों की पुन: खोज तथा बेलगाम आप्रवास के खतरे उजागर करना शामिल है जो खासकर इस्लामी देशों से हो रहा है तथा नस्ली घृणा से संचालित है। इसके साथ ही वह राजनेता-विरोधी तथा अवस्थापना-विरोधी लोकरंजकता पर आधारित है। इस संबंध में धुर-दक्षिणपंथ अपने अनुयाइयों को स्पष्ट पहचान दे रहा है। यूरोपीय दक्षिणपंथ ने परंपरागत राजनेताओं या अवस्थापना की पहचान की है। वह इनको दोषी मानते हुए सरल व लगातार ऐसे समाधानों की ओर बढ़ रहा है जिनसे अब बचा नहीं जा सकता है। इनमें अवांछित विदेशियों को बाहर निकालना तथा परंपरागत राजनेता वर्ग को उखाड़ फेंकना शामिल है।

इसे सही कहा जाए या गलत, पर यह वर्तमान यूरोप में लोकप्रिय हो रहा है। सोवियत संघ एक महाशक्ति थी और वह यूरोप के भूगोल का भी हिस्सा थी। यूरोपीय संघ इसका भी जवाब था। लेकिन आज अपने 15 गणतंत्र अलग होने के बाद सोवियत संघ वैचारिक रूप से महत्वहीन रूस के रूप में बचा है। अब इसे किसी भयानक खतरे के रूप में नहीं देखा जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में यूरोपीय विशेषज्ञ अब 'भविष्यवक्ताओं' के रूप में यूरोपीय संघ के भविष्य पर विचार करने लगे हैं।

# चिंताजनक हैं बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं

> पिछले कुछ वर्षों में, देश ने सड़क दुर्घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि देखी है, सड़क सुरक्षा रूलेट के खतरनाक खेल में चीन से भी आगे निकल गया है।



सिद्धार्थ मिश्र



सिमरन दास

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा भारत में सड़क दुर्घटनाओं पर जारी वार्षिक रिपोर्ट, 2022 के अनुसार, गंभीर वास्तविकता से जीवन और संसाधनों पर भारी असर का पता चलता है। अकेले 2022 में चौंका देने वाली 461,312 घटनाएं दर्ज की गईं, जिसके परिणामस्वरूप 168,491 लोगों की जान चली गई और 443,312 लोग घायल हो गए। चौंकाने वाली बात यह है कि ये आंकड़े पिछले वर्ष की तुलना में दुर्घटनाओं में 11.9%, मृत्यु दर में 9.4% और चोटों में 15.3% की चिंताजनक वृद्धि दर्शाते हैं, जो स्थिति की गंभीरता को रेखांकित करते हैं।

ये आंकड़े केवल संख्याओं से कहीं अधिक महत्व रखते हैं; वे टूटे हुए जीवन, तबाह परिवारों और समाज पर भारी सामाजिक-आर्थिक बोझ के पक्ष में हैं। सड़क दुर्घटनाओं का प्रत्येक पीड़ित एक स्पष्ट अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है कि इस बढ़ती आपात स्थिति से निपटना कितना महत्वपूर्ण है। अब सवाल स्पष्ट हो गया है- हमारा देश, जो अपनी आविष्कारशीलता और संसाधनशीलता के लिए जाना जाता है, इस मुद्दे को संबोधित करने और सड़क दुर्घटनाओं के बढ़ते खतरे का उचित और प्रभावी समाधान प्रदान करने में असमर्थ क्यों है?

यह स्थिति कई परिस्थितियों का परिणाम प्रतीत होती है, जिसमें लापरवाही से गाड़ी चलाना, तेज गति, नशा और यातायात नियमों के पालन की उपेक्षा शामिल है। यह, यातायात कानूनों के अपर्याप्त कार्यान्वयन और लोगों के बीच जागरूकता की कमी के साथ मिलकर, भारत के राजमार्गों पर स्थिति को खतरनाक बनाए रखता है।

यह स्पष्ट है कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सड़क नेटवर्क की स्थिति में सुधार करना महत्वपूर्ण है। खराब रखरखाव वाली सड़कों, अपर्याप्त साइनेज, अपर्याप्त रोशनी और अलग पैदल यात्री फुटपाथ और साइकिल चालक मार्गों की कमी से यात्रियों के लिए खतरे और भी बढ़ गए हैं। इसके अलावा, इस खतरे में योगदान देने वाला एक संभावित कारक लोगों द्वारा लाइसेंस प्राप्त करने में आसानी के साथ-साथ भारत में ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की दोषपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है। विभिन्न भारतीय राज्यों में लाइसेंस जारी करने के लिए ड्राइविंग परीक्षाओं में स्पष्ट खामियां और भिन्नताएं हैं। ड्राइवर का लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया अलग-अलग जिलों में अलग-अलग हो सकती है। कुछ स्थानों पर यह काफी लचीला है, जबकि अन्य स्थानों पर यह काफी कठोर है। यहां, स्थानीय कार्यालयों में प्रचलित भ्रष्टाचार की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता है, जो संभवत: अयोग्य व्यक्तियों को लाइसेंस जारी करने का कारण बनता है, जो अपनी लापरवाही से ड्राइविंग के माध्यम से दूसरों के जीवन को खतरे में डालते हैं। यह कोई रहस्य नहीं है कि हमारे देश में ड्राइविंग लाइसेंस अपेक्षाकृत आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। इसके विपरीत, जर्मनी जैसे देशों में ड्राइवर का लाइसेंस प्राप्त करना लगभग पवित्र कब्र की खोज के समान है। जर्मनी में, ड्राइवर का लाइसेंस प्राप्त करना सबसे कठिन कामों में से एक माना जाता है क्योंकि इसके लिए अत्यधिक कठिन परीक्षणों और प्रक्रियाओं को पारित करना पड़ता है।

इसके अलावा, एक भ्रष्टाचार-मुक्त प्रणाली यह सुनिश्चित करती है कि पूर्ण ड्राइविंग क्षमता, क्षमता और कौशल के साथ-साथ सड़क की स्थिति की समझ रखने वाले लोगों को ही ड्राइवर का लाइसेंस मिले। इसके अलावा, जर्मनी में, विस्तृत सड़क सुरक्षा नियम लागू हैं, जिसके तहत दुर्घटना में शामिल पक्षों के साथ-साथ सड़क पर दुर्घटना देखने वाले लोगों को अनिवार्य रूप से रुकना, पुलिस को सूचित करना, पीड़ितों की सहायता करना और यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि सहायता पहुंचे।

ऐसे नियमों का कोई भी उल्लंघन उल्लंघनकर्ता को भारी दंड और दंड के लिए उत्तरदायी बनाता है। इसके अलावा, सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय कानूनों, विशेषकर भारतीय दंड कानूनों में सुधार की आवश्यकता है। इस संबंध में ढीले औपनिवेशिक युग के कानून का आमतौर पर दुरुपयोग किया जाता है और प्रभावी निवारण बनाने में भी कमी होती है। उदाहरण के लिए, आईपीसी की धारा 304 ए लापरवाही से मौत के लिए अधिकतम दो साल की सजा का प्रावधान करती है - जो कि वर्तमान जरूरतों की तुलना में बहुत कम सजा है। 1988 के मोटर वाहन अधिनियम में भी महत्वपूर्ण सुधारों की आवश्यकता है। जबकि सेव लाइफ फाउंडेशन की जनहित याचिका के परिणामस्वरूप अधिनियम में संशोधन किया गया था और दूसरों की जान बचाने वाले लोगों को आपराधिक या नागरिक दायित्व से बचाने के लिए धारा 134ए जोड़ी गई थी, लेकिन अब तक कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं देखा गया है। जैसे-जैसे भारत विकास और वैश्विक नेतृत्व की राह पर आगे बढ़ रहा है, सड़क सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी के लिए सुरक्षित सड़कें सुनिश्चित करने के लिए, जिम्मेदार ड्राइविंग की संस्कृति को अपनाना, बुनियादी ढांचे में सुधार का समर्थन करना, सख्त नीति सुधारों पर जोर देना और कानूनों को सख्ती से लागू करना आवश्यक है।



## आप की बात

### विकास की राजनीति

**जाति-आधारित** राजनीति का मुद्दा उछालकर सामाजिक न्याय के पैरोकार बनने की कोशिश में जुटे विपक्ष को कटघरे में खड़ा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास को अपनी राजनीति और चुनावी रणनीति का हथियार बना कर स्पष्ट संदेश दिया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से प्रधानमंत्री ने कहा है कि गरीब, युवा, महिलाएं एवं किसान ही आज उनके लिए सबसे बड़ी चार जातियां हैं एवं इनके कल्याण के प्रति सरकार प्रतिबद्ध रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक इन चारों जातियों को उनकी हर मुश्किल से उबार नहीं लेता हूं तब तक मैं चैन से नहीं बैठने वाला हूं। प्रधानमंत्री का यह दृष्टिकोण व प्रयास उचित एवं अनुकरणीय कदम है। कांग्रेस में इंदिरा गांधी के जमाने में- न जात पर न पात पर, मोहर लगेगी हाथ पर- नारा लगता था। विडंबना है कि अब उसी कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी जातीय जनगणना को महत्व दे रहे हैं। यह संकुचित सत्ता स्वार्थ के लिए देश और समाज को बांटने के षडयंत्र के सिवा और कुछ नहीं है। अनेक कारणों से सभी जातियों व धर्मों के कुछ लोग गरीब हैं, ऐसे में गरीब कल्याण की विकास योजनाओं के बजाय उनको जातियों में बांट कर सत्ता की मलाई खाने का पर्दाफाश होना चाहिए।

- **एमएम राजावत,** शाजापुर

### मजबूत होती भाजपा

**केंद्र** में प्रबल बहुमत से सत्ता हासिल करने के बाद से ही भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व बहुत सशक्त हो गया है। इससे वर्तमान राजनीति में दबाव डालकर पद पाने का अध्याय भी समाप्त होता जा रहा है। भले ही कोई तीन बार मुख्यमंत्री बना हो, पर वह फिर से मुख्यमंत्री बनने के लिए पार्टी नेतृत्व पर दबाव नहीं डाल सकता है। यह पार्टी संगठन की मजबूती का प्रमाण तथा महत्वपूर्ण राजनीतिक परिघटना है। खबरें हैं कि राजस्थान में वसुंधरा के सुपुत्र विधायकों को रिसोर्ट में रोके हुए हैं या मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह इमोशनल कार्ड खेल रहे हैं। मगर भाजपा नेतृत्व इन सबसे दबाव में आने वाला नहीं है। जनता भी अब अपने प्रदेशों में नए चेहरे और युवा नेतृत्व को देखना चाहती है। सांसद को पुन: विधायक बनाना भाजपा नेतृत्व की शक्ति का परिणाम है और समझदार लोग इसका स्वागत कर रहे हैं। वैसे भी जब सभी विधानसभा चुनाव नरेन्द्र मोदी के चेहरे पर लड़े गए हैं और कोई मुख्यमंत्री उम्मीदवार नहीं बनाया गया तो किसी वरिष्ठ य कनिष्ठ नेता का कोई अधिकार पद पर नहीं बनता है। लेकिन मुख्यमंत्री चयन में देरी से कुछ आशंकायें बनी हुई हैं।

- **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### चीन का महत्व

**चीन** की तानाशाही नीतियों एवं मानवाधिकार उल्लंघन के लिए उसे विश्व आर्थिक परिदृश्य में हाशिए पर धकेलने के प्रयास हो रहे हैं। उसके साथ खरीद-बिक्री को कम से कम किया जा रहा है। मगर इसके बावजूद सच्चाई यही है कि चीन दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के कारण दुनिया के 120 से अधिक देशों का सबसे बड़ा व्यापार साझीदार है। हालांकि, चीन को सभी देश संदेह एवं घृणा की दृष्टि से देखते हैं, मगर अनेक विदेशी उद्योगपति व राजनेता लगातार चीन का दौरा करते रहते हैं। हाल ही में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला लेयेन ने बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग व प्रधान मंत्री लीकियांग के साथ बैठक की। अमेरिकी कारोबारियों ने भी उस समय चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के लिए भोज का आयोजन किया था जब वे पिछले दिनों सैन फ्रांसिस्को का यात्रा पर थे। एलन मस्क, जेफ़ बेज़ोस, वारेन बफेट, बिल गेट्स आदि दिग्गज उद्यमी चीन का दौरा कर आए हैं। इसका अर्थ है कि अर्थव्यवस्था में गिरावट के बावजूद विश्व अर्थव्यवस्था में चीन का महत्व बना हुआ है और इसे सबको स्वीकार करना पड़ता है।

- **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### बेलगाम बयानबाजी

**पांच राज्यों** में विधानसभा चुनावों के प्रचार के दौरान प्रमुख राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं द्वारा दु:खद रूप से एक-दूसरे पर व्यक्तिगत आरोप लगाए गए। लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल कहे गए इन चुनावों में राजनीतिक संवाद का स्तर गिरा, उसे किसी तरह जायज नहीं ठहराया जा सकता। हालांकि, चुनाव में सफलता हासिल करने के लिए नेताओं को प्रतिपक्षी दलों व उनके नेतृत्व की आलोचना करनी पड़ती है लेकिन चुनाव में बढ़त हासिल करने के फेर में संवाद की शालीनता का इस कदर दम घोंट दिया जाएगा, इसे शायद पहली बार देश ने देखा है। एआई और डीप फेक के बढ़ते वर्चस्व के कारण आगामी लोकसभा चुनाव में विरोधी नेताओं की छवि खराब करने के प्रयास तेज हो सकते हैं। इसके लिए निर्वाचन आयोग को चुनाव अधिघोषणा जारी होने के पहले से ही सोशल मीडिया पर गहरी नजर रखनी होगी। सर्वोच्च न्यायालय को भी समुचित दिशानिर्देश दे कर निर्वाचन आयोग को आचार संहिता में परिवर्तन के लिए प्रेरित करना चाहिए। उम्मीद है कि जनता भी ऐसे बयानबाजों को खारिज कर देगी।

-**विभूति बुपक्या,** खाचरोद

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से **responsemail.hindipioneer@gmail.com** पर भी भेज सकते है।

# कामकाज में लाइए हिंदी

## जीएम कोर ने किया आह्वान कोर में हिंदी के प्रयोग और प्रसार की दिशा में सकारात्मक ऊर्जा का होगा प्रवाहः संजय सिंह नेगी केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन कार्यालय में पुरस्कार वितरण एवं अखिल भारतीय हिंदी कवि सम्मेलन आयोजित



प्रयागराज। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन में शुक्रवार को राजभाषा पुरस्कार वितरण समारोह एवं कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ। जिसकी अध्?यक्षता महाप्रबंधक कोर प्रमोद कुमार ने की। समारोह में अधिकारियों और कर्मचारियों का स्वागत कोर के मुख?य राजभाषा अधिकारी कोर संजय सिंह नेगी ने किया। संजय सिंह नेगी ने इस मौके पर कहा कि आज विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के अंतर्गत हिंदी का प्रशंसनीय प्रयोग करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जा रहा है। इसके साथ ही हम विभिन्न रसों के विद्धान कवियों की रचनाओं का आन-?द भी ले रहे हैं। इससे कोर में हिंदी प्रयोग प्रसार की दिशा में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होगा और हम सब अपने सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने के लिए संकल्पबद्ध होंगे। महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने अध्यक्षता करते हुए पुरस-?कार वितरण के साथ ही कवि सम-?मेलन का आयोजन एवं राजभाषा संगम पत्रिका के सफल प्रकाशन के लिए राजभाषा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने आशा व?यक?त की है कि इससे संगठन में हिंदी का प्रचार प्रसार बढ़ेगा। उन-?होंने सभी पुरस्कार विजेताओं को भी बधाई दी। महाप्रबंधक प्रमोद कुमार ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील किया कि वह अपने कामकाज में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करें तथा विभिन्न पुरस्कार योजनाओं का लाभ लें। इस अवसर पर भव?य कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें अमित शुक?ला सात्विक नीलदीप शिव किशोर तिवारी चेतन नितिन खरे एवं सुश्री हेमा पाण?डेय ने काव्य पाठ किया। कवि सम-?मेलन का संचालन चेतन नितिन खरे ने किया। महाप्रबंधक कोर प्रमोद कुमार ने विभि-?न प्रोत?साहन योजनाओं के अंतर्गत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस-?कार प्रदान किया। समारोह में कोर के मुख?य प्रशासनिक अधिकारी अनुपम सिंघल प्रमुख मुख?य इंजीनियर ए के सिंह शैवाल प्रमुख मुख?य सामग्री प्रबंधक विनय एन अम-?बाडे प्रमुख मुख?य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर आर एन सिंह वरिष?ठ उप महाप्रबंधक वी के गर्ग प्रमुख मुख?य कार्मिक अधिकारी के के सिंह रीवो की अध?यक्षा पूनम कुमार रीवो की पदाधिकारी एवं सदस-?य उपस्थित रहे। समारोह का संचालन एवं धन-?यवाद ज्ञापन कल?याण सिंह उप मुख?य राजभाषा अधिकारी ने किया। यह जानकारी एस के द्विवेदी मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कोर ने दी।

# अंबेडकर नगर को मिलेगी प्रदेश में अलग पहचान

## औद्योगिक विकास प्राधिकरण व कॉरिडोर के लिए जनपद को मिली 50 करोड़ की धनराशि,औद्योगीकरण को मिलेगा बढ़ावा रोजगार के अवसर बढ़ेंगे



**अंबेडकर नगर।** लोहिया भवन सभागार अकबरपुर में यूपीडा के अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी अविनाश सिंह को 50 करोड रुपए का चेक प्रदान किया गया। जिलाधिकारी द्वारा इस पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। उन्होंने कहा कि आगे की प्रक्रिया जल्द ही प्रारंभ की जाएगी। इसकी स्थापना जनपद को एक नई दिशा प्रदान करेगा। एमएलसी डॉण् हरिओम पांडे द्वारा आवंटित धनराशि के लिए माननीय मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा जिलाधिकारी के प्रयास की सराहना की। भाजपा जिला अध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी द्वारा इस पर खुशी जाहिर की गई। इस दौरान मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैनए अपर जिलाधिकारी डॉण् सदानंद गुप्ताए उप जिलाधिकारी अकबरपुरए जिला विकास अधिकारीए जिला सूचना अधिकारीए समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एनगर पालिकाएनगर पंचायत अध्यक्षए जनप्रतिनिधिए अन्य लोग मौके पर उपस्थित रहे।

अवगत कराना है कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप प्रदेश की वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी बनाए जाने के विजन के तहत जिलाधिकारी अविनाश सिंह के सराहनीय प्रयास से जनपद अंबेडकरनगर में औद्योगिक विकास प्राधिकरण व औद्योगिक कॉरिडोर को शासन द्वारा मंजूरी मिल गई है। मुख्यमंत्री द्वारा जहां अन्य जनपदों में एक कॉरिडोर का अनुमोदन किया गया है वहीं जनपद अंबेडकर नगर को प्राथमिकता देते हुए दो योजना का अनुमोदन हुआ है जनपद अंबेडकरनगर औद्योगिककरण को बढ़ावा मिलेगा। इन कॉरिडोर के स्थापित होने से जनपद नोएडाए ग्रेटर नोएडा की रेस में आ जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि कॉरिडोर की जमीनो से संबंधित किसानों के हितों का पूरा ख्याल रखा जाएगा। जनपद अंबेडकर नगर में पूर्व में औद्योगिक विकास प्राधिकरण व औद्योगिक कॉरिडोर की स्थापना के उद्देश्य से निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में 11 अगस्त 2023 को यूपीडा के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीपी वर्माए असिस्टेंट प्रोजेक्ट डायरेक्टर सतेंद्र कुमारए एसडीएम यूपीडा अजय शंकर पांडे एएसडीएम अकबरपुर पवन कुमार जायसवालए एसडीएम आलापुर सौरभ शुक्लाए एसडीएम जलालपुर सुनील कुमार व तहसीलदार सहित पूरी टीम द्वारा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे पर व बेवाना परगना व तहसील अकबरपुरए जनपद अम्बेडकरनगर में औद्योगिक विकास प्राधिकरण अम्बेडकरनगर के प्रयोजनार्थ भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया गया था। जनपद अंबेडकर नगर में पूर्व से एन0टी0पी0सी0 की यूनिटए एक सीमेन्ट फैक्ट्री एवं कई पावरलूम तहसील टाण्डा में सुचारू रूप से वर्तमान में संचालित है। यह जनपद वर्तमान में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से स्पदामक है तथा दूसरी तरफ अयोध्या से ेजंजम ीपही ूल से स्पदामक है भविष्य में जनपद अयोध्या में श्री राम मन्दिर की स्थापना से आधारभूत संरचना का विकास व पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगाए जिससे जनपद अम्बेडकरनगर में होटल उद्योग सहित कई प्रकार के उद्योगों के पनपने की असीम सम्भावना है ।पावलूम का हब होने के कारण कई बड़े कपड़ा उद्योग स्थापित किये जा सकते है।

औद्योगिक विकास प्राधिकरण हेतु प्रस्तावित स्थल पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से लगभग 7 किलोमीटर और जिला मुख्यालय से लगभग 18 किलोमीटर की दूरी पर है। इस प्राधिकरण की स्थापना से जनपदए राज्य स्तरीय एवं अन्य प्रदेशों के उद्यमियों को यहां आकर औद्योगिक इकाई लगाने में काफी आसानी होगी तथा यहां के लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। इसके साथ ही जनपद का चौमुखी विकास होगा। और नए विकास के द्वार खुलेंगे।

# मार्कन्डेय महादेव सिंह कार्मिक विभाग के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी बने



प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे कार्मिक विभाग मुख्यालय प्रयागराज में आज दिसंबर माह का सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी एवं सर्वश्रेष्ठ अनुभाग पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी अनुराग त्रिपाठी उपस्थित रहे। पुरस्कार समारोह में दिसंबर माह के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी का पुरस्कार मार्कन्डेय महादेव सिंह कार्यालय अधीक्षक कार्मिक विभाग प्रधान कार्यालय को गोपनीय राजपत्रित अनुभाग में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रदान किया गया। उनके द्वारा जोनल स्तर पर ग्रुप बी के विभिन्न पदों पर चयन प्रमोशन ग्रुप ए के पदों पर कन्फर्मेशन आदि से सम्बन्धित कार्यों का निष्पादन बड़ी ही कुशलता पूर्वक एवं कम समय में किया गया। वह कार्मिक विभाग के बड़े कर्मठ कर्मचारी हैं। इसी कड़ी में दिसंबर माह के सर्वश्रेष्ठ कार्यालय का पुरस्कार स्थापना राजपत्रित अनुभाग कार्मिक विभाग मुख्यालय को प्रदान किया गया। इस अनुभाग को यह पुरस्कार जोनल स्तर पर राजपत्रित अधिकारियों के स्थापना से जुड़े कार्यों जैसे स्थानांतरण पदस्थापना प्रतिनियुक्ति आदेश प्रशिक्षण पदोन्नति अचल संपत्ति एवं पासपोर्ट हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करना आदि जैसे कार्यों का कम समय में सफलता पूर्वक निष्पादित करने हेतु प्रदान किया गया। अनुभाग के सभी कर्मचारी इंचार्ज महबूब आलम मुख्य कार्यालय अधीक्षक के साथ मिलकर पूरी टीम भावना में राजेश शर्मा उप मुख्य कार्मिक अधिकारी राजपत्रित के निर्देशन में आवंटित कार्यों को बेहतर बनाने में प्रयासरत हैं। कार्यक्रम का आयोजन कार्मिक विभाग मुख्यालय के सभी कर्मचारियों के आत्मविश्वास रचनात्मकता एवं जिज्ञासा को बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया।

# भीटहा में भगवत कथा का शुभारम्भ



संतकबीरनगर। नाथनगर ब्लाक के भीटहा गांव में श्रीमद भागवत कथा का शुभ आरम्भ शुक्रवार को स्व. पंडित सूर्य नारायण चतुर्वेदी के स्मृति में शुरु हुआ। अयोध्या से पधारे कथा वाचक पंडित ज्ञान चंद्र द्विवेदी ने श्री गणेश वंदन से शुरु किये। हनुमान चालीसा से भक्तिमय पंडाल हुआ। कथा वाचक पंडित ज्ञान चंद्र द्विवेदी ने प्रथम दिन कथा सुनने का फायदा बताया कई जन्म के पुण्य कार्य से श्रीमद भागवत कथा सुनने का अवसर मिलता है। मंगला चरण से कथा शुरु हुई। स्वरूप, सामर्थ व स्वभाव का के विषय में बताये। मुख्य यजमान श्रीमती चंद्रवती देवी ने पूजन अर्चना की गोमती चतुर्वेदी, जनार्दन चतुर्वेदी, डॉ0 उदय प्रताप चतुर्वेदी, राकेश चतुर्वेदी, श्रीमती सविता चतुर्वेदी, श्रीमती शिखा चतुर्वेदी जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव, प्रचार्य चिंतामणि, नितेश द्विवेदी, मायाराम पाठक, आनन्द ओझा सहित भारी सख्या में श्रोता उपस्थित रहें।

# पुलिस अधीक्षक ने ली परेड की सलामी



संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड मे साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी /कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड के उपरान्त निर्माणाधीन मल्टीस्टोर आरक्षी बैरक, महिला आरक्षी बैरक का निरीक्षण व फायर ब्रिगेड के वाहनो का फॉग लाइट को चेक किया गया तथा पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन के आदेश कक्ष मे सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर शुक्रवार की परेड करायी गयी। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाया गया।

# भाजपा का संकल्प भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनानाः राजेंद्र मिश्रा



प्रयागराज। विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन अल्लापुर लेबर चौराहा और सुलेम सरांय में हुआ। मुख्य अतिथि महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि हमारा संकल्प की भारत आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बने। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की योजनाएं गांव गरीब किसान मजदूर नौजवान व्यापारी और महिलाओं के जीवन में खुशहाली लाने की गारंटी है। इस अवसर पर उन्होंने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए उपस्थित जनों के साथ संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा विधायक हर्षवर्धन बाजपेई ने कहा कि हमारा संकल्प है कि हमारा भारत विकसित राष्ट्र बने और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश विकसित राष्ट्र के लिए कदम बढ़ा चुका है जो पूरी दुनिया को मार्गदर्शन करेगा। नगर निगम के द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के द्वारा सरकार के विभिन्न योजनाओं से लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों के द्वारा अनुभव साझा किया गया। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर एलसीडी वैन के माध्यम से मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई और स्वास्थ्य परीक्षण निशुल्क उज्जवला गैस कनेक्शन आधार सेवा केंद्र निशुल्क आयुर्वेदिक दवा वितरण के कैंप लगाए गए। इस अवसर पर राजेश केसरवानी सचिन जायसवाल अर्चना शुक्ला भरत निषाद रामलोचन साहू संजय श्रीवास्तव नवीन प्रशांत शुक्ल कुलदीप मिश्र रवींद्र गाँधी संदीप कुशवाहा श्याम पाण्डेय संजीव जायसवाल नीलू शुक्ला मनोज राकेश राजेश पाठक आदि रहे।

# ज्ञानवापी मस्जिद विवाद में फैसला सुरक्षित



प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने दो दिन से चल रही लगातार बहस के बाद शुक्रवार को वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद और विश्वेश्वर मंदिर विवाद मामले में अपना फैसला सुरक्षित कर लिया है। लगातार चल रही सुनवाई के दूसरे दिन कोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर से जुड़ी चार याचिकाओं पर निर्णय सुरक्षित कर लिया है। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि इस मामले में कोर्ट इसी माह शीतावकाश से पूर्व फैसला दे सकती है। इस दौरान सिविल वाद की पोषणीयता को लेकर भी सवाल खड़े हुए। इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व पारित किए आदेश का हवाला भी दिया गया। सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड और अंजुमन इंतजामियां मस्जिद की ओर से दाखिल याचिकाओं पर न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ सुनवाई कर रही थी। दोनों याचियों की ओर से वाराणसी की जिला अदालत में 1991 में दाखिल सिविल वाद की पोषणीयता और ज्ञानवापी परिसर का एएसआई सर्वे कराए जाने की मांग को चुनौती दी गई है। वाद स्थानांतरित होने के बाद इस मामले की सुनवाई कर रही तीसरी कोर्ट ने तीन तिथियों में पूरी बहस सुन ली। शुक्रवार से पहले इस मामले में बृहस्पतिवार और पांच दिसंबर को सुनवाई हुई थी। दो दिनों से लगातार बहस जारी रही। मस्जिद पक्ष की ओर से जहां सिविल वाद की पोषणीयता पर सवाल उठाए गए और तर्क दिए गए कि यह पूजा स्थल अधिनियम 1991 और सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश सात और नियम 11 से प्रतिबंधित हैं। वहीं हिंदू पक्ष की ओर से कहा गया कि यह अधिनियम इस मामले में लागू नहीं होता है। दोनों पक्षों की ओर से अपने अपने तर्कों की पुष्टि के लिए हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट के दर्जनों केसों का हवाला दिया गया। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सीएस वैद्यनाथन को इस मामले में विश्वेश्वर मंदिर की तरफ़से पक्ष रखना था परन्तु सुप्रीम कोर्ट में किसी केस में उनके द्वारा बहस करने के चलते वह यहां इस केस में बहस करने के लिए उपलब्ध नहीं हो सके। कोर्ट ने उनकी तरफसे लिखित बहस देने की अनुमति दे दी है। सोमवार को कोर्ट में उनके तरफसे लिखित बहस दे दी जाएगी। मंदिर पक्ष की तरफसे अधिवक्ता विजय शंकर रस्तोगी और अजय कुमार सिंह ने पक्ष रखा और मस्जिद पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एसएफए नकवी और पुनीत गुप्ता ने बहस की।

# अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए डबल इंजन की सरकार संकल्पित : कमलेश श्रीवास्तव



अयोध्या। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत महानगर के तीन स्थानों पर कैम्प का अयोजन किया गया। अम्बेडकर नगर व निषाद नगर वार्ड ग्रामीण क्षेत्र के कर्मा कोड़री में आयोजित कैम्प में विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे। कैम्प में शिकायतकर्ताओं को शिकायतों को सूची बद्ध किया गया। भाजपा नेताओं द्वारा सरकारी योजनाओं के लाभाथियों से सम्पर्क व संवाद किया गया। उपस्थित जनसमूह को केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। अम्बेडकर नगर वार्ड में महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को बिना किसी भेदभाव दिया जा रहा है। पं दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धान्त पर पार्टी कार्य कर रही है। अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए डबल इंजन की सरकार संकल्पित है। मंडल अध्यक्ष रवि सोनकरए रामकुमार सिंह राजूए कैम्प के संयोजक जयप्रकाश श्रीवास्तव सहसंयोजक जितेन्द्र निषाद सहित पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। निषाद नगर वार्ड में महिला मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बसंती सिंह व अनूसूचित मोर्चा के अध्यक्ष सूरज सोनकर व पूरा क्षेत्र के कर्मा कोड़री में महानगर उपाध्यक्ष अरविंद सिंह कार्यक्रम संयोजक प्रदीप सिंहए दिनेश मिश्र आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रह कर जनसमुदाय से सम्पर्क व संवाद कर समस्या का निराकरण करवाया।

# अम्बेडकर सामाजिक समरसता के प्रणेताः प्रो. आशुतोष सिन्हा



अयोध्या। डॉ› राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग में बुधवार सायं बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो0 आशुतोष सिन्हाए प्रो0 विनोद श्रीवास्तव एवं माइक्रोबायोलॉजी के प्रो0 शैलेन्द्र कुमार द्वारा डॉ0 भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके अतिरिक्त छात्र.छात्राओं ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो0 आशुतोष सिन्हा ने डॉण् अम्बेडकर को सामाजिक समरसता का प्रणेता बताते हुए उनके द्वारा दलितोंए पिछड़ों एवं शोषितों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए दिए विशेष योगदान की विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया की बाबा साहेब जातिए धर्मए वर्णए लिंग आदि के आधार पर किसी भी प्रकार के विभेदीकरण के सख्त खिलाफ रहे और इसके उन्मूलन के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया। प्रो0 सिन्हा ने भारतीय संविधान में सामाजिकए आर्थिक एवं राजनैतिक न्याय की व्यवस्था का सम्पूर्ण श्रेय डॉण् अम्बेडकर को देते हुए इसको उनका विशिष्ट योगदान बताया। कार्यक्रम में उन्होंने डॉण् अम्बेडकर को महान अर्थशास्त्रीए प्रकांड विद्वान एवं महान राष्ट्रभक्त बताते हुए छात्रों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने के साथ राष्ट्रहित में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग में प्रो0 विनोद श्रीवास्तव ने छात्रों को डॉण् अम्बेडकर के जीवन से सीख लेने एवं अन्याय के खिलाफ संघर्ष एवं उसका विरोध करने की बात कही। कार्यक्रम में माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रो0 शैलेंद्र कुमार ने छात्रों से डॉ बाबासाहेब के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कहीं। उन्होंने डॉ0 अंबेडकर के जीवन वृत्त पर विस्तृत चर्चा की। डॉ0 अलका श्रीवास्तव ने अम्बेडकर के जीवन से संबंधित विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया।

# परीक्षा केन्द्रों पर मंथन



श्रावस्ती। भिनगा . जिलाधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा जिले में मानक के अनुरूप प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रों के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट कक्ष में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया है कि जिले में माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 प्रयागराज द्वारा मानक के अनुरूप पाये जाने पर 42 परीक्षा केन्द्रों को प्रस्तावित किया गया है। उन्होने बताया है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा शासनादेशानुसार राजकीय विद्यालयों के बाद आवश्यकतानुसार अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के परीक्षा केन्द्र बनाने के बाद आवश्यकता होने पर भौगोलिक क्षेत्र की आवश्यकतानुसार मैरिट में अधिक अंक प्राप्त विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया जाता है। तथा जिन क्षेत्र में विद्यालयों की सामान मैरिट है उसमें अधिक बालिका परीक्षार्थी वाले विद्यालयों को वरीयता दी जाती है। जिलाधिकारी ने बताया है कि इस वर्ष आयोजित होने वाली हाईस्कूलध्इण्टरमीडिएट परीक्षाओं हेतु जनपद में हाईस्कूल के 12192 व इण्टरमीडिएट के 8259 छात्र.छात्राएं परीक्षा देंगे। इस प्रकार जनपद में कुल 20451 छात्र.छात्राएं बोर्ड परीक्षा में प्रतिभाग करेंगे। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया है कि बोर्ड परीक्षा प्रारम्भ होने से पहले ही सभी तैयारियां पूर्ण करा ली जाए। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक मिथिलेश कुमार पुलिस क्षेत्राधिकारी जमुनहा सतीश कुमार शर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# हत्या में 5 अभियुक्त गिरफ्तार



**श्रावस्ती।** भिनगा थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पतिझिया में 7 दिसंबर को बुजुर्ग की लाठी डंडे से पीटकर हत्या की घटना घटित हुई थी। जिसका संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने प्रभारी निरीक्षक भिनगा को घटना में नामित सभी अभियुक्तों को तत्काल गिरफ्तार करने के कड़े निर्देश जारी किए थे। जिस क्रम में थाना कोतवाली भिनगा पुलिस ने 24 घंटे के अंदर हत्या में नामित सभी पांचो अभियुक्तों को मय आलाकत्ल के गिरफ्तार कर लिया गया। भिनगा कोतवाली अंतर्गत ग्राम पतिझिया निवासी तिलकराम पुत्र राममनोहर ने शुक्रवार 7 दिसंबर को थाना कोतवाली भिनगा पर उपस्थित आकर एक किता तहरीर बाबत बावत विपक्षीगण कोयले मुल्ले पुत्रगण छोटेलाल जगतराम पुत्र मुल्ले भुल्लू पुत्र मानें व नयन पुत्र कोयले के द्वारा गाली व जान से मारनें की धमकी देते हुये वादी के पिता राममनोहर उम्र करीब 63 वर्ष को लाठी डंडा से मारपीट कर मार डालनें के सम्बन्ध में दाखिल किया। तहरीर के आधार पर मु0अ0स0 593ध2023 धारा 147 149 504 506 302 प्च्ब् पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भिनगा महिमानाथ उपाध्याय द्वारा की जा रही थी । विवेचना के क्रम में 8 दिसंबर को प्रभारी निरीक्षक महिमानाथ उपाध्याय थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती मय हमराह का0 साहिल का0 दीपक चौधरी व का0 विवेक सिंह मय सरकारी वाहन व चालक हे0का0 रणविजय सिंह के साथ थानें से प्रस्थान कर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 593ध2023 धारा 147 149 504 506 302 भादवि की विवेचना व तलाश सम्बन्धित अभियुक्तगण के क्रम में क्षेत्र में मामूर थे कि जरिये मुखविर खास सूचना मिली कि घटना कारित करने वाले अभियुक्तगण इस समय इरफान के भट्ठे के पास गोबार मोड़ पर मौजूद हैं कहीं जानें की फिराक में मुखविर की सूचना पर विश्वास कर पुलिस टीम द्वारा गोवार मोड़ से हत्या कारित करनें वाले सभी 05 नफर अभियुक्त कोयले मुल्ले उर्फमुल्ला पुत्रगण छोटेलाल उर्फपोपल जगतराम पुत्र मुल्ले उर्फमुल्ला भुल्लू उर्फचेतराम पुत्र मानें उर्फहनुमान नयन उर्फ नरायन पुत्र कोयले निवासीगण ग्राम पतिझिया को गिरफ्तार किया गया।

# दिव्यांग बच्चों को उपकरण बांटे



संतकबीरनगर। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में ब्लॉक संसाधन केंद्र सेमरियावां पर समग्र शिक्षा के समेकित शिक्षा कार्यक्रम अंतर्गत परीषदीय विद्यालयो में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरण हेतु शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि आनंद त्रिपाठी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह उपस्थित रहे। शिविर कार्यक्रम में 10 अगस्त 2023 को पंजीकृत 92 बच्चों को 164 उपकरण उपलब्ध कराया गया। इसमें 25 ट्राई साइकिल, 16 व्हील चेयर, 10 सी0पी0 चेयर, 23 लोरेटर, 8 ब्रेलस्लेट, 7 ब्रेल किट, 6 सुगम्यछड़ी, 52 श्रवण यंत्र एवं 17 कैलीपर का वितरण किया गया गया। तदोपरांत महुआरी की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। स्वागत के क्रम में सांसद प्रतिनिधि आनंद त्रिपाठी का बैच लगाकर स्वागत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संयोजक जिला समन्वयक समेकित शिक्षा रजनीश बैद्यनाथ ने बताया कि सर्वप्रथम शासन की मंशा के अनुरूप इन बच्चों का चिन्हाकन किया जाता है। जिलाधिकारी के अनुमोदन से एल्मिको कानपुर द्वारा सामग्रियो की आपूर्ति की जाती है। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि आनंद त्रिपाठी ने बताया कि शासन द्वारा ऐसे दिव्यांग बच्चों के लिए जो योजनाएं चलाई जा रही है उनका लाभ उठाएं कोविड काल में जिनके माता पिता नही रहे ऐसे बच्चो एव जिनके माता-पिता में से कोई एक नहीं रहे, उन बच्चों के लिए प्रोबेशन विभाग की तरफसे ढाई हजार रुपए सहायता स्वरूप योजना चलाई जा रही है इसका लाभ ले। कार्यक्रम में अतिथियों को धन्यवाद खंड शिक्षा अधिकारी से सेमरियावा आशीष सिंह द्वारा दिया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि एडिशन जो एक महान वैज्ञानिक के दुनिया के सामने आज भी जाने जाते हैं उनके माता को विद्यालय में एक पत्र दिया और उसे पत्र में यह लिखा था कि आपका बच्चा हमारे विद्यालय मे पढ़ने योग्य नही है। सभी दिव्याग बच्चो को विद्यालय में नामाकित कराये शासन की सुबिधा का लाभ उठाये।

# साढ़े सात लाख बच्चे पियेंगे खुराक

● पल्स पोलियो अभियानः 10 से 15 दिसंबर तक चलेगा अभियानः जन्म से 05 वर्ष के बच्चों को पिलाई जाएगी दवा ● डीएम ने ली जिला टास्क फोर्स की बैठक



**लखीमपुर खीरी।** जिले में शून्य से पांच साल के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। यह छह दिवसीय अभियान दस दिसंबर से शुरू हो रहा है। गुरुवार को अभियान की तैयारियों को लेकर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट में जिला टास्क फोर्स की बैठक कर रणनीति तय की है। बैठक का संचालन सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी बच्चा पोलियो से बचाव की दवा पीने से न रह जाए। ड्यूलिस्ट के मुताबिक बच्चों को शिविर पर लाकर खुराक दिलाने में सभी लोगों को अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करना होगा। जनपद के जो हाई रिस्क एरिया हैं उन पर ज्यादा फोकस करें। आवश्यकता पड़ने पर धर्म गुरुओं और थाना प्रभारियों का सहयोग लिया जा सकता। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने जनपदवासियों से अपील की है कि अभिभावक निकटतम पोलियो बूथ पर जाकर अपने पाँच वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा जरूर पिलाएं और इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने पल्स पोलियो अभियान के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि इस अभियान के तहत शून्य से पाँच साल के 749950 बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाने का लक्ष्य है। बच्चों को बाइवलेन्ट ओरल पोलियो वैक्सीन दी जाएगी जो कि पोलियो वायरस टाइप.वन और टाइप .3 से सुरक्षा प्रदान करती है। पोलियो की दवा बूथ लगाकर और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर.घर भ्रमण कर बच्चों को पिलाई जाएगी। 10 दिसंबर को जिला अस्पताल सहित सभी सीएचसी, पीएचसी और हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर पर प्रातः आठ से शाम चार बजे तक बूथ लगाया जाएगा। इसके साथ ही अंगनबाड़ी केंद्रोंए प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों पर भी बूथ लगेंगे। 11 से 15 दिसंबर तक स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर.घर जाकर पोलियो से बचाव की दवा पिलाएंगे। इसके अलावा जो बच्चे दवा पीने से रह जाएंगे उनके लिए 18 दिसंबर को मॉप अप राउंड (टीम बी) चलाया जाएगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ प्रमोद कुमार वर्मा ने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए घर घर जाकर पोलियो से बचाव की दवा पिलाने के लिए 1356 टीमें बनाई गई हैं। इसके अलावा 112 ट्रांजिट टीमों द्वारा साप्ताहिक बाजारए मेलेए रेलवे व बस स्टेशन पर तथा 71 मोबाइल टीमों के द्वारा ईंट भट्टोंए मलिन बस्ती व निर्माणाधीन स्थलों पर जाकर शून्य से पाँच साल तक की आयु के बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाई जाएगी। अभियान के पहले दिन लगाए जाने वाले बूथों की संख्या 1912 है। इसके साथ ही अभियान में 405 सुपरवाइजर और और 4584 वैक्सीनेटर लगाए गये हैं। बैठक में एसीएमओ डॉ अनिल गुप्ता सभी एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ, एमओआईसी, डीपीएम अनिल यादव उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य विभाग और प्रशासनिक अधिकारी ने की मोहम्मदी में अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच




**मोहम्मदी खीरी।** जिलाधिकारी का निर्देश पर उपजिलाधिकारी डा. अवनीश कुमार, अपर सीएमओ लालता पासी ने सयुंक्त रूप से मोहम्मदी में संचालित 7 अल्ट्रासाउंड सेंट्रो पर पहुंचकर की जांचए अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी लालता पासी ने बताया कि मोहम्मदी में दो नए अल्ट्रासाउंड सेंटर के लिऐ आवेदन किया गया था तथा पहले से सचालित 5 अल्ट्रासाउंड सेंट्रो की जांच और सत्यापन के लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर सत्यापन करने के लिऐ उपजिलाधिकारी की उपस्थिति मे की गयी हैएउन्होंने बताया सभी संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालकों को उचित दिशा निर्देश भी दिए गए हैं इस टीम में लखीमपुर शहर डॉक्टर गोपाल गंगवार सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# वृद्ध आश्रम के बुजुर्गों में मिली खांसी और सीओपीडी की समस्या

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**सर्दी** के साथ ही बुजुर्गों में खांसी और सीओपीडी की समस्या बढ़ गई है। जिसे देखते हुए बुजुर्गों को ठंड से बचने की सलाह जिरियाट्रिक फिजिशियन डॉ शिखर बाजपेई द्वारा दी गई। इसी के साथ मधुमेह और उच्च रक्तचाप के मरीज का भी रोटीन चेकअप किया गया। डॉ शिखर बाजपेई ने बताया कि एनपीएचसी कार्यक्रम के अंतर्गत बुजुर्ग देखभाल कार्यक्रम संचालित है और इसी के तहत वृद्ध आश्रम सालिमपुर कौन में एक मासिक शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसमें 60 बुजुर्गों की जांच की गई और इन्हें दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई। इस दौरान शुगर और ब्लड प्रेशर की समस्या के साथ ही सर्दी के कारण बुजुर्गों में खांसी और सीओपीडी की समस्या भी बढ़ गई है। बुजुर्गों को ठंड से बचने की सलाह दी गई। वहीं उन्हें स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रम के अंतर्गत दवाएं भी वितरित की गई।

# शराब पीकर वाहन चलाने पर होगी कार्रवाईः यातायात प्रभारी

● चेकिंग के दौरान काटे सैतालिस वाहनों के चालान

**संवाददाता।** कन्नौज



ब्रेथ एनालाईजर मशीन से चालक की चेकिंग करते यातायात प्रभारी।

**पुलिस अधीक्षक** अमित कुमार आनंद के निर्देशानुसार व अपर पुलिस अधीक्षक डॉ अरविंद कुमार के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी यातायात शिव प्रताप सिंह के नेतृत्व में यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खान द्वारा हाईवे 91 में हरदोई मोड़ से लगाकर जसोदा टोल प्लाजा तक खतरनाक ढंग से खड़े ट्रकों के चालान किए गए। साथ ही ट्रक चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया।

शुक्रवार को यातायात प्रभारी आफाक खॉन ने बताया कि आज 47 चालान किए गए हैं। ट्रैक्टर ट्रालियों में सवारियां बैठाकर चलने वाले ट्रैक्टर चालकों को यातायात नियमों के प्रति जानकारी देते हुए सवारियां ना बैठा कर चलने की सलाह दी गई। साथ ही ट्रैक्टरों की ट्रालियों में रिफ्लेक्टर लगाए गए। वहीं पाल चौराहे में चेकिंग के दौरान एक टेंपो चालक शराब पीकर वाहन चलाते हुए पाया गया। जिसको प्रभारी द्वारा कोतवाली में निरुद्ध कर दिया गया।

प्रभारी द्वारा बताया गया कि हरदोई मोड़ ओवर ब्रिज से पाल चौराहे की तरफ ब्रिज के ढाल पर आधे रोड पर एक प्राइवेट बस खड़ी मिली। जिसमें सवारियां बैठी थीं और कुछ सवारियां और बस चालक ढाबे में चाय पी रहे थे। जहां पर बस खड़ी थी वह जगह बहुत खतरनाक थी। जिस पर बस चालक का चालान किया गया। यातायात प्रभारी द्वारा बताया गया कि आने वाले कोहरे के मौसम में दुर्घटनाएं रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में लगातार कार्यवाही की जा रही है।

# पुलिस ने कच्ची शराब बरामद कर दो को पकड़ा

**संवाददाता।** गुरसहायगंज (कन्नौज)

**शुक्रवार** की सुबह अपराध नियंत्रण हेतु शांति व्यवस्था में हमराह सिपाहियों के साथ गस्त कर रहे कोतवाली के उप निरीक्षक आनंद कुमार मिश्रा ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम नौसारा व सूलनपुर के बीच तेरह नंबर ट्यूबवेल के पास छापेमारी की जहां दो लोगों के पास से दस लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में आरोपी युवकों ने अपना नाम चंदगी राम गिहार पुत्र सियाराम निवासी गिहार बस्ती सराय प्रयाग बताया है। जबकि दूसरे युवक ने अपना नाम राजेश वर्मा पुत्र पूसे लाल वर्मा निवासी ग्राम नौसारा बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## क्विक न्यूज

### बेटे के विवाह की रात मां ने फांसी लगा कर दे दी जान

**बरेली।** बेटे के विवाह समारोह के दौरान बारात घर से घर लौट कर मां ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने जांच शुरू कर दी। सुभाषनगर थाना क्षेत्र के गांव करगेना स्थित बीडीए कॉलोनी निवासी सिद्ध गोपाल मिश्रा की 45 वर्षीय पत्नी काजल मिश्रा ने बीती रात घर में छत से लगे पंखे से दुपट्टा बांधकर फांसी लगा ली सिद्ध गोपाल ने बताया कि कल रात उसके छोटे बेटे अभिषेक मिश्रा का विवाह समारोह हो घर से कुछ ही दूरी पर एक बारात घर में आयोजित किया गया था काजल भी विवाह समारोह में मौजूद थी लेकिन देर रात उसने बड़े बेटे राजा मिश्रा से कहा कि वह उसे घर तक छोड़कर आ जाए राजा उसे मोटरसाइकिल से घर पर छोड़कर वापस बारात घर आ गया और काजल घर में अकेली थी उसने इसी दौरान पंखे से लटक कर फांसी लगा ली कई घंटे बाद जब घर के लोग वापस लौटे तो उन्होंने काजल की लाश को फांसी पर लटके देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची। काजल का बारात घर में किसी से विवाद हुआ था इसके बाद वह घर वापस आयी थी ।

### आरपीएफ के सिपाही ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**बरेली।** किराए के कमरे में रहने बाले आरपीएफमें तैनात एक सिपाही ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली सूचना मिलने पर आरपीएफके कई अधिकारीऔर पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी मौके पर जहरीला पदार्थ के पाउच व अन्य सामान बरामद हुआ। सीबीगंज थाना क्षेत्र के स्लीपर रोड स्थित एक किराए के कमरे में रहने बाले सीबीगंज मैं तैनात आरपीएफके जवान हरियाणा के कैथल जिले के पुंडरी निवासी 27 वर्षीय सिपाही मनदीप ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली उसकी लाश कमरे में ही उसके बिस्तर पर पाई गई मकान मालिक राजन श्रीवास्तव ने घटना की सूचना पुलिस को दी कुछ देर बाद मौके पर थाना प्रभारी राधेश्याम, दरोगा रत्नेश कुमार और आरपीएफकमांडेंट ऋषि पांडे इंस्पेक्टर केदार यादव डेमो आफ चौकी प्रभारी दीपक सिंह कश्यप मौके पर पहुंचे पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तो मौके से सल्फास के पाउच, कोल्ड ड्रिंक की खाली बोतल व गिलास बरामद हुआ बताया जाता है कि मनदीप का स्थानांतरण कुछ दिन पहले गोरखपुर कर दिया गया था और दो दिन पहले उसे यहां से कार्यमुक्त भी कर दिया गया था लेकिन वह गोरखपुर नहीं गया और मानसिक रूप से तनावरेस्ट चल रहा था पुलिस में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी।

### महिला की ससुराल में मौत, पति और ससुर हिरासत में

**बरेली।** एक महिला की ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने पति और ससुर को हिरासत में लेकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा घटना के बाद मृतका की बेटी को लेकर उसका देवर और सास फरार हो गए। मीरगंज थाने के गांव कपूरपुर निवासी विकास की 22 वर्षीय पत्नी रीगल की बीती रात घर में ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई गांव में ही रहने वाले मृतक के भाई रितिक ने बताया कि उसके पिता सत्यवीर ने सन 2020 में रीगल का विवाह गांव के ही रहने वाले विकास से किया था जो अक्सर रीगल के साथ मारपीट करता था और कम दहेज लाने के लिए प्रताड़ित करता था रीगल एक बेटी की मां थी बेटी पैदा होने के बाद से रीगल को और अधिक परेशान किया जाने लगा बीती रात रीगल की ससुराल वालों ने गला दबाकर हत्या कर दी और मायके वालों को सूचना नहीं दी गांव के हीं कुछ लोगों ने उन्हें सूचना दी तब वह रीगल की ससुराल पहुंचे जहां उन्हें उसकी लाश जमीन पर पड़ी मिली उसका देवर प्रद्युम्न और सास माया उसकी1साल की बेटी को लेकर फरार हो चुकी थी पुलिस से घटना की शिकायत की गई तब पुलिस ने पति और ससुर को हिरासत में ले लिया और लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी।

### फतेहगंज पश्चिमी में तालाब में मिली लाश

**बरेली।** थाना फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे मोहल्ला नई वस्ती अजहरी मस्जिद के पास तालाब में मिली युवक की लाश सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा। थाना क्षेत्र के मोहल्ला नई वस्ती अजहरी मस्जिद के पास तालाब में लाश मिलने पर वहां भीड़ लग गईलाश की पहचान तालाब के आसपास के लोगों ने कस्बा निवासी रिफाकत खांन उम्र करीब 45 वर्ष पुत्र अनवार खांन के रुप में की इस मामले में कार्यवाहक थाना प्रभारी ब्रहमपाल सिंह ने बताया कि युवक नशे का आदि था लाश को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

### बटबारे के विवाद में महिला से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** बटबारे के विवाद को लेकर महिला के साथ तीन लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर न सिर्फघायल कर दिया बल्कि धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम आलमपुर निवासी अन्नू देवी पत्नी उमेश द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि गुरुवार की शाम उसके परिवार के ही तीन लोगों ने बंटवारे के विवाद को लेकर गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा जॉच शुरू कर दी गई है।

# चार लोगों के विरुद्ध दहेज एक्ट का मामला दर्ज

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराली जनों द्वारा विवाहिता के साथ अभद्रता व मारपीट करने एवं धमकी देने सहित पिता से मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर निवासी रुखसार पत्नी शाहिद द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि बीते वर्ष उसकी शादी शाहिद पुत्र बदरुल के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन पति शाहिद, सास अनीसन, जेठ सददू निवासीगण इस्माइलपुर तथा डुंडवा बुजुर्ग निवासी सोनी ने अतिरिक्त दहेज में एक बुलेट मोटरसाइकिल व पॉच लाख रूपयों की मांग की। उसके द्वारा असमर्थता जताने पर विगत 9 नवंबर को उक्तगणों नें उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी दी और उसके पिता रोशन रजा के साथ भी मारपीट की तथा उसका पति उसकी पल्सर मोटरसाइकिल मायके से ले गया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम-वीवीपैट मशीनों के एफएलसी कार्य का किया निरीक्षण



**बरेली।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार ने आज भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उप्र के निर्देशानुसार ईवीएम/वीवी पैट मशीनों के एफएलसी (फर्स्ट लेवल चेकिंग) कार्य का वेयर हाउस परसाखेड़ा पहुंच कर निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों में निर्देश दिये कि चल रहे कार्यों की वेबकास्टिंग हेतु इंटरनेट को निर्बाध रूप से चलना चाहिए और पुरानी मशीनों की अच्छे से साफ-सफाई कराने के भी निर्देश दिये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने ई.वी.एम. एवं वी.वी. पैड मशीनों की एफएलसी का कार्य को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने तथा सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबन्द रखने हेतु संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उक्त क्षेत्र की व्यवस्थाओं बेरीकैटिंग, एफएलसी करने वाले समस्त कर्मचारियों के लिए आईडी कार्ड, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा की स्थापना, निर्वाचन आयोग को सीधी वेब कास्टिंग के लिए समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# बढ़ाया माटीकला कारीगरों का हौसला

**संवाददाता।** बरेली




**उप्र** माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित मण्डल स्तरीय माटीकला पुरस्कारों के वितरण का कार्यक्रम उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र, परिसर कम्पनी गार्डेन में सम्पन्न हुआ।बरेली मण्डल के समस्त जनपदों से कुल 07 माटीकला कारीगरों द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा उनके द्वारा अपने प्रदर्शन एवं सुन्दर उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। प्रथम पुरस्कार बदायूँ के चेतराम को रूपये 15000.00 (पन्द्रह हजार), पीलीभीत के भूपेन्द्र कुमार को द्वितीय पुरस्कार रूपये 12000.00 (बारह हजार) तथा प्रेमपाल जनपद बरेली को तृतीय पुरस्कार स्वरूप रूपये 10000.00 (दस हजार) के रेखांकित चेक, अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह तथा सम्मान पत्र मा0 विधायक कैण्ट संजीव अग्रवाल ने वितरित किया। मा. विधायक जी ने माटीकला कारीगरों के प्रदर्शन/मॉडलों की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित कर गुणवत्ता युक्त माटीकला उत्पादों को तैयार कर आधुनिक उपयोग की वस्तुएं हर स्तर के लोगों के प्रयोग हेतु उपलब्ध कराने एवं हानि रहित होने के कारण उनके अधिक से अधिक प्रयोग करने पर बल भी दिया। इस अवसर पर मण्डल के जनपदों के जिला ग्रामोद्योग अधिकारी/कर्मचारी, उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र, माटीकला के शिल्पियों/ कारीगरों सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। यह जानकारी परि/जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अजय पाल ने दी है।

# राजपूत करणी सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की हत्या पर रोष व्यक्त करते हुए किया प्रदर्शन

**संवाददाता।** बरेली



**अखिल** भारतीय क्षत्रिय महासभा के कार्यकर्ताओं ने एडवोकेट धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को दिया जिसमें राजपूत करणी सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या पर रोष व्यक्त करते हुए धरना प्रदर्शन किया और मांग की इस सुखदेव सिंह की हत्यारो को यथा शीघ्र गिरफ्तार किया जाए और उनके इस हत्या से राजपूत समाज को बहुत ठेस पहुंची है और हम इसका कड़े शब्दों में निंदा करते हुए विरोध करते हैं।

उनको अपनी जान का खतरा था और उन्होंने सुरक्षा की मांग भी की थी लेकिन राजस्थान सरकार ने उन्हें कोई सुरक्षा मुहैया नहीं कराई और उनका कत्ल हो गया अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने सुखदेव सिंह की हत्यारो को 3 माह के भीतर फास्ट्रेक कोर्ट के माध्यम से मौत की सजा दिलाने की मांग की है इसके साथ ही सुखदेव सिंह की परिजनों को 5 करोड़ का मुआवजा दिलाने परिवार के सदस्यों को सरकारी नौकरी दिलाने की भी मांग की है ज्ञापन देने वालों में भारती सिंह चौहान अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा महिला प्रकोष्ठ के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आग से बचाब, सुरक्षा, आपदा में लगे वार्डेन्स को किया गया सम्मानित

**संवाददाता।** बरेली



**नागरिक** सुरक्षा कोर बरेली के तत्वावधान में ष्आग से बचाव और सुरक्षा तथा आपदा में लगे वार्डेन्स के सम्मान समारोहष् में वार्डेन्स को मुख्य अतिथि महानिदेशक (नागरिक सुरक्षा) मुकुल गोयल (आईपीएस) ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। यह समारोह पुलिस लाइंस स्थित रवींद्रालय हाल में हुआ।प्रशस्ति पत्र वितरण उपरान्त मुख्य अतिथि मुकुल गोयल ने सर्वोत्तम कार्य के लिए सर्वप्रथम नागरिक सुरक्षा के उच्चाधिकारियों व वार्डेन्स को बधाई देते हुए कहा कि उनका कार्य निरूस्वार्थ भाव से समाज में लोगों की सुरक्षा करना रहा है जिसे वार्डेन्स बड़े मनोयोग व सक्रियता से पूरा करते हैं, वह अति प्रशंसनीय व अनुकरणीय है। उन्होंने अपने बरेली जिले में एसपी सिटी से लेकर आईजी तक के कार्यकाल को याद करते हुए बरेली के लोगों के प्रेम व सदभाव की भावना की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जो भी अधिकारी यहां रहता है उसे यहां की जनता का पूर्ण सहयोग और प्यार मिलता है। उन्होंने कहा कि नागरिक सुरक्षा एक ऐसी संस्था है जिसके वार्डन समाज सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं चाहें वह महामारी में प्रशासन का सहयोग हो,चाहें सांप्रदायिक सदभाव बनाना हो, यातायात जागरूकता, मतदाता जागरूकता हो, मॉक ड्रिल हो, आपदा से निपटना हो या उसका प्रशिक्षण हो, इन सबमें सिविल डिफेंस के वालंटियर्स सदा आगे रहते हैं। ये वालंटियर्स जनता और प्रशासन के बीच मजबूत कढ़ी का कार्य करते हैं। ये पुलिस प्रशासन के मल्टीप्लायर होते हैं। मुझे बताया गया कि बरेली में वर्ष भर औसतन। 450 के लगभग जुलूस निकलते हैं किन्तु इतना मुश्किल कार्य सिविल डिफेंस के वालंटियर्स द्वारा शासन और प्रशासन को बहुत आसान हो जाता है। पूरे देश विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में प्रशासन का ऐसा कोई कार्य नहीं है जिसमें सिविल डिफेंस के वालंटियर्स की जरूरत ना पड़ती हो। प्रशासन को को हर प्रकार की आपदाओं में आपकी सहायता की आवश्यकता पड़ती है। इसी हेतु वार्डेन्स को प्रशिक्षण की आवश्यकता पड़ती है और वार्डन को प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण से आपदा आदि से कुशलता से निपटा जाता है। केन्द्र में एनडीआरएफ में अपनी नियुक्ति के दौरान उन्होंने इसके कार्यों को देखा। सिविल डिफेंस का वालंटियर्स जज्बे के समाज में आपदाओं से निपटने में खड़ा रहता है। अभी नागरिक सुरक्षा दिवस के अवसर पर बरेली में एक दिसम्बर से 6 दिसम्बर तक विभिन्न कार्यक्रम जैसे मॉक ड्रिल,रक्तदान जैसे कार्यक्रम हुए उसके लिए मैं बरेली के सिविल डिफेंस के वालंटियर्स,अधिकारियों का हृदय से बधाई व शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने स्कूलों में आपदा प्रबंधन , आग से बचाव सहित छात्रों को प्रशिक्षण आयोजित करते रहने का आव्हान किया।

# श्री अन्न को बढ़ावा देकर किसानों को आत्मनिर्भर बना रही सरकारः शाही

● चित्रकूट में रबी उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन

**संवाददाता।** चित्रकूट





**राष्ट्रीय** रामायण मेला प्रेक्षागृह में आयोजित मंडलीय रबी उत्पादकता गोष्ठी -2023 का उद्घाटन मुख्य अतिथि रहे उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने फीता काटकर एवं मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। गोष्ठी की अध्यक्षता कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने की। इस मौके पर मंत्री ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया। गोष्ठी में चित्रकूट धाम मंडल बांदा, झांसी एवं कानपुर मंडल के अधिकारी व किसानों की सहभागिता रही। इस मौके पर मंत्री कृषि सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि आज तीन मंडलों की रबी उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन भगवान कामतानाथ जी की धरती चित्रकूट पर होगा बड़े सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि कृषि से संबंधित उत्पादन बढ़ाने के लिए बीज परिवर्तन बहुत महत्वपूर्ण है, बीज सभी कृषि भंडारों पर उपलब्ध है। प्रदेश में मटर, मसूर, दलहन-तिलहन का रकबा बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि दलहन तिलहन का उत्पादन बढ़े इसके लिए तीनों मंडलों के 71हजार किसानों को विभिन्न बीजों के मिनीकिट वितरित किया गया है। आजादी से पहली बार प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह कार्य हुआ है। मंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र को आगे बढ़ाना है तो रासायनिक उर्वरक का प्रयोग कम करें और प्राकृतिक खेती को अपनाए। उन्होंने कहा कि 1947 से काफी समय तक श्री अन्न का उत्पादन हुआ है। अब इन फसलों के उत्पादन में वर्ष 2035 एवं 38 तक यूपी को आत्मनिर्भर बना लेंगे।

वहीं कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड के किसान प्राकृतिक खेती को बढ़ाकर स्वालंबी बने। दलहन- तिलहन की खेती को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया।

# मोबाइल की दुकान में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा



**चित्रकूट।** प्रभारी निरीक्षक थाना पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल के मार्गदर्शन में थाना पहाड़ी पुलिस ने मोबाइल की दुकान में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो अभियुक्तों को चोरी के दो मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया ।

उल्लेखनीय है कि बीती 9अक्टूबर को वादी प्रवीण कुमार श्रीवास्तव पुत्र राजेश कुमार श्रीवास्तव निवासी पहाड़ी बुजुर्ग थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट द्वारा थाना पहाड़ी में सूचना दी कि कस्बा पहाड़ी राजापुर रोड स्थित उनकी दुकान सपना मोबाइल से अज्ञात चोरों ने मोबाइल चोरी कर लिए हैं, इस सूचना पर थाना पहाड़ी में मुकदमा पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल द्वारा घटना का संज्ञान लेकर उप निरीक्षक रविकांत राय को घटना के अनावरण हेतु लगाया गया । उपनिरीक्षक रवि रक्कांत राय द्वारा अपनी टीम अथक प्रयास करते हुये मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त वेद प्रकाश मिश्रा पुत्र स्व शारदा प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम जोगी जोत बेलवरिया थाना धानेपुर जनपद गोंडा तथा अभियुक्त अजय राव पुत्र श्याम सुंदर निवासी फैजुल्ला जहरुल्ला थाना जीयनपुर जनपद आजमगढ़ को चोरी के दो मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया।

# प्रत्येक छूटे हुए पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकताः धर्मवीर

● सामूहिक रूप से विकसित भारत संकल्प यात्रा संबंधी शपथ दिलायी

● कल्याणकारी योजनाओं के लाभ प्रमाण पत्र पाकर ग्रामीणों के खिले चेहरे

**संवाददाता।** उरई, जालौन




**आमजन** को जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरुक करते हुए प्रमुख योजनाओं के संतृप्तीकरण एवं योजनाओं के लाभ की कहानी लाभार्थियों की जुवानी जानने के उद्देश्य से राज्यमंत्री, (स्वतंत्र प्रभार) कारागार एवं होमगार्ड विभाग उप्र धर्मवीर प्रजापति की अध्यक्षता में ग्राम अमीटा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया।

प्रभारी राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा अंतिम पायदान तक योजनाओं के आच्छादित करने हेतु यह संकल्प यात्रा चलायी जा रही है, जिसके माध्यम से गांव-गांव, घर-घर तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा देश की माताओं-बहनों को उज्वला योजना का उपहार देकर उन्हें चूल्हे के धुयें से मुक्ति दिलायी है, आज हर पात्र व्यक्ति के पास अपनी पक्की छत है, हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंच रहा है और पेंशन योजनाओं का लाभ मिल रहा है। किसानों को किसान सम्मान निधि की धनराशि उनके स्वयं के बैंक खातों में पहुंच रही है। आयुष्मान योजनान्तर्गत 5 लाख तक का उपचार पाकर लोगों को इलाज के खर्च से मुक्ति मिली है, बच्चों एवं महिलाओं को नियमित रुप से पोषाहार दिया जा रहा है। इन सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लाभार्थियों तक बिना किसी प्रभारी मंत्री ने उपस्थित अधिकारियों एवं जनमानस को विकसित भारत संकल्प यात्रा संबंधी शपथ दिलायी तथा प्रभारी मंत्री ने विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित ग्रामीणों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

# सिद्धदोष, विचाराधीन बंदियों को दी गई महत्वपूर्ण कानूनी जानकारियां




**उरई, जालौन।** जिला विधिक सेवा प्राधिकारण अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह के निर्देशन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, अपर जिला जज, महेन्द्र कुमार रावत के मार्गदर्शन में शुक्रवार को जिला कारागार उरई में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में उपस्थित सिद्धदोष, विचाराधीन बंदियों को महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी प्रदान की गयी।

शिविर में चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम विश्राम सिंह द्वारा धारा 436 ए के लाभ, समयपूर्व रिहाई और बंदियों के अधिकारों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 436 ए के अंतर्गत मृत्युदंड दिए जाने जैसे किसी अपराध के अभियुक्त, आरोपी नहीं हैं, और उस अपराध, जिसके आप अभियुक्त हैं के लिए निर्धारित अधिकतम कारावास की अवधि की आधी अवधि पूरी कर ली है, तो जमानत, व्यक्तिगत बंध पत्र पर रिहा किया जाना आपका अधिकार है।

कार्यक्रम में डिप्टी, लीगल एड डिफ्न्स काउन्सिल उमेश कुमार मिश्रा द्वारा निरुद्ध बन्दियों को धारा 436ए आईपीसी के अंतर्गत जमानत होने के पश्चात यदि एक सप्ताह में प्रतिभू दाखिल नहीं हो पाते हैं, तो सम्बन्धित न्यायालय के समक्ष इस आशय का प्रार्थना पत्र देने पर कि वह प्रतिभू दाखिल करने में अक्षम है, न्यायालय से व्यक्तिगत बंधपत्र पर छोड़े जाने की याचना कर सकते हैं।

# शहरी लाभार्थियों को प्रमाण पत्र बांट आवास निर्माण का किया भूमि पूजन



**कोंच, जालौन।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी क्षेत्र के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण और नए लाभार्थियों हेतु आवास निर्माण कार्य हेतु भूमि पूजन किया गया। क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन के मुख्य आतिथ्य और पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, एसडीएम, परियोजना अधिकारी डूडा कृष्ण कुमार, भाजपा नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया के विशिष्ट आतिथ्य में गोखले नगर में आयोजित किए गए कार्यक्रम की शुरुआत विधायक ने दीप प्रज्वलन कर की, तदुपरांत विधायक सहित मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया गया। विधायक ने हाल ही में आवास योजना का लाभ प्राप्त कर चुके लाभार्थियों को प्रमाण पत्र बाँटे और नए लाभार्थियों हेतु निर्मित किए जाने वाले आवासों हेतु उच्चारित मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन किया। इस मौके पर अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि पीएम मोदी ने गरीबों के चतुर्मुखी विकास का जो संकल्प लिया वह तेजी से पूरा हो रहा है।

# परियोजनाओं में लापरवाही मिली तो सीडीपीओ पर होगी कार्रवाईः डीएम

**संवाददाता।** उरई, जालौन




**जिलाधिकारी** राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला पोषण समिति, कन्वर्जेन्स विभाग व आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, एनआरसी में बच्चों का संदर्भन, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण, अधिकारियों द्वारा गोद लिये आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण एवं तीव्र अतिकुपोषित (सैम) बच्चों को दुधारु गाय उपलब्ध कराने के विषय पर विस्तृत समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि तीव्र अतिकुपोषित (सैम) श्रेणी के बच्चों में और अधिक सुधार कराये तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा मुख्य सेविकायें सैम बच्चों की निगरानी करें जिससे वह बच्चा दोबारा सैम श्रेणी में न आये। परियोजना कुठौन्द, कदौरा, माधौगढ़, रामपुरा, डकोर व कोंच द्वारा कोई भी सैम श्रेणी का बच्चा एनआरसी में भर्ती नहीं कराया गया है। अग्रिम समीक्षा बैठक तक सभी परियोजनाओं से सैम बच्चों में सुधार होना चाहिये अन्यथा संबंधित सीडीपीओ व मुख्य सेविका का वेतन रोकते हुये प्रतिकूल प्रविष्टि कर दी जायेगी।

समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने गोद लिये आंगनबाड़ी केन्द्र पर निरीक्षण कर सूचना जिला कार्यक्रम कार्यालय में प्रेषित करें तथा निरीक्षण के समय हॉटकुक्ड फूड योजना के माध्यम से कितने बच्चों को गर्म भोजन दिया जा रहा है इसका भी मूल्यांकन करेंगे।

## क्विक न्यूज

### रोडवेज पिकअप में टक्कर, एक की मौत चार घायल

**फर्रुखाबाद।** तेज रफ्तार रोड़बेज ने पिकअप को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे पिकअप सवार पांच लोग घायल हो गये। जिसमे से गंभीर एक घायल जो लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जनपद कासगंज नगलाटटी निवासी देशराज सिंह बीते 6 दिसंबर को राजू पुत्र तेजपाल की पिकअप से जलालाबाद शाहजहांपुर से मुंगफली खरीदनें जा रहा था। थाना राजेपुर के मुडडनपुर की मढैइयन के पास बीती रात लगभग 12 बजे गुजरे तो सामने ट्रक खड़ा होने से चालक नें गाड़ी रोक ली। उसी दौरान पीछे से आयी तेज रफ्तार रोडबेज ने पिकअप को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे पिकअक आगे खड़े ट्रक में घुस गयी। जिससे उसमे बैठी पांच सबारियां घायल हो गयी। देशराज को एम्बुलेंस से लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां देशराज को मृत घोषित कर दिया।

### मुड़या इंटर कालेज में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



**घाटमपुर।** शुक्रवार को क्षेत्र के मुड़या गांव स्थित संत बैरागी बाबा इंटर कालेज में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा कानपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष दिनेश कुशवाहा और विशिष्ठ अतिथि के रुप में भाजपा किसान मोर्चा कानपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष संदीप बाजपेयी ने संयुक्त रुप से फीता काट कर शुभारम्भ किया, पहला जूनियर कबड्डी (छात्राओ) मैच अन्डर (16) बैरागी बाबा इन्टर व महत्मा गांधी कालेज के बीच हुआ जिसमें महात्मा गांधी की जूनियर टीम विजयी रही। कार्यक्रम में भाजपा कानपुर ग्रामीण के जिला महामंत्री बेदबृत सचान, मंत्री दलजीत सिंह के अलावा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री श्रीकृष्ण मिश्रा, संजय चौहान, हरनाथ सिंह, कल्लू सिंह, जयवीर आदि प्रमुख लोग भी मौजूद रहे, संचालन उमेश द्विवेदी ने किया।

### इंजीनियर व पुलिस कर्मी के घर हुई लाखों की चोरी

**फर्रुखाबाद।** इंजीनियर व पुलिस कर्मी के घर पर बीती रात चोरों नें घटना को अंजाम दिया। घर से लाखों का सामना चोरी कर लिया गया। पुलिस नें मौके पर आकर जांच की। नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम ढडीयापुर निवासी इंजीनियर कुलदीप कुमार एवं पुलिसकर्मी योगेश कुमार के मकान पर उनका छोटा भाई देवेश कुमार अपनी मां पद्मावती के साथ रहता है। कुलदीप लखनऊ व योगेश कानपुर में तैंनात है। 27 नवंबर को देवेश कुमार की पक्की के दौरान दोनों भाई घर आये थे और अपनी मां पद्मावती को साथ ले गये। जिस कारण देवेश घर पर अकेला हो गया। वह बीती रात अपने कमरे में पढ़ाई करने के दौरान सो गया इसी बीच चोरों ने घर में घुसकर पहले एक कमरे को साफ किया, इसके बाद ऊपर छत पर दूसरे कमरे में दो सैफऔर बक्से में रखा सामान साफकर दिया।

### केंद्रीय राज्यमंत्री आज जिले में

**फतेहपुर।** जिले की सांसद व भारत सरकार की उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण व ग्रामीण विकास राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति का कल जनपद में आगमन होगा। यह जानकारी देते हुए भाजपा जिला मंत्री एवं सांसद कार्यालय प्रवक्ता शिव प्रताप सिंह ने बताया कि प्रातः 11 बजे विजयीपुर विकास खंड के पंचायत भवन परिसर ग्राम पंचायत गढीवा-मंझगवा व अपराह्न डेढ़ बजे पंचायत भवन परिसर ग्राम पंचायत मड़ौली में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सहभागिता करेंगी। अपराह्न तीन बजे लोक निर्माण विभाग के निर्मित पिपरहा का डेरा से महोली का डेरा मजरे महावतपुर असहट सम्पर्क मार्ग का लोकार्पण करके सायं चार बजे सर्किट हाउस खागा में कार्यकर्ताओं पार्टी पदाधिकारियों व नागरिको से भेंट कर जनसमस्याओं का समाधान करेंगी।

### अब विद्युत उपभोक्ताओं का घर बैठे होगा समाधान

**फतेहपुर।** शहर के समस्त सम्मानित उपभोक्ताओं के लिए अब शहर में विद्युत विभाग आपके द्वार अभियान शुरू कर दिया गया है। इसमें उपभोक्ता को किसी भी प्रकार की बिल एवं मीटर से संबंधित समस्या होने पर नियुक्त कर्मचारी को प्रार्थना पत्र दे सकते हैं। इस अभियान से उपभोक्ताओं के समय की भी बचत होने के साथ साथ घर बैठे बिजली बिल का समाधान होगा। जो उपभोक्ता देय तिथि के पहले बिल जमा करेंगे उनको भी छूट का लाभ दिया का रहा है। बेहतर उपभोक्ता सेवा हेतु उनके द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सरकार की महत्वाकांक्षी एकमुश्त समाधान योजना में सभी बकायेदार उपभोक्ता ब्याज माफी का लाभ लेकर बिल जमा करें ताकि कनेक्शन काटने की नौबत न आने पाए। हमारा उद्देश्य कनेक्शन काटना नहीं है लेकिन तमाम तरह के प्रयास डोर नोकिंग, फोन कालिंग, एनाउंसमेंट आदि कराने के बाद भी ओटीएस योजना में बिल जमा नहीं होता है तो संयोजन विच्छेदन करने हेतु बाध्य होना पड़ता है।

# भारत संकल्प यात्रा के तहत कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने लगाई चौपाल

**संवाददाता।** पुखरायां, कानपुर देहात



**भारत** संकल्प यात्रा को लेकर उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने विकास खंड मलासा के मुरलीपुर एवं डीघ में चौपाल लगाई। वहां उपस्थित भारी जन समूह को संबोधित करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। इस दौरान जनसमस्याओं से रूबरू हुए।

प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने भारत संकल्प यात्रा के दौरान विकास खंड मलासा के मुरलीपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में चौपाल लगाई। मुरलीपुर की सभा में उन्होंने बताया कि केंद्र व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने हर गरीब को हर सुविधा पहुंचाने की प्रयास किया है। जिसके तहत हर जरूरतमंद को आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना, हर घर टोंटी योजना, हर घर में शौचालय की सुविधा दी जा रही है। मुरलीपुर के पहले उन्होंने डीघ ग्राम में भी भारत संकल्प यात्रा को संबोधित किया था। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार न केवल गरीब बल्कि व्यापार व किसान वर्ग के लिए भी चिंतत है। शिक्षित बेरोजगारों के लिए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री रोजगार योजना के तहत सस्ते दामों पर कम ब्याज पर ऋण भी दिया जा रहा है। जिससे नव युवक अपना उद्योग लगाकर जीवन यापन कर रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने भी भारत संकल्प यात्रा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि मोदी गारंटी योजना देश की जनता समझ रही है। जिसके तहत मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ की जनता ने उसको स्वीकार किया है। प्रधानमंत्री का मुख्य उद्देश्य की चारों ओर रामराज हो। हर गरीब को रोजगार मिले। किसान व व्यापारी वर्ग कुशल हो। जिसके तहत पूरे विधानसभा भोगनीपुर में भारत संकल्प यात्रा गांव गांव निकल रही है।

## बाल श्रम उन्मूलन के तहत 16 बाल श्रमिक कराए मुक्त

**कानपुर देहात।** ऑपरेशन मुक्ति के अंतर्गत जिलाधिकारी आलोक सिंह एव पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देश के क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी एव सहायक श्रमायुक्त के मार्गदर्शन में शुक्रवार को थाना एएचटीयू के निरीक्षक सुरजीत कुमार मय टीम हेका देवेश कुमार यादव, मुकेश कुमार श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव ,अरविंद कुमार सोनकर, बाल संरक्षण अधिकारी श्री धर्मेंद्र कुमार ओझा की संयुक्त टीम द्वारा थाना भोगनीपुर क्षेत्र में 'बाल एवं किशोर श्रमिकों के अवमुक्तीकरण व पुनर्वासन हेतु बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया। संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग अभियान के दौरान 16 बाल श्रमिकों को चिन्हित करते हुए बाल श्रम नियोक्ताओं को भविष्य मे बाल श्रम न कराने की चेतावनी देते हुये नियोक्ताओं के खिलाफ श्रम विभाग द्वारा कार्रवाई की गयी। अभियान के दौरान समस्त प्रतिष्ठानों के सेवायोजकों को बाल श्रम न कराने सम्बन्धी निर्देश दिये गये।

# डीएम के एकतरफा निर्णय से कटरी के किसानों में उपजा रोष



**फतेहपुर।** फिरोजपुर कटरी में नियम विरुद्ध खनन मामले में जिलाधिकारी द्वारा बिना दोनों पक्षों की बात सुने ठेकेदार के पक्ष में एकतरफा निर्णय से भूमिहीन ग्रामीण किसानों में रोष है। किसानों ने गांव छोड़कर पलायन करने का भी मन बनाया है। गांव पहुंचे भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष संतोष सिंह राजू से ग्रामीणों ने स्थिति से अवगत कराते हुए जिला प्रशासन के एकतरफा निर्णय अवगत कराया।

भूमिहीन किसान व ग्रामीणों ने घोषणा किया कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो पूरा गांव खाली करके पलायन को मजबूर होंगे। ग्रामीणों का मानना है कि खनन स्थल से गांव मात्र दो सौ मीटर व डलमऊ पुल चार सौ पचास मीटर पर ही है। चिन्हित ऊंचाई वाले स्थान पर यदि खनन हुआ तो फतेहपुर, रायबरेली को जोड़ने वाले डलमऊ पुल के साथ-साथ कटरी गांव व अगल बगल के गांवों की हजारों हेक्टेयर जमीन गंगा में समा जायेगी। गांव पहुंचने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार द्विवेदी, नीरज निषाद, आशुतोष मिश्रा, जय सिंह वर्मा, बबलू मिश्रा, नीरज निषाद, जीतू सिंह सहित अनेक भाजपा नेता रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में हुआ भारत विकसित संकल्प यात्रा का आयोजन



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत मसेनी ब्लॉक बढ़पुर में भारत विकसित संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलित कर जिलाधिकारी ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया एवं कार्मक्रम में जिलाधिकारी ने गर्भवती महिला की गोद भराई करने के साथ कृ साथ नवजात शिशु को खीर खिलाकर अन्न प्राशन कराया।

भारत विकसित संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा भेजी गयी एल0ई0डी0 वैन के माध्यम से सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की डॉक्युमेन्ट्री एवं कृषि कार्य में प्रयोग हेतु ड्रॉन प्रदर्शन का ग्रामीणों द्वारा अवलोकन किया गया।

जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाए। यदि कोई पात्र लाभार्थी किसी कारणवश वंचित रह गया है तो कार्यक्रम में ही आवेदन कराकर योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत विकसित संकल्प यात्रा में कोई भी पात्र लाभार्थी जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित ना रहे। कार्यक्रम में समाज सेवा डा रजनी सरीन, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0ए खण्ड विकास अधिकारी बढ़पुर, बाल विकास परियोजना अधिकारी बढ़पुर आदि उपस्थित रहे।

# राज्यपाल ने बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय की नैक ग्रेडिंग को लेकर प्रस्तुतीकरण की ऑनलाइन समीक्षा की



**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ राजभवन से ऑनलाइन जुड़कर बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालयए झांसी के नैक हेतु पियर टीम के समक्ष किए जाने वाले प्रस्तुतिकरण का अवलोकन और समीक्षा की। उन्होंने समीक्षा के दौरान विस्तृत विवरण के साथ बने प्रस्तुतिकरण को कम शब्दों में सुदृढ़ संयोजन के साथ बनाने को कहाए जिससे पियर टीम के सदस्य कम समय में ही अधिकाधिक जानकारियाँ प्राप्त कर सकें। उन्होंने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, विशेषताओं को शीर्ष प्राथमिकता से दर्शाने, हाइपर लिंक में विशेष सुविधाओं के गतिविधि युक्त फोटो जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की उपलब्ध सुविधाओं और विभिन्न गतिविधियों से लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों के आंकड़े भी विवरण में दर्शाएं तथा पड़ोसी देशों से आकर शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों का भी विवरण में उल्लेख करें। ज्ञातव्य है कि विश्वविद्यालय इससे पूर्व तीन बार नैक में ग्रेडिंग हासिल कर चुका है। वर्ष 2017 में तीसरी बार मूल्यांकन में विश्वविद्यालय ने अपना अधिकतम बी प्लस प्लस ग्रेड प्राप्त किया था। राज्यपाल के नेतृत्व में विश्वविद्यालय कई गुणवत्तापूर्ण सुधार के साथ इस बार ष्एन0आई0आर0एफ0ष् में भी फार्मेसी में 83वीं रैंक हासिल कर चुका है तथा नैक के लिए चौथी बार अपनी सेल्फस्टडी रिपोर्ट दाखिल कर चुका है। अब दिसम्बरए 2023 में इसके लिए पियर टीम भ्रमण प्रस्तावित हुआ हैए जिसके लिए विश्वविद्यालय के कुलपति मुकेश पाण्डेय द्वारा आज राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुतिकरण दिया गया। राज्यपाल ने प्रस्तुतिकरण में विविध सुधारों को समय के अंतर्गत सही करने के निर्देश के साथ विश्वविद्यालय में गुणवत्ता सुधार और रैंकिंग उन्नयन के लिए विविध कार्यशालाओं में प्रतिभागए अन्य राज्यों के विश्वविद्यालयों में भ्रमण और वहाँ के व्यवस्थागत सुधारों को अपने यहां लागू कराना, अन्य विश्वविद्यालयों की तुलना में अपनी अद्वितीय विशेषताओं का जिक्रए विद्यार्थियों को विषय चयन में उपलब्ध लचीलापनए लैंगिक समानता में ट्रांसजेण्डर्स को उपलब्ध सुविधाओं का उल्लेख प्रस्तुतिकरण में करने को कहा।

## ट्रक छोड़ भागा चालक, तोड़ी खनिज निरीक्षक की गाड़ी

**हमीरपुर।** गुरुवार देर रात हमीरपुर शहर में खनिज बिभाग के निरीक्षक को देखते ही बालू से भरा ट्रक चालक वाहन छोडकर भाग निकला। ढाल में खड़ा ट्रक आगे बढ़ने लगा तभी खनिज निरीक्षक के चालक ने ट्रक को नियंत्रण किया अन्यथा बहुत बड़ी घटना हो जाती। ट्रक के लुढ़कने से खनिज निरीक्षक की गाड़ी का अगला हिस्सा ध्वस्त हो गया। इसमे लोकेशन बाजों का पूरा हाथ बताया जाता है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक खनिज निरीक्षक पंकज कुमार ओवरलोड वाहनों की जांच कर रहे थे, तभी लोकेशन बाज ने आगे निरीक्षक के खडे होने की मोवाइल से सूचना दी और मौरंग से भरा ओवरलोड ट्रक को पीछे मोड़कर वापस जाने लगा मगर निरीक्षक को देखते ही चालक ने ट्रक को ढाल में ही खड़ा कर भाग निकला,ट्रक के ढाल में खड़ा होने के कारण लुढ़कने लगा और सामने खड़ी खनिज निरीक्षक की कार में ट्रक ने टक्कर मार दी।

# डीएम ने जनता दर्शन लगा सुनीं समस्याएं



**फतेहपुर।** जिलाधिकारी सी. इन्दुमती ने शुक्रवार को जनता दर्शन लगाया। आई शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने पर डीएम ने जोर दिया। डीएम कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन में दूर दराज क्षेत्र से आए हुए फरियादियों की समस्याओं को जिलाधिकारी सी. इन्दुमती ने सरल एवं सहज भाव से सुना। फरियादियों को आश्वस्त किया कि समयबद्धता के साथ नियमानुसार शिकायतों का निस्तारण किया जायेगा। आज जनता दर्शन के दौरान 41 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को प्रार्थना-पत्र में निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों को पारदर्शिता, गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक ढंग से समय सीमा के अंतर्गत निस्तारण किया जाये। इस कार्य में किसी भी तरह की हीलाहवाली न बरती जाये। यदि फरियादी दोबारा उसी शिकायत को लेकर उनके पास आया तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

## विकास भवन में चला मतदाता जागरूकता अभियान

**फतेहपुर।** स्वीप के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी सी इंदुमती के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान जिला विकास अधिकारी प्रमोद सिंह चंदरौल व स्वीप आइकॉन डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में विकास भवन परिसर में देश का फॉर्म फॉर्म-6 व मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने फीता काटकर व सर्वप्रथम मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान के बैनर पर हस्ताक्षर कर शुभारंभ किया। साथ ही सभी को मतदाता जागरूकता निवेदन पत्रक भी वितरित किया। तत्पश्चात मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व आमजन को मतदाता शपथ भी दिलाई।

# भारत हमारा रणनीतिक साझेदार : अमेरिका

## ● हत्या की साजिश में शामिल लोगों को जवाबदेह ठहराना जरूरी

भाषा। वाशिंगटन



**अमेरिका ने भारत** को एक रणनीतिक साझेदार बताते हुए कहा है कि वह उसके साथ कई क्षेत्रों में संबंधों को और अधिक मजबूत बनाना चाहता है, लेकिन वह यह भी चाहता है कि भारत न्यूयॉर्क में एक सिख अलगाववादी की हत्या की साजिश के मामले की गहन जांच करे और इसमें शामिल लोगों को जवाबदेह ठहराए। राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने इस कथित षड्यंत्र का असर भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों पर पड़ने की संभावना से जुड़े एक प्रश्न का उत्तर देते हुए यह कहा। किर्बी ने यहां बृहस्पतिवार को व्हाइट हाउस के एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, भारत एक रणनीतिक साझेदार है। हम इस रणनीतिक साझेदारी को और गहरा कर रहे हैं। वह प्रशांत में क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) का सदस्य है। हम कई मामलों पर उनके साथ मिलकर काम कर रहे हैं और हम चाहते हैं कि यह इसी प्रकार जारी रहे। इसी के साथ हम इन आरोपों की गंभीरता को भी निश्चित रूप से समझते हैं। अमेरिका में संघीय अभियोजकों ने 29 नवंबर को आरोप लगाया था कि निखिल गुप्ता नाम के भारतीय नागरिक ने एक भारतीय सरकारी अधिकारी के साथ मिलकर सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रची थी, जो सफल नहीं हो पाई। पन्नू के पास अमेरिका तथा कनाडा की नागरिकता है। किर्बी ने कहा, हम चाहते हैं कि इसकी गहन जांच हो और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को उचित तरीके से जवाबदेह ठहराया जाए। उन्होंने कहा, इस मामले की सक्रियता से जांच की जा रही है। हमने कहा है कि हमें इस बात की खुशी है कि भारतीय समकक्ष इसे गंभीरता से ले रहे हैं और ऐसा (गहन जांच) कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि इन हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों को पूरी तरह जवाबदेह ठहराया जाए, लेकिन मैं जांच पूरी होने से पहले और कुछ नहीं कहूंगा। भारत ने अमेरिकी धरती पर सिख अलगाववादी की हत्या की साजिश रचने के आरोपी व्यक्ति के साथ एक भारतीय अधिकारी का नाम अमेरिका द्वारा जोड़े जाने को चिंता का विषय बताया है।

## पूर्व में गठित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद आज के संदर्भ में प्रासंगिक नहीं है: भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई राजदूत रुचिरा कंबोज ने कहा है कि पूर्व में गठित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद आज के परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिक नही है। संयुक्त राष्ट्र मे भारत की स्थाई राजदूत ने साथ ही यह भी प्रश्न किया कि क्या 1945 की सुरक्षा व्यवस्था 2023 में भी कारगर है। कंबोज ने सुरक्षा परिषद में अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए खतरे: अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध, बढ़ती चुनौतियां और नए खतरे विषय पर बृहस्पतिवार को आयोजित चर्चा में यह बात कही। उन्होंने प्रश्न किया, अगर शांति सुनिश्चित करना ट्रिलियन डॉलर का प्रश्न है तो क्या हमारे पास आज के वक्त के हिसाब से और समसामयिक हकीकत को प्रदर्शित करने वाला शांति संबंधी बुनियादी ढांचा है। कंबोज ने कहा, क्या 1945 की सुरक्षा व्यवस्था 2023 में भी कारगर है? पूर्व में गठित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद आज के परिप्रेक्ष्य में अप्रासंगिक ही है। दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश भारत सुरक्षा परिषद में सुधार का वर्षो से प्रयास कर रहा है और उसका कहना है कि वह सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता पाने का हकदार है। संयुक्त राष्ट्र की यह शीर्ष संस्था अपने वर्तमान स्वरूप मे 21वी सदी की भू-राजनीतिक हकीकत को नही दिखाती।

# अमेरिकी राष्ट्रपति के बेटे हंटर बाइडन पर कर संबंधी नौ आरोपों में अभियोग लगाया गया

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडन के बेटे हंटर बाइडन पर बृहस्पतिवार को कैलिफोर्निया में कर संबंधी नौ आरोपों में अभियोग लगाया गया। डेलावेयर में 2018 में बंदूक की अवैध खरीदारी के अलावा हंटर पर गुंडागर्दी के तीन और दुराचार के छह नए आरोप लगाए गए हैं।अमेरिका में मादक पदार्थ का सेवन करने वाला शख्स अपने पास बंदूक या कोई अन्य हथियार नहीं रख सकता है, लेकिन आरोपों के अनुसार, हंटर ने ऐसा कर अमेरिकी कानून का उल्लंघन किया था। विशेष वकील डेविड वीस ने एक बयान में कहा, हंटर बाइडन ने अपने कर बिलों का भुगतान करने के बजाय अपनी विलासितापूर्ण जीवनशैली पर लाखों डॉलर खर्च किए। बयान के मुताबिक, हंटर बाइडन पर लगाया गया यह आरोप 2016 से 2019 के बीच कम से कम 14 लाख अमेरिकी डॉलर के बकाए कर पर केंद्रित हैं। इस अवधि में उन्होंने नशे की लत से जूझने की बात भी स्वीकार की है। वीस ने कहा कि दोषी पाए जाने पर हंटर बाइडन को 17 साल तक की जेल हो सकती है। उन्होंने कहा कि विशेष जांच जारी रहेगी। बचाव पक्ष के वकील एब्बे लोवेल ने वीस पर मामले में रिपब्लिकन पार्टी के दबाव के आगे झुकने का आरोप लगाया।लोवेल ने एक बयान में कहा, तथ्यों और कानून के आधार पर, अगर हंटर का उपनाम बाइडन के अलावा कुछ और होता, तो उनपर डेलावेयर और अब कैलिफोर्निया में आरोप नहीं लगाए जाते। व्हाइट हाउस ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। अभियोजक लियो वीस ने कहा कि कैलिफोर्निया की अदालत में दाखिल दस्तावेजो में हंटर के खर्च का ब्यौरा है। इन दस्तावेजों के अनुसार, हंटर ने मादक पदार्थों, आलीशान होटलों, महंगी कारों और अपनी महिला मित्रों पर भारी भरकम राशि खर्च की लेकिन उन्होंने करों का भुगतान नहीं किया।

## अमेरिका: फुटबॉल टीम के पूर्व भारतीय-अमेरिकी कर्मी पर धोखाधड़ी का आरोप

**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक फुटबॉल टीम के भारतीय मूल के पूर्व वित्तीय प्रबंधक पर अपनी खर्चीली जीवनशैली के लिए फ्रेंचाइजी से दो करोड़ 20 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक की रकम की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया गया है। अमित पटेल ने 2018 से पांच साल तक जैक्सनविले जगुआर के लिए काम किया था। जैक्सनविले के अमेरिकी जिला न्यायालय में दायर दस्तावेजो के अनुसार, पटेल पर ऑनलाइन धोखाधड़ी और अवैध मौद्रिक लेनदेन के एक मामले के संबंध में आरोप लगाया गया है। संघीय अभियोजकों द्वारा मंगलवार को दाखिल किए गए आरोप पत्र के अनुसार, केवल पटेल टीम के वर्चुअल क्रेडिट कार्ड (वीसीसी) कार्यक्रम की देखरेख करता था और उसने इस पद का दुरुपयोग कर अपनी निजी खरीदारी को व्यावसायिक खर्चो के रूप में दिखाया।

## गयाना की सेना का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, पांच अधिकारियों की मौत

**जॉर्जटाउन।** गयाना सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि वेनेजुएला की सीमा के पास दुर्घटनाग्रस्त हुए एक हेलीकॉप्टर में सवार पांच सैन्य अधिकारियो की मौत हो गई है जबकि इस हादसे में दो अधिकारी बच गए है। दक्षिण अमेरिकी देश गयाना का सैन्य हेलीकॉप्टर बुधवार को सैनिको के नियमित निरीक्षण के लिए अधिकारियो को ले जाते समय खराब मौसम के दौरान वेनेजुएला सीमा से लगभग 30 मील (48 किलोमीटर) पूर्व में वन क्षेत्र मे लापता हो गया था। गयाना के राष्ट्रपति इरफान अली ने सोशल मीडिया पर एक बयान पोस्ट कर कहा, हमारे कुछ बेहतरीन सैनिको की दुखद मौत से मेरे हृदय को काफी पीड़ा हो रही है। गयाना के प्रधानमंत्री मार्क फिलिप्स ने कहा कि अधिकारी अभी भी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे है कि हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने का कारण क्या है।

## इराक की राजधानी बगदाद में अमेरिकी दूतावास पर रॉकेट हमला

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद मे स्थित अमेरिकी दूतावास पर शुक्रवार सुबह हुए रॉकेट हमले मे छिटपुट माली नुकसान हुआ है, लेकिन कोई हताहत नही हुआ। अमेरिकी और इराकी अधिकारियो ने यह जानकारी दी। इराक के एक अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार को 14 कत्युशा रॉकेट दागे गए, जिनमे से कुछ दूतावास के द्वार के निकट, जबकि अन्य नदी मे गिरे। अधिकारी ने कहा कि रॉकेट से छिटपुट माली नुकसान हुआ है,लेकिन कोई हताहत नही हुआ। अमेरिकी सेना के एक अधिकारी ने कहा कि दूतावास परिसर और यूनियन तीन के आसपास अमेरिका और गठबंधन बलों पर कई रॉकेट हमले हुए। अधिकारी ने बताया कि किसी के हताहत होने और बुनियादी ढांचे को कोई नुकसान की खबर नही मिली है।

## सऊदी अरब की वायुसेना का लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो सदस्यों की मौत

**दुबई।** सऊदी अरब की वायुसेना का एक एफ-15एसए लड़ाकू विमान बृहस्पतिवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना मे चालक दल के दो सदस्यों की मौत हो गई। सऊदी प्रेस एजेंसी ने सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल तुर्की अल-मालिकी ने कहा कि दुर्घटना जहरान मे अब्दुल अजीज वायुसेना अड्डे पर प्रशिक्षण मिशन के दौरान हुई। अल-मालिकी ने दुर्घटना के बारे मे कोई और जानकारी नही दी। एफ-15एसए मैकडॉनेल डगलस लड़ाकू विमान का एक प्रकार है। सऊदी अरब के सैन्य बेड़े मे ऐसे दर्जनो लड़ाकू विमान है। जुलाई मे खमीस मुशीत मे किंग खालिद वायुसेना अड्डे पर एक विमान दुर्घटना मे दो पायलट की मौत हो गई थी।

## अमेरिका मे भारतीय मूल के मोटल मालिक की गोली मारकर हत्या

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** उत्तर कैरोलीना राज्य के न्यूपोर्ट शहर में भारतीय मूल के 46 वर्षीय मोटल मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि हमलावर ने खुद को भी कमरे में बंद करके गोली मार ली, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। बुधवार को जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो उसे मोटल के अंदर सतएन नाइक नामक व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा मिला, जिसके शरीर पर गोलियों के निशान थे। न्यूपोर्ट पुलिस के प्रमुख कीथ लुइस ने कहा, 10 बजने के कुछ ही देर बाद 911 सेंटर को कॉल आई कि एक व्यक्ति जबरन हॉस्टेस हाउस में घुसने की कोशिश कर रहा है। न्यूज–टाइम्स समाचार पत्र ने लुइस के हवाले से कहा, पीछे से शोर–गुल सुनाई दे रहा था और इसके कुछ ही देर बाद एक और कॉल आई कि एक व्यक्ति को गोली मार दी गई है। गोली लगने के बाद आपात कर्मी नाइक को कार्टेरेट हेल्थ केयर ले गए। बाद में उसे मृत घोषित कर दिया गया।

# सीओपी28: पर्यावरण मंत्री ने जलवायु संकट के समाधान के लिए युवाओं का आह्वान किया

भाषा। दुबई



**युवाओं** को परिवर्तन का वाहक करार देते हुए पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने शुक्रवार को देशों से कहा कि वे जलवायु संकट के समाधान के लिए युवाओं को मुख्य भूमिका में लाएं। यादव यहां सीओपी28 में संयुक्त राष्ट्र के बाल निकाय यूनिसेफ के साथ भारत द्वारा ग्रीन राइजिंग पहल शुरू किए जाने संबंधी कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस पहल का उद्देश्य युवाओं के नेतृत्व वाली जलवायु कार्वाइयों और समाधानों को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि ग्रीन राइजिंग ग्लोबल इनिशिएटिव कम से कम एक करोड़ बच्चों के लिए जलवायु परिवर्तन पर देशों की महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय कार्य योजनाओं में योगदान करने का मार्ग प्रशस्त करेगी। यह उल्लेख करते हुए कि युवा एक स्थाई विश्व का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण वाहक हैं, लेकिन वे जलवायु परिवर्तन से प्रभावित सबसे कमजोर समूहै भी हैं, पर्यावरण मंत्री ने कहा कि युवा जलवायु संकट के लिए सबसे कम जिम्मेदार हैं लेकिन वे इसके सबसे खराब परिणाम भुगत रहे हैं। उन्होंने कहा, लेकिन इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि युवा जलवायु कार्वाई में बहुमूल्य योगदानकर्ता हैं। वे नवप्रवर्तक, उद्यमी और सकारात्मक परिवर्तन लाने की इच्छा रखने वाले पर्यावरण के प्रति जागरूक व्यक्तियों के रूप में परिवर्तन के वाहक हैं। युवा आज जलवायु कार्वाई में तेजी लाने के अपने प्रयासों को बढ़ाने के लिए शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी का सर्वोत्तम उपयोग कर रहे हैं। यादव ने कहा, बदलाव लाने के लिए युवाओं को सही ज्ञान और कौशल से युक्त करना हमारी जिम्मेदारी है। इस सही ज्ञान में प्रौद्योगिकीय शक्ति और पर्यावरणीय समझ का मिश्रण होना चाहिए। यादव ने इस बात पर जोर दिया कि भारत पारिस्थितिकी को बचाने और अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के सिद्धांत के साथ आगे बढ़ रहा है और उन्हें खुशी है कि इस दिशा में एक वैश्विक शुरुआत हो रही है। उन्होंने कहा,यह महत्वपूर्ण है कि भविष्य के नेताओं और जलवायु प्रणाली की प्रेरक शक्तियों के रूप में युवाओं की क्षमता का निर्माण करने के उद्देश्य से संयुक्त पहल की जाए।

## ताइवान जलडमरूमध्य में चीनी सैन्य निगरानी गुब्बारा देखा गया: ताइवानी रक्षा मंत्रालय

**ताइपे।** ताइवान जलडमरूमध्य में एक चीनी सैन्य निगरानी गुब्बारा और बड़े पैमाने पर भेजे गए सैन्य विमान एवं पोत देखे गए हैं। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि गुब्बारा बृहस्पतिवार रात उत्तरी बंदरगाह शहर कीलुंग के दक्षिण–पश्चिम से गुजरा और पूर्व की ओर बढ़ने के बाद संभवत: प्रशांत महासागर में गायब हो गया। बहरहाल, इस बात को लेकर अनिश्चितता नजर आई कि यह गुब्बारा सीधे चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की सैन्य शाखा पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) द्वारा संचालित किया गया था या नहीं। मंत्रालय ने इसे पीएलए निगरानी गुब्बारा और। पीआरसी का गुब्बारा दोनों के रूप में संदर्भित किया है। चीन के आधिकारिक नाम चीनी जनवादी गणराज्य का संक्षिप्त नाम पीआरसी है। रक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि उसके पास कोई और जानकारी नहीं है। ताइवान ने ऐसे गुब्बारों को मार गिराने की धमकी दी है, लेकिन मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि इस मामले में क्या कोई कार्वाई की गई।

# पुतिन ने की राष्ट्रपति पद का अगला चुनाव लड़ने की घोषणा



भाषा। मॉस्को

**रूस के** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने घोषणा की है कि वह देश के शीर्ष पद के लिए 2024 में होने वाला अगला चुनाव भी लड़ेंगे। रूस की सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। पुतिन ने इस घोषणा से छह साल के एक और कार्यकाल के लिए अपनी इच्छा जाहिर कर दी है, जिसमें उनका जीतना तय माना जा रहा है। उन्होंने क्रेमलिन पुरस्कार समारोह के बाद 17 मार्च के राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने के अपने फैसले की घोषणा की। समारोह में युद्ध में भाग ले चुके पूर्व सैनिकों और अन्य लोगों ने पुतिन से फिर से चुनाव लड़ने का अनुरोध किया, जिसे क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने सहजै टिप्पणी के रूप में वर्णित किया। कार्यक्रम के बाद क्रेमलिन द्वारा जारी एक वीडियो में पुतिन ने कहा, मैं इसे आपसे नहीं छिपाऊंगा – समय के साथ मेरे पास इसके बारे में विभिन्न विचार थे, लेकिन अब, आप सही हैं, निर्णय लेना आवश्यक है। मैं रूसी संघ के राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ूंगा। लगभग एक चौथाई सदी तक सत्ता में रहने के बाद और यूक्रेन युद्ध के काफी महंगा साबित होने के बावजूद पुतिन को अभी भी व्यापक समर्थन प्राप्त है। यूक्रेन युद्ध में रूस के भी हजारों लोग मारे गए हैं और इसकी वजह से रूस के भीतर बार–बार हमले हुए हैं तथा एक हमला क्रेमलिन पर भी हुआ। जून में एवगेनी प्रिगोझिन द्वारा किए गए अल्पकालिक विद्रोह से व्यापक अटकलें लगने लगी थीं कि पुतिन अपनी पकड़ खो सकते हैं,।

# फलस्तीनी नागरिक दक्षिणी गाजा में युद्ध के नए दौर से बचने की कोशिश कर रहे

भाषा। राफा (गाजा पट्टी)



**सड़के** बुरी तरह तबाह हो चुकी हैं, जिसकी वजह से शवों और घायलों को अस्पताल लाने के लिए खच्चर गाड़ियों का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। हताश परिजन खून में लथपथ शवों और घायलों को लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। गाजा पट्टी के दक्षिणी शहर खान यूनिस में फलस्तीनी चिकित्सक नसीम हसन (48) ने कहा कि हर जगह फैले मरीजों के कारण नासिर अस्पताल से गुजरना असंभव हो गया है। उन्होंने कहा कि जब वह अस्पताल के हॉल से गुजरे तो भयग्रस्त मरीज उनकी बांह पकड़कर खींचने लगे। हसन ने कहा कि वे खून से सने फर्श पर कराहते रहे, सोए और मर गए।डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने कहा, 350 बिस्तरों वाले अस्पताल में उनके मुख्य कर्मचारियों को।,000 से अधिक रोगियों की आमद से निपटने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।हसन ने कहा जब मैं एक पल के लिए इसके बारे में सोचता हूं, तो मेरी आंखें नम हो जाती हैं। संयुक्त राष्ट्र मॉनिटर्स ने कहा कि अस्पताल को 29 नवंबर के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहली खेप मिली। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने लगभग 4,500 रोगियों के लिए क्षेत्र में राहत सामग्री आपूर्ति पहुंचाई। हाल के दिनों में, इजराइली टैंक दक्षिणी गाजा में घुस गए हैं, जिसकी शुरुआत खान यूनिस से हुई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, यह युद्ध के एक नए दौर की शुरूआत है। मंत्रालय के अनुसार युद्ध में पहले ही 17,000 फलस्तीनी नागरिक मारे जा चुके हैं। वहीं संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक 19 लाख लोगों को इससे विस्थापित होना पड़ा।

# ओसीडी हाथ धोने या साफ-सफाई से कहीं अधिक हानिकारक

भाषा। शेफ़ील्ड (यूके)



**मैट का कहना** है कि 12 साल की उम्र में, पता नहीं कहां से उसके मन में बार–बार यह विचार आने लगा कि क्या वह अपना जीवन समाप्त करना चाहता है। हर बार जब वह चाकू देखता, तो खुद से पूछता: क्या मैं खुद को चाकू मारने वाला हूँ? या, जब वह किसी खाई के पास होता तो सोचता: क्या मैं कूदने जा रहा हूँ? मैट ने किशोर अवसाद के बारे में बहुत कुछ सुना था और उसने सोचा कि यही सब चल रहा होगा। लेकिन यह भ्रमित करने वाला था, वह कहते हैं: मुझे आत्महत्या जैसा महसूस नहीं हो रहा था, मैं वास्तव में अपने जीवन में बहुत खुश था। मुझे बस खुद को चोट पहुँचाने के लिए कुछ करने का तीव्र डर था। कुछ ही समय बाद, एक कुख्यात प्रतिबंधित फिल्म के बारे में सुनकर घबराए मैट ने सवाल करना शुरू कर दिया कि क्या वह, केंद्रीय चरित्र की तरह, एक सीरियल किलर हो सकता है।ए विचार आते–जाते रहे और वह बिस्तर पर लेटे–लेटे ख्यालों में दौड़ता रहता था, यह पता लगाने की कोशिश करता था कि क्या वह पागल हो रहा है : मुझे वास्तव में मदद की ज़रूरत थी। मुझे नहीं पता था कि किससे बात करनी है, लेकिन इसे ओसीडी के रूप में सोचना मेरे रडार पर नहीं था। ओबसेसिव कंपलसिव डिसआर्डर (ओसीडी) 21वीं सदी में एक महत्वपूर्ण मानसिक स्वास्थ्य निदान है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इसे जीवन की गुणवत्ता में कमी लाने के मामले में दस सबसे अक्षम बीमारियों में से एक के रूप में सूचीबद्ध किया है, और ओसीडी को अक्सर अवसाद, मादक द्रव्यों के सेवन और सामाजिक भय (सामाजिक संपर्कों के बारे में चिंता) के बाद विश्व स्तर पर चौथे सबसे आम मानसिक विकार के रूप में उद्धृत किया जाता है।।फिर भी मैट को ओसीडी के बारे में जो कुछ भी पता था, वह मुझे बताता है, वह दिन के टॉकशो से आया था जहां लोग दिन में।,000 बार अपने हाथ धो रहे थे – यह सब बाहरी और वास्तव में चरम व्यवहार के बारे में था। और ऐसा महसूस नहीं हुआ कि वह किस दौर से गुजर रहा था।इसी तरह का एक अनुभव जॉन (वास्तविक नाम नहीं) की 2011 की पुस्तक टेकिंग कंट्रोल ऑफ ओसीडी में वर्णित है, जो एक सहकर्मी द्वारा अपनी जान ले लेने के बाद, विचारों से भर गया था ।

## बचपन से डाले हाईजीन की आदत

दुनिया की प्रमुख उपभोक्ता स्वास्थ्य और स्वच्छता कंपनी रेकिट ने अपने प्रमुख अभियान डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के तहत भारत में सबसे बड़े स्वच्छता ओलम्पियाड डेटॉल हाईजीन ओलम्पियाड के दूसरे संस्करण के विजेताओं की घोषणा की। ओलम्पियाड का आयोजन बचपन की बीमारियों को रोकने में स्वच्छता की भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया था। मुंबई में डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया सीजन 10 के लॉन्च अवसर पर 15 ओलम्पियाड विजेताओं को उनके शिक्षकों के साथ सम्मानित किया गया। डेटॉल हाईजीन ओलम्पियाड 2.0 देश के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के 3 करोड़ से अधिक बच्चों तक सफलतापूर्वक पहुंचाए जिसने भारत के सबसे दूरदराज के इलाकों में भी बच्चों को हाथ धोने की जरूरत के बारे में आवश्यक ज्ञान और सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ सशक्त बनाया। देशभर में कुल 15 छात्रों प्रत्येक स्तर में तीनद्ध को नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। पहले स्थान पर आने वाले विजेता को 50,000 रुपएए दूसरे विजेता को 35,000 रुपए और तीसरे विजेता को 15,000 रुपए प्रदान किए गए। रवि भटनागरए डायरेक्टर, एक्सटर्नल अफेयर्स एंड पार्टनरशिप, एसओए, रेकिट ने कहा स्वच्छता,स्वास्थ्य और साफ़सफाई के प्रति रेकिट की प्रतिबद्धता ने भारत के युवाओं को सकारामक स्वच्छता से जुड़े क्षेत्रों में चैंपियन बनने के लिए प्रेरित किया है। डेटॉल हाईजीन ओलम्पियाड के दूसरे संस्करण के आश्चर्यजनक परिणामों को देखकर हम काफी खुश हैंए जिसने भारत के दूर.दराज के इलाकोंए अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर बसे आखिरी गांव नामसाई और अंजा से लेकर गुजरात के सुदुर में तलाला तकए सिक्किम में नेपाल सीमा के पास उतरे और मिजोरम में चंपई से लेकर कश्मीर में बड़गाम तकए पहुंचने का कठिन काम किया है। इसने हमें भारत के विभि?न कोनों से आए बच्चों की सफलता का जश्न मनाने की हमें प्रसन्नता दी है और हमें पूरा भरोसा है कि उनका उत्साह और ज्ञान देश की स?वास्थ?य प्रगति में योगदान देगा।

## क्विक न्यूज

### अमेरिका: तस्करी और जबरन मजदूरी कराने के मामले में भारतीय व्यक्ति को कारावास की सजा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के जॉर्जिया मे एक मोटल के भारतीय प्रबंधक को एक महिला की तस्करी करने और उससे बंधुआ मजदूरी कराने के आरोप मे 57 महीने कारावास की सजा सुनाई गई है। अधिकारियो ने यह जानकारी दी।अदालती दस्तावेजों के मुताबिक, भारतीय नागरिक और अमेरिका के वैध स्थाई निवासी श्रीश तिवारी (71) ने जॉर्जिया के कार्टर्सविले में बजटेल मोटल का प्रबंधन 2020 मे शुरू किया था।न्याय विभाग ने एक बयान मे बताया कि तिवारी ने महिला को मोटल में काम पर रखा और उसे रहने के लिए एक कमरा उपलब्ध कराया। तिवारी को पता था कि पीड़िता पहले से बेघर थी, वह पहले हेरोइन की लत से जूझ चुकी थी और उसके बच्चे का संरक्षण भी उससे ले लिया गया था। बयान मे कहा गया कि तिवारी ने पीड़िता से वादा किया कि वह उसे वेतन एवं एक अपार्टमेंट देगा और एक वकील उपलब्ध कराकर उसके बच्चे का संरक्षण वापस लेने में उसकी मदद करेगा। संघीय अभियोजकों ने आरोप लगाया कि तिवारी ने अपने वादों को पूरा करने के बजाय मोटल के मेहमानो और कर्मचारियो के साथ पीड़िता की बातचीत पर नजर रखनी शुरू कर दी और उसे उनसे बात करने से मना कर दिया। अभियोजकों ने कहा कि तिवारी ने पीड़िता के साथ जबरन यौन संबंध बनाए और वह उसे मोटल में दिए गए कमरे से बाहर निकालने की अक्सर धमकी भी देता था।जॉर्जिया के नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट के अमेरिकी अटॉर्नी रयान के. बुकानन ने कहा, तिवारी ने यह जानने के बावजूद अपने पद का इस्तेमाल कर पीड़िता का बेरहमी से उत्पीड़न किया कि वह पहले से ही असहनीय पीड़ा झेल चुकी है।

### दुनियाभर में 2023 में 94 मीडियाकर्मियों की हत्या की गई: पत्रकार समूह

**ब्रसेल्स।** दुनिया भर मे पत्रकारो का प्रतिनिधित्व करने वाले एक अग्रणी संगठन ने मीडियाकर्मियो के अपना काम करते समय मारे जाने की घटनाओं को गंभीर चिंता का विषय करार देते हुए बताया कि 2023 में दुनिया भर मे 94 मीडियाकर्मियो की मौत हुई और पिछले 30 से अधिक वर्षो मे किसी भी संघर्ष के दौरान इतनी अधिक संख्या में पत्रकारों की जान नही गई, जितने पत्रकार हमास एवं इजराइल के युद्ध में मारे गए है। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (आईएफजे) ने मीडिया कर्मियो की मौत की अपनी वार्षिक गणना के अनुसार बताया कि इस साल अब तक 94 पत्रकार मारे गए है और लगभग 400 अन्य पत्रकारो को जेल में डाला गया है। संगठन ने अफगानिस्तान, फिलीपीन, भारत, चीन और बांग्लादेश में भी मीडियाकर्मियो की मौत की घटनाओ की निंदा की। समूह ने मीडियाकर्मियो के लिए बेहतर सुरक्षा का प्रबंध किए जाने और उन पर हमला करने वालो को जवाबदेह ठहराए जाने का आह्वान किया। आईएफजे की अध्यक्ष डोमिनिक प्राडाली ने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा के लिए नए वैश्विक मानक बनाए जाना अत्यावश्यक हो गया है। समूह ने कहा कि सात अक्टूबर को हमास द्वारा इजराइल पर हमला किए जाने के बाद से इजराइल-हमास युद्ध को कवर करने वाले 68 पत्रकार मारे गए है और यह संख्या दुनिया भर मे मारे गए सभी मीडियाकर्मियो की संख्या का 72 प्रतिशत है। उसने बताया कि इनमे से अधिकांश पत्रकार गाजा पट्टी मे युद्ध कवर कर रहे फलस्तीनी पत्रकार थे। समूह ने कहा, आईएफजे ने अपना काम करते समय मारे गए पत्रकारो की संख्या का रिकॉर्ड 1990 से रखना शुरू किया है और तब से किसी भी संघर्ष में इतने पत्रकारो की मौत नही हुई, जितने मीडियाकर्मी गाजा मे युद्ध के दौरान मारे गए है। उसने कहा कि रूस के आक्रमण के लगभग दो साल बाद भी यूक्रेन पत्रकारो के लिए एक खतरनाक देश बना हुआ है।

### वैश्विक उत्पादों की श्रंखला उपलब्ध

जर्सी। सर्द हवाएं धीरे-धीरे करीब आ रही हैं। वहीं अमेजन फैशन की बहुप्रतीक्षित वॉर्डरोब रिफ्रेश सेल अपने 13वें संस्करण के साथ वापस आ गई है। पिछले 12 एडिशन की सफलता के आधार पर, हमने टॉप इंटरनेशनल और घरेलू ब्रांडों का विशाल संग्रह तैयार किया है। इस सेल के साथ आप अपनी वॉर्डरोब को एक बार फिर से रिफ्रेश कर सकते हैं। यह सेल 8 दिसंबर से 13 दिसंबर के बीच आयोजित की जा रही है। इस छह दिवसीय शॉपिंग फेस्टिवल में टॉप इंटरनेशनल और घरेलू फैशन ब्रांडों की एक विस्तृत श्रृंखला पर अनूठी डील्स और ऑफर का लाभ उठा सकते हैं। सौरभ श्रीवास्तव कि वाइस प्रेसिडेंटए अमेजन फैशन ने कहा कि हम अमेज़न फैशन पर अपनी बहुप्रतीक्षित वॉर्डरोब रिफ्रेश सेल के 13वें संस्करण को पेश करते हुए बेहद रोमांचित हैं। पिछले 12 एडिशन की सफलता के आधार पर, हमने टॉप इंटरनेशनल और घरेलू ब्रांडों का विशाल संग्रह तैयार किया है। हमारा यह संग्रह ग्राहकों की तेजी से बदलती रुचियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। हमारी कोशिश है कि हमारे ग्राहक सबसे स्टाइलिश लुक के लिए अपनी वार्डरोब को नया लुक दे सकें।

### शरीफ ने 2017 में उनकी सरकार हटाने वाले जजों और सैन्य जनरलों को जवाबदेह ठहराने का आह्वान किया

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने शुक्रवार को कहा कि 2017 में उनकी सरकार को हटाकर देश को कथित तौर पर बर्बाद करने के लिए पूर्व सैन्य जनरलो और न्यायाधीशों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। आठ फरवरी के आम चुनावो के लिए टिकटो को अंतिम रूप दे रहे पार्टी के संसदीय बोर्ड को संबोधित करते हुए शरीफ ने कहा, हम शानदार कारो में घूमने के लिए सत्ता में नही आना चाहते है, बल्कि हम उन लोगो की जवाबदेही चाहते है जिन्होंने आर्थिक तबाही के कगार पर लाकर इस देश को बर्बाद कर दिया। ब्रिटेन मे चार साल के स्व-निर्वासन के बाद पिछले महीने पाकिस्तान लौटने के बाद यह पहला मौका है जब नवाज शरीफ ने उनकी सरकार को कथित तौर पर गिराने में शामिल जनरलो और न्यायाधीशों की जवाबदेही की अपनी मांग दोहराई है। वर्ष 2018 के चुनावो मे हेरफेर करने में भूमिका के लिए पूर्व आईएसआई प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) फैज हमीद का नाम लेते हुए, शरीफ ने कहा, जनरल फैज ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश शौकत सिद्दीकी से कहा कि वह नवाज शरीफ और उनकी बेटी मरियम नवाज को जमानत न दें। अगर वे जेल से बाहर आ गए तो उनकी (हमीद) दो साल की मेहनत बर्बाद हो जाएगी।

### प्लेटिनम समय के साथ निखरता है

सेले। सितारों से बना प्लेटिनम धरती पर मौजूद सबसे दुर्लभ धातुओं में से एक है। अन्य धातुओं की तुलना में घना कीमती धातु कीमती रत्नों पर सुरक्षित पकड़ बनाता है, इसके खूबसूरत और अनूठे डिज़ाइन महिलाओं की खूबसूरती में चार-चांद लगा देते हैं। अन्य धातुओं के विपरीत समय बीतने के साथ, यह धातु अपनी सफेद चमक नहीं खोता, और इवारा महिलाओ की अदम्य भावना के अनुरूप है। प्लेटिनम की दुर्लभता और इसकी क्षमता इसे सबसे खास और आज की महिला के लिए परफेक्ट बनाती है। साल खत्म होने जा रहा है यह जश्न छुट्टियां और खुशियां मनाने का समय है। परिवार के साथ गैट टुगदर हो। दोस्तों के साथ लंच, शादी का जश्न, ऑफिस में क्रिसमस पार्टी या नए साल की पूर्व संध्या पर ग्लैमरस सेलेब्रेशन, इस समय आपको अपने प्रियजनों के साथ जश्न मनाने के ढेरों अवसर मिलते हैं। साथ ही यह समय आपके स्टाइल में निखार लाने का भी है। आप हर मौके के लिए परफेक्ट आउटफिट चुनते हैं, हर आउटफिट के साथ सही ज्वैलरी पहनते हैं, और नए साल के स्वागत में हर सेलेब्रेशन में सबसे ग्लैमरस दिखना चाहते हैं। इसी ज़रूरत को ध्यान में रखते हुए प्लेटिनम इवारा के नए कलेक्शन के प्लेटिनम ज्वैलरी पीसेज़ आपको स्टाइलिश बनाने के लिए तैयार हैंए जो पार्टी के इस सीज़न आपके चिक एन्सेम्बल्स को कम्पलीट करने में स्टाइलिश साथी की भूमिका निभाएंग। सीज़न का नया प्लेटिनम इवारा कलेक्शन महिलाओं के लिए शानदार डिज़ाइन की प्लेटिनम ज्वैलरी पेश करता हैए जो देश भर में प्रमुख ज्वैलरी रीटेल स्टोर्स पर उपलब्ध है।

### वज़न-समावेशी स्वास्थ्य देखभाल : सिर्फ कैलोरी पर नजर रखना जरूरी नहीं

**सैन मार्कोस (अमेरिका)।** कन्वरसेशन) वजन-समावेशी स्वास्थ्य देखभाल का अर्थ है बेहतर स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करना, जिसमे वजन घटाने की आवश्यकता नही है।इसमे कैलोरी की संख्या के बजाय समग्र कल्याण के लिए भोजन करने जैसी प्रथाएं शामिल है। इसमें तनाव कम करने के लिए गतिविधियो को प्राथमिकता देना, धूम्रपान से बचना, कम शराब पीना और आनंददायक तरीकों से शारीरिक रूप से सक्रिय रहने का प्रयास करना भी शामिल हो सकता है।स्वास्थ्य के प्रति वजन-समावेशी दृष्टिकोण वजन बढ़ने से होने वाले नुकसान को कम करने का प्रयास करता है। अधिक वजन वाले लोग अक्सर दूसरो से - जिनमे उनके अपने डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता भी शामिल है - भेदभाव, पूर्वाग्रह, नकारात्मक रूढ़िवादिता और अपमानजनक टिप्पणियों का सामना करते है वभिन्न आकारो के 40 से अधिक अमेरिकी वयस्कों ने अपने दैनिक जीवन में वजन संबंधी अपमान का अनुभव किया है।अमेरिका मे लोग वजन कम करने के लिए जिस हद तक जाते है, उसके पीछे संभवतः इस अपमान से बचना एक प्रमुख कारण है। बाजार के आंकड़ों से पता चलता है कि अमेरिकियो ने 2021 मे वजन घटाने के उत्पादो और कार्यक्रमो पर लगभग 72.6 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च किए। इसके अलावा, वजन घटाने के प्रयास कम उम्र में ही शुरू हो जाते है, अमेरिका मे सभी हाई स्कूल के लगभग आधे छात्रों ने बताया कि उन्होंने वजन कम करने की कोशिश की है।मै एक पोषण महामारी विशेषज्ञ और पंजीकृत आहार विशेषज्ञ हूं जो वजन के अपमान के परिणामो का अध्ययन कर रहा हूं और वजन-समावेशी पोषण हस्तक्षेप विकसित करने के लिए काम कर रहा हूं।प्रारंभ में मेरी निजी प्रैक्टिस और अनुसंधान दृष्टिकोण वजन-केंद्रित थे। वजन-केंद्रित दृष्टिकोण स्वास्थ्य प्राप्त करने के लिए वजन घटाने पर केंद्रित है और दुनिया भर मे स्वास्थ्य देखभाल सेटिंग्स मे व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य पोषण मे एक दशक से अधिक काम करने के बाद, मैंने देखा है कि कैसे, मेरे विचार से, वजन-केंद्रित दृष्टिकोण व्यक्तियो और समुदायों को नुकसान पहुँचाता है। इसलिए मैंने अभ्यास और अनुसंधान मे वजन-समावेशी दृष्टिकोण का उपयोग करना शुरू कर दिया है। कम वजन बेहतर स्वास्थ्य के समान है सिद्धांत को पलटेव्यापक शोध और सार्वजनिक स्वास्थ्य संदेश से संकेत मिलता है कि शरीर के ज्यादा वजन का कई दीर्घकालिक स्वास्थ्य चिंताओ से संबंध है, जैसे उच्च रक्तचाप और टाइप 2 मधुमेह।

# आरबीआई ने रेपो दर को 6.5% पर कायम रखा, वृद्धि दर का अनुमान 7% तक

भाषा। मुंबई

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को उम्मीद के अनुरूप लगातार पांचवीं बार नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। साथ ही अगले साल होने वाले आम चुनावों से पहले मुद्रास्फीति को लेकर अनिश्चित परिदृश्य के बीच चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया। वहीं खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को 5.4 प्रतिशत पर बरकरार रखा। रेपो वह ब्याज दर है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक अपनी फौरी जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिए इसका उपयोग करता है। रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में कोई बदलाव नहीं होगा।

मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बुधवार से शुरू हुई तीन दिन की बैठक में किए गए निर्णय की जानकारी देते हुए आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, एमपीसी के सभी छह सदस्यों ने परिस्थितियों पर गौर करने के बाद आम सहमति से रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर कायम रखने का फैसला किया। वहीं छह सदस्यों में से पांच ने उदार रुख को वापस लेने के अपने रुख पर कायम रहने का समर्थन किया है। इसका मतलब है कि नीतिगत दर कुछ समय तक ऊंची बनी रह सकती है।

दास ने कहा, वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है और हमारी बुनियाद सुदृढ़ है। वृद्धि का जिक्र करते हुए दास ने कहा, वृद्धि दर मजबूत बनी हुई है। जीएसटी संग्रह, पीएमआई (परजेचिंग मैनेजर इंडेक्स), आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि जैसे महत्वपूर्ण आंकड़े मजबूत



बने हुए हैं। इन सबको देखते हुए चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान है। उल्लेखनीय है कि जुलाई-सितंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रहने के बाद केंद्रीय बैंक ने अपने अनुमान में संशोधन किया है। इस वृद्धि के साथ भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्था में सबसे तीव्र आर्थिक वृद्धि वाला देश बना हुआ है।

आरबीआई ने पहले वृद्धि दर 2023-24 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। महंगाई के बारे में उन्होंने कहा कि मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति में व्यापक स्तर पर नरमी है। हालांकि, निकट भविष्य में खाद्य मुद्रास्फीति के मोर्चे पर जोखिम है। इससे नवंबर और दिसंबर में मुद्रास्फीति ऊंची बनी रह सकती है। उन्होंने कहा, इसपर नजर रखने की जरूरत है। सभी पहलुओं पर गौर करते हुए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के अनुमान को 2023-24 के लिए 5.4 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है।

आने वाले समय में मुद्रास्फीति की स्थिति पर खाद्य वस्तुओं के अनिश्चित दाम का असर पड़ सकता है। चीनी के दाम में तेजी चिंता का विषय है। इससे पहले, मुख्य रूप से मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिए पिछले साल मई से लेकर कुल छह बार में रेपो दर में 2.50 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी। खुदरा महंगाई अक्टूबर में घटकर 4.87 प्रतिशत पर आ गई। हालांकि, यह मध्यम अवधि के चार प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। दास ने यह भी कहा कि नीतिगत स्तर पर जरूरत से ज्यादा कड़े रुख से अर्थव्यवस्था की वृद्धि के समक्ष जोखिम है। हालांकि, उन्होंने कहा कि यह कोई तटस्थ रुख की ओर जाने का संकेत नहीं है।

आरबीआई गवर्नर के अनुसार, मुद्रास्फीति चार प्रतिशत से ऊपर है। ऐसे में मौद्रिक नीति निश्चित रूप से इसमें कमी लाने पर केंद्रित होना चाहिए ताकि महंगाई को लेकर जो प्रत्याशाएं हैं, उसे काबू में रखा जा सके। एक्यूट रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुख्य अर्थशास्त्री तथा शोध मामलों के प्रमुख सुमन चौधरी ने कहा, नीतिगत बयान में स्पष्ट रूप से आक्रामक रुख है, वह कम हुआ है तथा एक संतुलन लाया गया है। उन्होंने कहा, गवर्नर के बयान में कहा गया है कि ओएमओ (खुले बाजार की प्रक्रिया यानी बॉन्ड की खरीद-बिक्री) का जरूरत पड़ने पर उपयोग किया जाएगा और वर्तमान में नकदी पहले से ही अपेक्षाकृत तंग स्थिति में है। इससे कुल मिलाकर नकदी को लेकर बाजार की चिंताओं को दूर किया गया है।

केंद्रीय बैंक की अन्य घोषणाओं में अस्पतालों में इलाज और शैक्षणिक संस्थानों में दाखिले के लिए लोकप्रिय भुगतान मंच यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) के जरिए भुगतान की सीमा एक बार में एक लाख रुपए से बढ़ाकर पांच लाख रुपए करना शामिल है। इसके अलावा, व्यापारियों को वस्तुओं और सेवाओं के एवज में ग्राहकों की अनुमति से उनके खाते से निश्चित अवधि पर (आवर्ती भुगतान) स्वतः पैसा काटने की सीमा कुछ मामलों में मौजूदा 15,000 रुपए से बढ़ाकर एक लाख रुपए करने की अनुमति दी गई है। यह सीमा म्यूचुअल फंड, बीमा प्रीमियम जैसी कुछ श्रेणियों के लिए बढ़ाई गई है। मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक अगले साल 6-8 फरवरी को होगी।

# उत्तराखंड की असीमित क्षमता का लाभ उठाएं निवेशकः पीएम मोदी

भाषा। देहरादून

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को निवेशकों से उत्तराखंड की असीमित क्षमता का लाभ उठाने और उन्हें अवसरों में बदलने का आह्वान किया। मोदी ने हाल ही में राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में मिली जीत का उल्लेख करते हुए कहा, आकांक्षी भारत अस्थिरता नहीं चाहता। आज वह एक स्थिर सरकार चाहता है। प्रधानमंत्री यहां वन अनुसंधान संस्थान में आयोजित उत्तराखंड वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने देश की ताकत, कमजोरियों और खतरों को देखते हुए आज के भारत का एक स्वॉट विश्लेषण करने का सुझाव दिया। स्वॉट विश्लेषण में किसी की ताकत, कमजोरी, अवसर एवं खतरे का आकलन किया जाता है।

मोदी ने कहा, हम हर जगह आकांक्षाएं, आशा, आत्मविश्वास, नवाचार और अवसर देखते हैं। आपको नीति-संचालित शासन देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा, आप राजनीतिक स्थिरता के लिए देश की जनता का दृढ़ संकल्प देखेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये रुझान हाल के चुनावों और पिछले साल उत्तराखंड चुनाव में देखे गए थे जहां पर लोगों ने सुशासन के लिए वोट किया। मोदी ने कहा, उन्होंने शासन के पुराने रिकॉर्ड के आधार पर वोट दिया।

मोदी ने कहा कि उनके तीसरे कार्यकाल के दौरान भारत अगले कुछ वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, भारतीय कंपनियों के लिए, भारतीय निवेशकों के लिए यह आदर्श समय है। भारत कुछ ही वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है। मेरे तीसरे कार्यकाल में ऐसा होना तय है। उन्होंने निवेशक सम्मेलन में मौजूद निवेशकों से कहा, एक स्थिर सरकार, सहयोगी



नीतियां, सुधार के जरिए परिवर्तन की प्रवृत्ति और विकास की तरफ बढ़ने का संकल्प। ऐसा संयोजन पहली बार हुआ है। यह सही समय है। मोदी ने कहा कि दुनिया भारत की ओर आशा और सम्मान की नजर से देख रही है। उन्होंने कहा, भारत कोविड-19 जैसी चुनौतियों पर विजय पाकर आत्मविश्वास के साथ विकास कर रहा है।

उन्होंने कारोबारों से उत्तराखंड में निवेश करने और इसकी विकास यात्रा में भागीदार बनने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि उन्हें कोई समस्या नहीं होगी। प्रधानमंत्री ने निवेशकों से आपूर्ति शृंखला को इस तरह मजबूत करने की अपील की कि अन्य देशों पर भारत की निर्भरता कम हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड दिव्यता और विकास का संगम है। उन्होंने कहा, प्रकृति, संस्कृति और विरासत- उत्तराखंड में सबकुछ है। आपको उनके द्वार खोलने हैं और उन्हें अवसरों में बदलना है।

प्रधानमंत्री ने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और स्वयं सहायता समूहों की आय बढ़ाने के लिए ब्रांड हाउस ऑफ हिमालयाज की भी शुरुआत की। इस शिखर सम्मेलन की तैयारियां महीनों से चल रही थीं। इसमें देश और विदेशों के हजारों निवेशक और प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। शिखर सम्मेलन में 2.5 लाख करोड़ रुपए के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने थे, लेकिन इस लक्ष्य को यह कार्यक्रम शुरू होने से पहले ही पार कर लिया गया है। अबतक कुल तीन लाख करोड़ रुपए के एमओयू हो चुके हैं।

# दिसंबर के अंत तक तैयार होगा अयोध्या हवाई अड्डाः ज्योतिरादित्य सिंधिया

भाषा। नई दिल्ली

**अयोध्या** में बन रहे मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का निर्माण कार्य दिसंबर के अंत तक पूरा हो जाएगा। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बुलेट ट्रेन परियोजना का पहला खंड तीन साल में शुरू होने की उम्मीद है। मंत्री ने कहा, हम अपने पूंजीगत व्यय कार्यक्रम पर बहुत अधिक ध्यान दे रहे हैं... जहां तक हवाई अड्डों का सवाल है, हमारी 95,000 करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय की योजना है। इसमें सरकार का हिस्सा लगभग 25 प्रतिशत और निजी क्षेत्र का 75 प्रतिशत होगा।

उन्होंने भारत में बुनियादी ढांचे का समग्र विकास विषय पर एक सम्मेलन के मौके पर अयोध्या



हवाई अड्डे के बारे में पूछने पर कहा कि वह दैनिक आधार पर परियोजना की निगरानी कर रहे हैं। एक चार्ट बनाया गया है, जिसमें परियोजना में हो रही प्रगति को अंकित किया जाता है। उन्होंने कहा, मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि इस महीने के अंत तक यह बनकर तैयार हो जाएगा और जब यह पूरा हो जाएगा तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसका उद्घाटन करेंगे। सिंधिया ने आगे कहा कि नवी मुंबई में दूसरा हवाई अड्डा और उत्तर प्रदेश में जेवर हवाई अड्डा अगले साल के अंत तक चालू हो जाएगा। रेलवे क्षेत्र के बारे में उन्होंने कहा कि 2014 के बाद नई उच्च गति वाली वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत के साथ एक बदलाव आया। ये गाड़ी केवल 52 सेकंड में 100 किलोमीटर की गति छू सकती है।

सिंधिया ने कहा, देश रेल सेवाओं और यात्रियों की सुरक्षा में सुधार जारी रखेगा। तीन साल के भीतर हम (सरकार) भारत में बुलेट ट्रेन लाने जा रहे हैं। भारत रेल सेवा में पहला स्थान हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि 2026 के अंत और 2027 की शुरुआत में मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना का पहला खंड शुरू हो जाएगा।

# छत्तीसगढ़ में नहीं चल सका जाति जनगणना का दांव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा जातिगत जनगणना की जोरदार पैरवी के बीच पार्टी द्वारा उतारे गए सभी आठ ब्राह्मण उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा। ब्राह्मण समुदाय सहित ऊंची जातियों के 15 कांग्रेस उम्मीदवारों में से 13 चुनाव हार गए, जबकि अल्पसंख्यक समाज के सभी तीन पार्टी उम्मीदवारों को भी हार का सामना करना पड़ा। जबकि भारतीय जनता पार्टी ने ऊंची जातियों के 18 उम्मीदवार मैदान में उतारे थे और जिनमें से 16 विजई हुए। कांग्रेस के 29 ओबीसी उम्मीदवारों में से 16 चुनाव जीतने में कामयाब रहे। दास ने कहा कि भाजपा के 31 ओबीसी उम्मीदवारों में से 19 इस बार चुनाव जीते हैं। चुनाव विशेषज्ञों के अनुसार, छत्तीसगढ़ में जातिगत जनगणना और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को लुभाने की कांग्रेस की कोशिश ने ऊंची जातियों के साथ-साथ अनुसूचित जनजाति श्रेणी के उम्मीदवारों की संभावनाओं को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि संभवतः अधिकतर मतदाताओं को भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार की ओबीसी समर्थक राजनीति रास नहीं आई।

सत्तारूढ़ कांग्रेस को छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। राज्य में 2018 में 68 सीट जीतने वाली कांग्रेस 35 सीट पर सिमट गई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य की 90 सदस्ईय विधानसभा में 54 सीट जीतकर सत्ता में वापसी की है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (जीजीपी) एक सीट जीतने में कामयाब रही। कांग्रेस ने इस बार आठ ब्रह्मणों समेत उच्च जाति के 15 प्रत्याशियों को टिकट दिया था। उच्च जाति वर्ग के केवल दो कांग्रेस उम्मीदवार - राघवेंद्र सिंह और अटल श्रीवास्तव चुनाव जीतने में कामयाब रहे। जबकि पिछली कांग्रेस सरकार के उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, मंत्री रवींद्र चौबे, मंत्री जय सिंह अग्रवाल, वरिष्ठ विधायक अमितेश शुक्ला और अरुण वोरा समेत 13 स्वर्ण उम्मीदवारों को पराजय का सामना करना पड़ा।

राघवेंद्र सिंह ने अकलतारा सीट (जांजगीर-चांपा जिला) से अपने चाचा और मौजूदा भाजपा विधायक सौरभ सिंह को 22,758 वोट के अंतर से हराया है। इसी तरह, अटल श्रीवास्तव ने कोटा सीट पर भाजपा के प्रबल प्रताप जूदेव को 7957 वोट के अंतर से हराया। कोटा में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) की मौजूदा विधायक रेनू जोगी 8884 वोट हासिल कर तीसरे स्थान पर रहीं। तीन बार के विधायक और निवर्तमान उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को अंबिकापुर सीट पर भाजपा के राजेश अग्रवाल के हाथों 94 वोट के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। जबकि तीन बार के विधायक और निवर्तमान मंत्री जय सिंह अग्रवाल अपनी कोरबा सीट पर भाजपा के लखनलाल देवांगन से 25,629 मतों के अंतर से पराजित हुए। कांग्रेस के टिकट पर मैदान में उतरे जिन आठ ब्राह्मण प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा उनमें रवींद्र चौबे (साजा), अमितेश शुक्ला (राजिम), महंत रामसुंदर दास (रायपुर शहर दक्षिण), विकास उपाध्याय (रायपुर शहर पश्चिम), अरुण वोरा (दुर्ग शहर), पंकज शर्मा (रायपुर ग्रामीण), शैलेश पांडे (बिलासपुर) और शैलेश नितिन त्रिवेदी (बलौदाबाजार) शामिल हैं। सात बार के विधायक और निवर्तमान मंत्री रवींद्र चौबे को साजा सीट पर भाजपा के ईश्वर साहू से 5196 मतों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। राज्य में चुनाव विशेषज्ञों का कहना, ऐसा लगता है कि हिंदुत्व कार्ड ने भाजपा के लिए काम किया और साधारण पृष्ठभूमि वाले ईश्वर साहू की जीत सुनिश्चित की है। साहू के बेटे भुनेश्वर साहू की इस साल अप्रैल में साजा क्षेत्र (बेमेतरा जिला) के बिरनपुर गांव में सांप्रदायिक हिंसा की एक घटना में मौत हो गई थी। भाजपा के शीर्ष नेताओं ने चुनाव प्रचार के दौरान इस मुद्दे को उठाया था। अविभाजित मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्यामा चरण शुक्ल के बेटे और पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल राजिम सीट पर भाजपा के रोहित साहू के हाथों 11,911 वोट के अंतर से पराजित हुए। अविभाजित मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा के बेटे और तीन बार के विधायक अरुण वोरा को भाजपा के गजेंद्र यादव के हाथों 48,697 वोट से हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस ने अल्पसंख्यक समुदाय से तीन उम्मीदवारों- निवर्तमान मंत्री मोहम्मद अकबर (कवर्धा) और मौजूदा विधायक कुलदीप जुनेजा (रायपुर शहर उत्तर) और आशीष छाबडा (बेमेतरा) को मैदान में उतारा था और इन सभी को चुनाव में हार का सामना करना पड़ा।

## 2017-21 के दौरान सिविल सेवा (मेन) के लिए अनुशंसित 63 % उम्मीदवारों के पास इंजीनियरिंग डिग्री

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि 2017-21 के दौरान सिविल सेवा परीक्षा (मुख्य) के लिए संघ लोक सेवा आयोग द्वारा अनुशंसित कुल उम्मीदवारों में से 63 प्रतिशत उम्मीदवारों के पास इंजीनियरिंग की डिग्री थी। कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक सवाल के लिखित जवाब में उच्च सदन को यह जानकारी दी। उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा (मुख्य) के लिए अनुशंसित कुल उम्मीदवारों के संबंध में आंकड़े पेश किए। अनुशंसित उम्मीदवारों के डेटा से पता चलता है कि इस अवधि के दौरान कुल 4,371 उम्मीदवारों में से 2,783 इंजीनियरिंग विषय से संबद्ध थे। 1,033 उम्मीदवार मानविकी पृष्ठभूमि के थे, जबकि 315 विज्ञान से और 240 मेडिकल स्नातक थे। 2017-21 के दौरान 3,265 पुरुष उम्मीदवारों (74.6 प्रतिशत) और 1,106 महिला उम्मीदवारों (लगभग 25.4 प्रतिशत) ने परीक्षा में सफलता हासिल की।

# सरकार ने जमाखोरी रोकने, कीमतों पर काबू के लिए गेहूं भंडारण सीमा घटाई

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार** ने गेहूं की जमाखोरी रोकने और कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए शुक्रवार को तत्काल प्रभाव से थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़े खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करण फर्मों के लिए गेहूं का भंडार (स्टॉक) रखने के मानदंडों को सख्त कर दिया। केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने यहां संवाददाताओं से कहा कि व्यापारियों एवं थोक विक्रेताओं के लिए गेहूं भंडारण की सीमा 2,000 टन से घटाकर 1,000 टन कर दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रत्एक खुदरा विक्रेता के लिए भंडारण सीमा 10 टन के बजाय पांच टन, बड़े खुदरा विक्रेताओं के प्रत्एक डिपो के लिए पांच टन और उनके सभी डिपो के लिए यह सीमा कुल मिलाकर 1,000 टन होगी। उन्होंने कहा कि गेहूं का प्रसंस्करण करने वालीं कंपनी वित्त वर्ष 2023-24 के बाकी महीनों के अनुपात में मासिक स्थापित क्षमता का 70 प्रतिशत रख सकती हैं।

चोपड़ा ने कहा, गेहूं के कृत्रिम अभाव की स्थिति को रोकने और जमाखोरी पर लगाम लगाने के लिए ऐसा किया गया है। संशोधित स्टॉक सीमा तत्काल प्रभाव से लागू होगी। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को अपना स्टॉक संशोधित सीमा तक कम करने के लिए 30 दिन का समय दिया जाएगा। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, गेहूं भंडारण करने वाली सभी फर्मों को गेहूं स्टॉक सीमा संबंधी पोर्टल पर अपना पंजीकरण करना होगा और हर शुक्रवार को अपने स्टॉक के बारे में जानकारी देनी होगी।

पोर्टल पर पंजीकृत न कराई गई या स्टॉक सीमा का उल्लंघन करने वाली फर्म के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा छह और सात के तहत उचित दंडात्मक कार्वाई की जाएगी। खाद्य मंत्रालय ने 12 जून को अनाज कारोबारियों पर मार्च, 2024 तक स्टॉक रखने की सीमा लगा दी थी। इसके बाद 14 सितंबर को इस सीमा को और भी कम करके व्यापारियों एवं थोक विक्रेताओं और उनके सभी डिपो में बड़े खुदरा विक्रेताओं के लिए 2,000 टन कर दिया गया था। सरकार ने मई, 2022 से ही गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसके साथ मुक्त बाजार बिक्री योजना के तहत थोक उपयोगकर्ताओं को रियायती दर पर गेहूं बेचा जा रहा है।

# एथनॉल उत्पादन में गन्ना रस के इस्तेमाल पर रोक एक अस्थाई कदमः सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने वर्ष 2025-26 तक 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण लक्ष्य हासिल करने की प्रतिबद्धता जताते हुए शुक्रवार को कहा कि चालू सत्र के लिए गन्ना उत्पादन के बारे में अस्पष्टता होने की वजह से गन्ना रस और चीनी सिरप के उपयोग पर प्रतिबंध एक अस्थाई कदम के रूप में लगाया गया है। सरकार ने यह भी कहा कि देश में एथनॉल का आयात करने की स्थिति अभी तक नहीं पहुंची है। हालांकि सरकार के पास बी और सी-भारी शीरे, क्षतिग्रस्त चावल और मक्का के इस्तेमाल से एथनॉल उत्पादन को बढ़ावा देने की योजना है। एथनॉल आपूर्ति वर्ष 2022-23 (नवंबर-अक्टूबर) में, सरकार ने पेट्रोल के साथ एथनॉल का 12 प्रतिशत मिश्रण स्तर हासिल किया। चालू वर्ष के लिए 15 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य रखा गया है।

प्रमुख गन्ना उत्पादक राज्यों में सूखे और बारिश के कारण गन्ना उत्पादन कम रहने की आशंका के बीच खाद्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को एथनॉल आपूर्ति वर्ष 2023-24 में एथनॉल बनाने के लिए गन्ना रस और चीनी सिरप के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया। केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा और पेट्रोलियम सचिव पंकज जैन ने यहां एक संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग में इस प्रतिबंध से एथनॉल मिश्रण कार्यक्रम पर प्रतिकूल असर पड़ने की अफवाहों को खारिज कर दिया। जैन ने कहा, सरकार एथनॉल मिश्रण कार्यक्रम के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उस कार्यक्रम के प्रति हमारी प्रतिबद्धता कम करने का सवाल ही नहीं है।

आपूर्ति वर्ष 2021-22 में सरकार ने काफी पहले ही 10 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का स्तर हासिल कर लिया था। वर्ष 2022-23 में चावल की आपूर्ति पर चिंताओं के बावजूद 12 प्रतिशत से अधिक मिश्रण स्तर हासिल किया गया। पेट्रोलियम और खाद्य सचिवों दोनों ने स्पष्ट किया कि पेट्रोलियम कंपनियों से मिले प्रस्तावों के लिए बी-हैवी शीरे की मंजूरी दी जाएगी। चोपड़ा के मुताबिक, देश का कुल गन्ना उत्पादन पिछले साल की तुलना में काफी कम रहने का अनुमान है। कृषि मंत्रालय के पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार, गन्ने का उत्पादन फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) में 49.42 करोड़ टन के मुकाबले घटकर 43.48 करोड़ टन ही रहेगा।

# स्नानघर में गिरने से केसीआर का कूल्हार टूटा, प्रतिरोपण सर्जरी की आवश्यकता

भाषा। हैदराबाद

**तेलंगाना** के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) को अपने आवास में गिरने के कारण हुए फ्रैक्चर के बाद कूल्हा प्रतिरोपण सर्जरी करानी होगी और ठीक होने की प्रक्रिया में लगभग छह से आठ सप्ताह का समय लगेगा। उनका इलाज कर रहे चिकित्सकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के संस्थापक केसीआर के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और राज्य के नए मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को अपने पूर्ववर्ती को सर्वोत्तम चिकित्सा देखभाल प्रदान करने का निर्देश दिया।

केसीआर के बेटे के.टी. रामाराव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बाथरूम में गिरने के चलते राव को आज कूल्हा प्रतिरोपण सर्जरी करानी होगी। राव शहर के



सोमाजीगुडा स्थित यशोदा अस्पताल में भर्ती हैं।

अस्पताल ने एक स्वास्थ्य बुलेटिन में कहा, सीटी स्कैन समेत विभिन्न जांच में पता चला कि उनके बाएं कूल्हे में फ्रैक्चर है। इसके लिए उन्हें बाएं कूल्हे के प्रतिरोपण की आवश्यकता होगी और ऐसे मामलों में ठीक होने में छह से सात सप्ताह लग जाते हैं। बुलेटिन में कहा गया कि हड्डी रोग विशेषज्ञ और सामान्य चिकित्सकों की एक टीम लगातार केसीआर के स्वास्थ्य पर नजर रख रही है तथा उनकी हालत स्थिर है।

राव के कार्यालय ने कहा कि उनकी पत्नी सोभम्मा, बेटे रामाराव, बेटी कविता और परिवार के अन्य सदस्य उनके साथ हैं। इस बीच, राज्य के स्वास्थ्य सचिव एस. ए. एम. रिजवी ने मुख्यमंत्री रेड्डी के निर्देश पर अस्पताल का दौरा किया और केसीआर के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

अधिकारी ने मुख्यमंत्री की ओर से अस्पताल प्रबंधन को सूचित किया कि अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान राव को सर्वोत्तम देखभाल प्रदान की जानी चाहिए। रिजवी ने बाद में मुख्यमंत्री को जानकारी दी, जिन्होंने उन्हें राव के इलाज की निगरानी जारी रखने और इस बारे में उन्हें अवगत कराते रहने का निर्देश दिया। हाल के विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी की हार के बाद तीन दिसंबर को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले केसीआर हैदराबाद के निकट एर्रावेली में अपने फार्महाउस में रह रहे हैं।

## लालदुहोमा ने मिजोरम के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली

**आइजोल।** जोराम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के नेता लालदुहोमा ने शुक्रवार को मिजोरम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति ने लालदुहोमा को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। जेडपीएम के 11 अन्य नेता भी मंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह राजभवन में आयोजित किया गया जहां मिजो नेशनल फ्रंट के नेता और निवर्तमान मुख्यमंत्री जोरमथांगा भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम में एमएनएफ के विधायक दल के नेता लालचंदमा राल्ते समेत सभी विधायक शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री ललथनहवला भी इस अवसर पर मौजूद रहे। मंगलवार को जेडपीएम विधायक दल ने लालदुहोमा को अपना नेता और के. सपडांगा को उपनेता चुना था। मिजोरम में 40 सदस्ईय विधानसभा है और राज्य में मुख्यमंत्री समेत 12 मंत्री हो सकते हैं। जेडपीएम ने सात नवंबर को हुए राज्य विधानसभा चुनाव में 40 में से 27 सीटों पर जीत हासिल की है।

# न्यायाधीशों से उपदेश देने की अपेक्षा नहीं की जातीः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस फैसले की शुक्रवार को कड़ी आलोचना की जिसमें किशोरियों को अपनी यौन इच्छाओं पर नियंत्रण रखने और किशोरों को महिलाओं का सम्मान करने की आदत डालने की सलाह दी गई थी। उच्चतम न्यायालय ने साथ ही कहा कि न्यायाधीशों से अपने व्यक्तिगत विचार रखने अथवा उपदेश देने की अपेक्षा नहीं की जाती। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय की इन टिप्पणियों को आपत्तिजनक और गैर जरूरी बताया। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि ए टिप्पणियां संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रदत्त किशोरों के अधिकारों का पूरी तरह से उल्लंघन हैं।

कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सी रंजन दास और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेन की खंडपीठ ने 18 अक्टूबर के अपने आदेश में कहा था कि किशोरियों को अपनी यौन इच्छाओं पर नियंत्रण रखना चाहिए और दो मिनट के सुख के लिए खुद को समर्पित नहीं करना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के समक्ष मुद्दा 19-20 सितंबर 2022 के आदेश और निर्णय की वैधता का था जिसके तहत एक व्यक्ति को धारा 363 (अपहरण) और 366 के तहत दोषी ठहराया गया था। पीठ ने कहा, प्रधान न्यायाधीश के आदेश



के अनुसार स्वतः संज्ञान रिट याचिका दाखिल की गई है, खासतौर पर उच्च न्यायालय की खंडपीठ द्वारा दर्ज की गई व्यापक टिप्पणियों-निष्कर्षों के कारण।

पीठ ने कहा, दोषसिद्धि के खिलाफ एक अपील में उच्च न्यायालय को केवल याचिका के गुण-दोष पर निर्णय करने के लिए कहा गया था। प्रथम दृष्टया हमारा विचार है कि ऐसे मामले में माननीय न्यायाधीशों से अपने व्यक्तिगत विचार व्यक्त करने या उपदेश देने की अपेक्षा नहीं की जाती है। पीठ ने अपने निर्णय में कहा, फैसले के सवधानीपूर्वक अध्ययन के बाद हमने पाया कि पैराग्राफ 30.3 सहित उसके कई हिस्से आपत्तिजनक और गैर जरूरी हैं। प्रथम दृष्टया उपरोक्त टिप्पणियां संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रदत्त किशोरों के अधिकारों का पूरी तरह से उल्लंघन है।

पीठ ने मामले में पश्चिम बंगाल सरकार और अन्य पक्षों को नोटिस जारी करते हुए कहा, हमारा प्रथम दृष्टया यह मानना है कि न्यायाधीशों से व्यक्तिगत विचार व्यक्त करने या उपदेश देने की अपेक्षा नहीं की जाती। शीर्ष अदालत ने इस मामले में अपनी सहायता के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता माधवी दीवान को न्याय मित्र नियुक्त किया। न्यायालय ने न्याय मित्र की सहायता के लिए अधिवक्ता लिज मैथ्यू को अधिकृत किया है। मामले की अगली सुनवाई के लिए चार जनवरी 2024 की तारीख निर्धारित की गई है। उच्च न्यायालय ने यह फैसला एक लड़के की यचिका पर सुनाया जिसे यौन उत्पीड़न के जुर्म में 20 वर्ष की सजा सुनाई गई थी। उच्च न्यायालय ने लड़के को यह कहते हुए बरी कर दिया था कि यह दो किशोरों के बीच सहमति से यौन संबंध का मामला था हालांकि पीड़िता की उम्र को देखते हुए सहमति का कोई मतलब नहीं है।

# औसत दर्जे की थी विश्व कप फाइनल की पिच

**● आईसीसी ने दी रिपोर्ट : मैदान की आउटफील्ड को बहुत अच्छा रहा**

भाषा। नई दिल्ली



**अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट** परिषद (आईसीसी) ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम की उस पिच को औसत करार दिया है जिस पर 19 नवंबर को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे विश्व कप का फाइनल खेला गया था। आईसीसी मैच रेफरी और जिम्बाब्वे के पूर्व बल्लेबाज एंडी पाइक्रॉफ्ट ने हालांकि मैदान की आउटफील्ड को बहुत अच्छा करार दिया। जिस पिच पर फाइनल खेला गया वह काफी धीमी थी। ऑस्ट्रेलिया ने फाइनल में भारत को छह विकेट से हराकर खिताब जीता था। भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में केवल 240 रन बना पाई। ऑस्ट्रेलिया ने 43 ओवर में लक्ष्य हासिल कर दिया। उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने 120 गेंद पर 137 रन की लाजवाब पारी खेली। भारत लीग चरण में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्रमशः कोलकाता, लखनऊ अहमदाबाद और चेन्नई की जिन पिचों पर खेला था, आईसीसी ने उन्हें भी औसत करार दिया है।। भारत ने सेमीफाइनल में वानखेड़े स्टेडियम कि जिस पिच पर न्यूजीलैंड का सामना किया था, आईसीसी ने उसे अच्छी रेटिंग दी है। इस मैच से पहले हालांकि मीडिया की रिपोर्ट में कहा गया था कि कि भारत ने पिच बदलवा दी थी और यह मैच नई पिच के बजाय पहले इस्तेमाल की गई पिच पर खेला गया था। आईसीसी ने कोलकाता के ईडन गार्डंस की उस पिच को भी औसत करार दिया है जिस पर ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा सेमीफाइनल खेला गया था। इस कम स्कोर वाले मैच में ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 49.4 ओवर में 212 रन पर समेट दिया था। ऑस्ट्रेलिया ने इसके बाद 47.2 ओवर में सात विकेट होकर लक्ष्य हासिल किया था। आईसीसी के मैच रेफरी और भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ ने हालांकि ईडन गार्डंस की आउटफील्ड को बहुत अच्छा करार दिया। आईसीसी के अनुसार किसी पिच को औसत रेटिंग तब दी जाती है जबकि उसमें कम उछाल हो और सीम मूवमेंट भी कम हो और गेंद रुक कर बल्ले पर आ रही हो। ऐसी पिच जिस पर हल्का टर्न हो लेकिन स्पिनरों को पर्याप्त उछाल नहीं मिल रहा हो।

## एनगिडी भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला से बाहर, हेंड्रिक्स लेंगे उनकी जगह

**डरबन।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी बाएं टखने में मोच के कारण भारत के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला से शुक्रवार को बाहर हो गए। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के एक बयान में कहा गया है कि 27 वर्षीय खिलाड़ी को टीम से रिलीज कर दिया गया है। एनगिडी अपनी घरेलू टीम के पास लौटेंगे लेकिन दक्षिण अफ्रीका की मेडिकल टीम की निगरानी में रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने की प्रक्रिया) से गुजरेंगे। एनगिडी को बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मार्को जानसन के साथ दक्षिण अफ्रीका के तेज आक्रमण का नेतृत्व करना था। टीम में उनकी जगह तेज गेंदबाज ब्यूरन हेंड्रिक्स को शामिल किया गया है। तैंतीस साल के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हेंड्रिक्स ने राष्ट्रीय टीम के लिए अपना पिछला मैच 2021 में टी20 प्रारूप में ही खेला था। उन्होंने 19 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 25 विकेट लिए हैं।

# कोई भी कोच मोहम्मद शमी जैसा गेंदबाज नहीं बना सकता : म्हाम्ब्रे

भाषा। नई दिल्ली



भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कहा कि मोहम्मद शमी के पास हर बार गेंद को सीधी सीम में डालने की दुर्लभ प्रतिभा है और दुनिया का कोई भी कोच इस तरह की तेज गेंदबाजी करने वाला गेंदबाज तैयार नहीं कर सकता। वनडे विश्व कप के सात मैच में 24 विकेट चटकाकर गेंदबाजी सूची में शीर्ष पर रहने वाले शमी वनडे और टेस्ट में भारत के बेहतरीन गेंदबाज रहे हैं। म्हाम्ब्रे शमी की सफलता के लिए कोई श्रेय नहीं लेना चाहते। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत को मोहम्मद शमी जैसी प्रतिभा वाला गेंदबाज मिलेगा? तो उन्होंने दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए रवाना होने से पहले पीटीआई से साक्षात्कार में कहा, अगर मैं कहूं कि कोच शमी जैसा गेंदबाज बना सकते हैं तो यह सच नहीं होगा। अगर कोई गेंदबाज हर बार सीधी सीम में गेंद को डाल सकता तो दुनिया का हर गेंदबाज शमी बन जाएगा। यह ऐसा कौशल है जो शमी ने कड़ी मेहनत के दम पर हासिल किया है और खुद को ऐसा गेंदबाज बनाया है। सीम पर ही एक के बाद एक गेंद फेंकना और वो भी परफेक्ट कलाई पॉजिशन के साथ तथा इसे दोनों तरफ घुमाना एक दुर्लभ प्रतिभा है। काफी गेंदबाज अगर सीम पर गेंद डाल भी पाते हैं तो उनकी गेंद पिच पर लगते ही सीधी हो जाती है। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज ने जसप्रीत बुमराह के बारे में भी इसी तरह की बात करते हुए कहा, यहां तक कि बुमराह का एक्शन असमान्य है लेकिन वह गेंद को इसी एक्शन से अंदर या दूर कर देता है। यह एक कला है और इस कला का पारखी होने में काफी कड़ी मेहनत और समर्पण की जरूरत होती है। शमी और बुमराह दुनिया भर के बल्लेबाजों पर दबदबा बनाने में सफल रहे हैं जिससे म्हाम्ब्रे काफी हैरान हैं। उनकी सफलता से काफी को ईर्ष्या भी होगी। मुझे लगता है कि टेस्ट मैचों में हमारे पास बुमराह, शमी और ईशांत (शर्मा) थे जिन्होंने इस तरह का जादू बिखेरा था लेकिन अगर अब आप मुझे पूछेंगे कि क्या मैंने इस तरह के दबदबे की उम्मीद की थी तो मैंने इस स्तर के प्रदर्शन का सपना भी नहीं देखा था। मेरा मतलब कि जैसे श्रीलंका को 50 रन पर समेट देना और फिर दक्षिण अफ्रीका जैसी टीम के खिलाफ भी ऐसा ही दोहराव करना कि 320 रन के करीब का स्कोर बनाना और उन्हें 80 रन पर समेट देना। यह सपना लगता है। निश्चित रूप से हमारे जैसे गेंदबाजी आक्रमण के साथ हमें उनसे अच्छा करने की उम्मीद थी।

## जूनियर महिला टेनिस खिलाड़ियों के लिए लांच हुआ प्रोजेक्ट ग्रैंडस्लैम

**नई दिल्ली।** पिछले पांच वर्षों में कोई भी भारतीय महिला टेनिस खिलाड़ी जूनियर ग्रैंडस्लैम में जगह नही बना सकी है जिससे चिंतित होकर लक्ष्य स्पोर्ट्स एंड अमलगम स्टील ने प्रोजेक्ट ग्रैंडस्लैम लांच किया है। इस महत्वकांक्षी परियोजना का मकसद कड़ी प्रक्रिया के जरिए चुनी गई पांच खिलाड़ियों को पूर्ण समर्थन देना होगा। इसके अंतर्गत युवा खिलाड़ियों का जमीनी स्तर पर मार्गदर्शन देने के अलावा विश्व स्तरीय टेनिस खिलाड़ी के रूप मे तैयार करने के लिए पूर्ण सहायता दी जाएगी।

## इंटर मियामी की तरफ से हांगकांग में मैच खेलेंगे लियोनेल मेसी

**फोर्ट लॉडरडेल।** अर्जेंटीना के स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी अगले साल चार फरवरी को अमेरिका के अपने फुटबॉल क्लब इंटर मियामी की तरफ से हांगकांग में मैच खेलेंगे। मेजर लीग सॉकर की टीम इंटर मियामी ने गुरुवार को इस कार्यक्रम की घोषणा की। इस मैच में मेसी और इंटर मियामी का सामना हांगकांग की फर्स्ट डिवीजन लीग में खेलने वाले शीर्ष खिलाड़ियों को मिलाकर बनाई गई टीम से होगा। इंटर मियामी के सह मालिक डेविड बैकहम ने यहां जारी बयान में कहा, हांगकांग एक खूबसूरत शहर है जिसका खेल परिदृश्य शानदार है। अपने करियर के दौरान मैने काफी समय एशिया मे बताया तथा मै इंटर मियामी को अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच इस खूबसूरत शहर मे खेलने का मौका देने को लेकर बेहद खुश हूं। यह मैच हांगकांग स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसकी क्षमता 40000 दर्शकों की है।

## सुआरेज को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना

**साओ पाउलो।** बार्सिलोना में लियोनेल मेसी के पूर्व साथी और उरुग्वे के स्टार स्ट्राइकर लुई सुआरेज को ब्राजील की फुटबॉल लीग में सत्र का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया जिसके लिए उन्हें गोल्डन बॉल का पुरस्कार मिला।लवरपूल और अजेक्स की तरफ से खेलने के बाद स्पेन में मेसी के साथ खेलने वाले सुआरेज ने ब्राजील की लीग में दूसरे स्थान पर रही ग्रेमियो की तरफ से 17 गोल किए।ब्राजील की लीग बुधवार को समाप्त हुई जिसमें पालमेरास अपना खिताब बचाने मे सफल रहा। सुआरेज़ ने सत्र के अंतिम दिन रियो डी जनेरियो के माराकाना स्टेडियम में फ्लुमिनेस के खिलाफ दो गोल किए जिससे उनकी टीम यह मैच 3-2 से जीतने में सफल रही। ब्राजील की लीग में सर्वाधिक 20 गोल एटलेटिको माइनिरो के फॉरवर्ड पॉलिन्हो ने किए।

## एवर्टन ने जुर्माना लगने के बाद दिखाया जज्बा, न्यूकासल को 3-0 से हराया

*लंदन।* एवर्टन पर इंग्लिश प्रीमियर लीग के वित्तीय नियमों का उल्लंघन करने के लिए 10 अंक का जुर्माना लगने के बाद दूसरी डिवीजन में खिसकने का खतरा मंडरा रहा था, लेकिन उसकी टीम ने अपना जज्बा बनाए रखा और गुरुवार को यहां न्यूकासल पर 3-0 से जीत दर्ज की। इस जीत से एवर्टन अभी खतरे के निशान से बाहर निकल गया है, लेकिन उसे आगामी मैचो मे अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखना होगा। एवर्टन के 15 मैच में 10 अंक है और वह 17वें स्थान पर पहुंच गया है। एवर्टन की जुर्माना लगने के बाद यह लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले शनिवार को उसने नॉटिंघम फॉरेस्ट को।-0 से हराया था। इस बीच टोटेनहैम का खराब प्रदर्शन जारी रहा और वेस्ट हैम ने उसे 2-। से हराया।

# वापसी करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

**● इंग्लैंड की मजबूत टीम के खिलाफ दिखाना होगा दम**

भाषा। मुंबई



**पहले मैच में हार से** आहत भारतीय महिला क्रिकेट टीम को तीन मैचों की श्रृंखला को अगर जीवंत बनाए रखना है तो उसे इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। इंग्लैंड ने पहले मैच में शानदार प्रदर्शन करके 38 रन से जीत दर्ज की और इस तरह से भारत पर दबदबा बनाए रखा। इससे उसने श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की। इंग्लैंड की यह भारत के खिलाफ 28 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 21वीं और भारतीय धरती पर 10 मैच में आठवीं जीत थी। भारतीय टीम पहले मैच में परिस्थितियों से अच्छी तरह तालमेल नहीं बिठा पाई थी और इसके अलावा उसने कुछ गलतियां भी की थी जिससे यह मैच एकतरफा बन गया था। सपाट पिच पर गेंदबाजों को खास मदद नहीं मिल रही थी तथा भारत ने चार स्पिनरों का उपयोग किया जिन्होंने कुल मिलाकर 12 ओवर में 121 रन लुटाए। भारत ने बाएं हाथ की दो स्पिनर श्रेयंका पाटिल और सैका इशाक को पदार्पण का मौका दिया लेकिन इन दोनों का अपनी गेंदों पर नियंत्रण नहीं था और वे महंगे साबित हुए। यहां तक की अनुभवी स्पिनर दीप्ति शर्मा भी प्रभावित नहीं कर पाई और उन्होंने अपने कोटे के पूरे चार ओवर भी नहीं किए। भारत का क्षेत्ररक्षण भी अच्छा नहीं रहा तथा इंग्लैंड की तरफ से शानदार प्रदर्शन करने वाली डैनी वाट और नेट साइवर ब्रंट दोनों को जीवनदान मिले , जो भारतीय टीम को महंगे पड़े। भारत की तरफ से गेंदबाजी में केवल तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने मैच के पहले ओवर में ही दो विकेट निकालकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी लेकिन टीम इसका फायदा नहीं उठा पाई और उसने इंग्लैंड को वापसी का मौका दिया। जहां भारतीय स्पिनर नहीं चल पाए, वहीं इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन (4-0-15-3) और सारा ग्लेन (25 रन देकर एक विकेट) की स्पिन जोड़ी ने भारतीय बल्लेबाजों को दबाव में रखा और उन्हें खुलकर नहीं खेलने दिया। भारत के सामने 198 रन का लक्ष्य था लेकिन सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा (52) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (26) ही कुछ योगदान दे पाए। स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर नाकाम रहे। भारत को अब इन दोनों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। भारतीय टीम को जल्द से जल्द अपने खेल में सुधार करने की जरूरत है क्योंकि तीन मैच की इस टी20 श्रृंखला के बाद वह इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट मैच खेलेगी और फिर तीनों प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी। भारतीय महिला टीम 2006 के बाद इंग्लैंड से टी20 श्रृंखला नहीं जीत पाई है। अगर उसे श्रृंखला में जीत हासिल करनी है तो अगले दो मैचों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना होगा।

## पीठ की समस्या के कारण इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ एकमात्र टेस्ट से एम्मा को बाहर किया

**मुंबई।** इंग्लैंड ने अपनी आल राउंडर एम्मा लैंब को पीठ की समस्या के कारण 14 से 17 दिसंबर तक यहां भारत के खिलाफ आगामी एकमात्र टेस्ट की टीम से बाहर कर दिया। इंग्लैंड क्रिकेट के अनुसार एम्मा को पीठ में चोट लगी है और यह 25 साल की खिलाड़ी अब चिकित्सक की सलाह लेने के लिए स्वदेश लौटेंगी इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के मुताबिक मध्यक्रम बल्लेबाज माइया बाउचियर और बाएं हाथ की स्पिनर कर्स्टी गोर्डन को टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। ईसीबी ने एक बयान में कहा, एम्मा लैंब को पीठ की समस्या के कारण भारत से खेलने वाली इंग्लैंड की महिला टेस्ट टीम से हटा लिया गया। लैंब ब्रिटेन में अपने घर लौटेंगी जहां वह स्पाइनल सर्जन से सलाह लेंगी। इ गोर्डन ने अपना एकमात्र टेस्ट आस्ट्रेलिया के खिलाफ चार साल पहले टांटन में खेला था जबकि बाउचियर को अपना टेस्ट पदार्पण करना है लेकिन वह इंग्लैंड की महिला टीम के लिए 22 टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे खेल चुकी हैं।

## डब्ल्यूपीएल नीलामीः गुजरात जायंट्स, आरसीबी की निगाहें टीम मजबूत करने पर

**मुंबई।** पिछले चरण मे अंतिम स्थान पर रहने वाली गुजरात जायंट्स महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की शनिवार को होने वाली नीलामी मे अगले सत्र के लिए अपनी टीम की कमियों को दूर करना चाहेगी जिसके लिए उसके पास अन्य चार टीमों की तुलना मे सबसे ज्यादा राशि होगी। गुजरात जायंट्स मार्च मे हुए शुरूआती चरण मे पांचवे और अंतिम स्थान पर रही थी जबकि एक अन्य हाई प्रोफाइल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर चौथे स्थान पर रही थी। कुल 165 खिलाड़ियों की नीलामी मे अन्य फ्रेंचाइजी भी अपनी टीम को बेहतर बनाने की कोशिश करेंगी। 30 स्थानों (नौ विदेशी खिलाड़ियों) के लिए होने वाली डब्ल्यूपीएल की मिनी नीलामी मे 104 भारतीय और 61 विदेशी (एसोसिएट देश की 15) खिलाड़ी होंगी। नीलामी मे 56 कैप्ड और 109 अनकैप्ड (जिसने कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नही खेला हो) खिलाड़ी होंगी। डब्ल्यूपीएल के दूसरे चरण का आयोजन इंडियन प्रीमियर लीग से पहले फरवरी-मार्च मे होने की संभावना है। शुरूआती चरण मे यह एक शहर मे खेला गया था जबकि 2024 का चरण मुंबई और बेंगलोर मे होगा। वेस्टइंडीज की डायंड्रा डोटिन को चिकित्सीय आधार पर शुरूआती सत्र के शुरू होने से पहले ही विवादास्पद तरीके से गुजरात जायंट्स से बाहर कर दिया गया था। दो खिलाड़ियों को 50 लाख रुपए के उच्चतम रिजर्व प्राइस मे रखा गया है जिसमे से एक डायंड्रा है और दूसरी आयरिश-आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर किम गार्थ है। आस्ट्रेलिया की आल राउंडर अनाबेल सदरलैंड और जॉर्जिया वारेहैम शुरूआती चरण मे खेली थी जिनका बेस प्राइस (आधार मूल्य) 40 लाख रुपए है। दक्षिण अफ्रीका की शबनीम इस्माइल और इंग्लैंड की विकेटकीपर बल्लेबाज एमी जोन्स का भी आधार मूल्य 40 लाख रुपए है।

## परिवार में हुई त्रासदी को पीछे छोड़ वेदा कृष्णमूर्ति का डब्ल्यूपीएल से दमदार वापसी का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** पिछले तीन साल मे परिवार मे बड़ी त्रासदी झेलने के साथ भारतीय टीम मे जगह बनाने मे विफल रही बल्लेबाज वेदा कृष्णमूर्ति का लक्ष्य महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के आगामी सत्र के जरिए राष्ट्रीय टीम मे वापसी करने का है। इस साल की शुरुआत मे महिला प्रीमियर लीग की पहली नीलामी मे नजरअंदाज होने के बाद वेदा ने अपनी फिटनेस पर काफी मेहनत की है। पहले के मुकाबले दुबली और अधिक फिट वेदा को उम्मीद है कि शनिवार को डब्ल्यूपीएल की नीलामी मे उनके नाम पर बोली लगेगी जो उनके लिए राष्ट्रीय टीम के दरवाजे खोल सकता है। वेदा ने कहा, मुझे लगता है कि मेरे पास जो क्षमता और अनुभव है, उससे मुझे एक प्रणाली मे आने और फिर से तालमेल बिठाने मे ज्यादा समय नही लगेगा। यह सब वहां जाने और अपनी क्षमता के मुताबिक प्रदर्शन करने के बारे मे है। डब्ल्यूपीएल निश्चित रूप से खिलाड़ियों के लिए एक बेहतरीन मंच है, खासकर जो मेरी तरह की स्थिति का सामना कर रहे है। मैने पिछले तीन वर्षो से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नही खेला है, इसलिए यह एक ऐसा मंच है जहां आप अच्छा प्रदर्शन करना चाहते है। आप अगर इस तरह की परिस्थितियो और मंच पर जाकर प्रदर्शन करने मे सक्षम है तो यह भारतीय टीम के लिए भी दरवाजे खोलता है। वेदा ने कहा, हमने पुरुष क्रिकेट मे ऐसा होते देखा है। यह कुछ ऐसा है जो मेरे दिमाग मे है। वेदा के नाम 48 एकदिवसीय मे 71 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 829 रन है। वह 2017 मे महिला एकदिवसीय विश्व कप फाइनल खेलने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थी। भारत को इस मैच मे इंग्लैड से नौ रन से हार का सामना करना पड़ा था।

## दक्षिण अफ्रीकी टीम में वापसी एक प्रक्रिया है, अभी ध्यान पूर्ण फिटनेस हासिल करने परः डुप्लेसी

**बेंगलुरू।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी के सामने राष्ट्रीय टीम मे वापसी करने का विकल्प है लेकिन इस पर गंभीरता से विचार करने से पहले वह पूर्ण फिटनेस हासिल करना चाहते है। दक्षिण अफ्रीका के कोच रॉब वाल्टर ने हाल मे संकेत दिए थे कि डुप्लेसी, क्विंटन डिकॉक और रिली रोसो जैसे सीनियर पेशेवर खिलाड़ियो के लिए राष्ट्रीय टीम मे वापसी के दरवाजे खुले हुए है। डुप्लेसी ने सितंबर मे अपनी एक कोहनी का ऑपरेशन करवाया था और इसलिए ऐसी किसी संभावना पर विचार करने से पहले वह पूरी तरह फिट होना चाहते है। डुप्लेसी ने पीटीआई से कहा, मै यह नही कहूंगा कि इसके (दक्षिण अफ्रीका टीम मे वापसी) लिए प्रक्रिया नही चल रही है। मेरे कहने का मतलब है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट अब भी इस खेल का चरम है। आपको अब भी यह महसूस होता है कि यही वह मुकाम है जहां क्रिकेट मे आपको सबसे अधिक दबाव महसूस होता है और जहां आप एक खिलाड़ी के रूप मे जीवंत महसूस करते है। अभी मैने ऑपरेशन के बाद क्रिकेट मे वापसी की है। अभी मै किसी तरह का दबाव नही ले रहा हूं और वास्तव मे फिर से क्रिकेट का आनंद उठा रहा हूं तथा अपने हाथ को पहले वाली स्थिति में लाने के लिए प्रयासरत हूं। यह (दक्षिण अफ्रीकी टीम मे वापसी) अभी केवल एक प्रक्रिया है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने कहा है कि मार्च मे टी20 खिलाड़ियों को अनुबंध दिया जाएगा, इसलिए अच्छा प्रदर्शन करके यह सुनिश्चित करना खिलाड़ियों का काम है कि वे चयन के लिए पात्र है।

## जॉनसन की आलोचना पर वार्नर ने कहा, हर कोई अपनी राय रखने के लिए स्वतंत्र

**मेलबर्न।** अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज मिशेल जॉनसन की आलोचना का जवाब देते हुए कहा कि हर कोई अपनी राय रखने के लिए स्वतंत्र है। जॉनसन ने एक समाचार पत्र मे अपने कॉलम मे लिखा था कि क्या वार्नर इतनी अच्छी फॉर्म मे है कि वह स्वयं ही अपनी संन्यास की तिथि को तय कर सकें। इसके अलावा उन्होने दक्षिण अफ्रीका मे गेंद से छेड़छाड़ के मामले मे वार्नर की भूमिका का भी जिक्र किया था। वार्नर ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन जनवरी से सिडनी में शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के बाद संन्यास लेने की इच्छा जाहिर की थी। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच तीन टेस्ट मैचो की श्रृंखला 14 दिसंबर से पर्थ मे शुरू होगी। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से 2011 मे टेस्ट क्रिकेट मे पदार्पण करने वाले वार्नर ने अभी तक 109 मैच मे 8487 रन बनाए है। इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने जॉनसन के बयान को ज्यादा तूल नही दिया। वार्नर ने क्रिकेट.कॉम.एयू से कहा हर कोई अपनी राय रखने के लिए स्वतंत्र है। हमारा ध्यान पर्थ मे होने वाले टेस्ट मैच पर है। वार्नर ने कहा कि इस तरह की आलोचना से निपटना उन्होंने बहुत पहले सीख लिया था। मेरे माता-पिता ने मुझे इस तरह की परिस्थितियो का सामना करना सिखाया था। उन्होने मुझे हर दिन लड़ना और कड़ी मेहनत करना सिखाया था।

## बांगड़ की पंजाब किंग्स में विकास प्रमुख के तौर पर वापसी

**चंडीगढ़।** पंजाब किंग्स ने शुक्रवार को पूर्व भारतीय बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र के लिए अपना क्रिकेट विकास प्रमुख नियुक्त किया। पूर्व भारतीय आल राउंडर 2014 मे फ्रेंचाइजी के सहायक कोच थे जब टीम उप विजेता रही थी। अगले दो सत्र मे वह मुख्य कोच थे जब टीम तालिका मे निचले स्थान पर रही थी। बांगड़ ने मीडिया विज्ञप्ति मे कहा, फिर से पंजाब किंग्स के साथ होना मेरे लिए सम्मान की बात है। बांगड़ टीम के मुख्य कोच ट्रेवर बेलिस के साथ मिलकर काम करेंगे और दोनों 19 दिसंबर को दुबई में होने वाली आईपीएल नीलामी के लिए योजना बनाएंगे। बांगड़ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के बल्लेबाजी सलाहकार थे जिसके बाद अगले दो साल के लिए उन्हें टीम का मुख्य कोच नियुक्त कर दिया गया। पंजाब किंग्स ने पांच खिलाड़ियों को रिलीज किया है।

# फिलिप्स की आक्रामक बल्लेबाजी से रोमांचक हुआ न्यूजीलैंड और बांग्लादेश टेस्ट मैच



**मीरपुर (बांग्लादेश)।** ग्लेन फिलिप्स की 72 गेंद में 87 रन की आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर न्यूजीलैंड दो मैचों की श्रृंखला के आखिरी टेस्ट के तीसरे दिन पहली पारी में शुक्रवार को यहां आठ रन की मामूली बढ़त लेने के बाद दूसरी पारी में बांग्लादेश के दो विकेट झटक कर मुकाबले को रोमांचक बना दिया है। बारिश से प्रभावित इस मैच में बांग्लादेश के 172 रन के जवाब में न्यूजीलैंड की पहली पारी चाय के विश्राम से ठीक पहले 180 रन पर सिमट गई। खराब रोशनी के कारण दिन के खेल को जल्दी रोक दिया गया। खेल रोके जाने तब बांग्लादेश ने दूसरी पारी में 38 रन तक दो विकेट गंवा दिए थे। बांग्लादेश की टीम 30 रन से आगे है और उसके आठ विकेट बचे हुए है। मैच का दूसरा दिन पूरी तरह से बारिश की भेंट चढ़ गया था। न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 55 रन से की।फिलिप्स ने सीमित ओवर प्रारूप की शैली में बल्लेबाजी करते हुए अपनी पारी में चार चौके और इतने ही छक्के लगाए।

# भारत ने क्लासिफिकेशन मैच में कोरिया को दी मात

**● जूनियर महिला हॉकी विश्व कप**

भाषा। सैंटियागो (चिली)



**भारत ने शुरू** में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके जूनियर महिला हॉकी विश्व कप के नौवें से 12वें स्थान के क्लासिफिकेशन मैच में दक्षिण कोरिया को 3-। से हराया। गुरुवार को खेले गए इस मैच में भारत की तरफ से रोपनी कुमारी (23वें मिनट), मुमताज खान (44वें) और अन्नू (46वें) ने गोल किए। कोरिया की तरफ से एकमात्र गोल जियुन चोई (19वें) ने किया। पहले क्वार्टर में कोरिया का दबदबा रहा और इस दौरान उसने पहला पेनल्टी कार्नर हासिल किया लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। दूसरे क्वार्टर में दोनों टीम ने एक दूसरे पर दबाव बनाने का प्रयास किया। चोई ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके कोरिया को बढ़त दिलाई लेकिन रोपनी ने भी पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलकर भारत को बराबरी दिला दी। मध्यांतर तक दोनों टीम।-। से बराबरी पर थी। भारत ने तीसरे क्वार्टर में दबदबा बनाया और इस बीच मुमताज ने पेनाल्टी कार्नर पर गोल करके टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद अन्नू ने चौथे क्वार्टर के शुरू में मैदानी गोल करके भारत की जीत सुनिश्चित की। भारत के पास अभी नौवें स्थान पर रहने का मौका है।

## भारत ने 22 सदस्यीय महिला हॉकी टीम घोषित की

**नई दिल्ली।** भारत ने गोलकीपर सविता पूनिया की अगुवाई में स्पेन में होने वाले पांच देशों के हॉकी टूर्नामेंट के लिए शुक्रवार को 22 सदस्ईय महिला टीम घोषित की जिसमें अनुभवी फॉरवर्ड वंदना कटारिया को उप कप्तान बनाया गया है।भारत 15 से 22 दिसंबर तक वेलेंसिया मे होने वाले इस टूर्नामेंट मे आयरलैड, जर्मनी, स्पेन और बेल्जियम का सामना करेगा। रांची मे 13 जनवरी से शुरू होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर्स की तैयारी के लिहाज से यह टूर्नामेंट काफी महत्वपूर्ण है।भारत की मुख्य कोच यानिक शोपमैन ने हॉकी इंडिया की यहां जारी विज्ञप्ति मे कहा, हमारी टीम काफी संतुलित और मजबूत है। यह टूर्नामेंट टीम के लिए हाल के अपने अच्छे प्रदर्शन को आगे बढ़ाने और ओलंपिक क्वालीफायर्स से पहले खुद को अच्छी मानसिक स्थिति मे रखने के लिए आदर्श मंच होगा।

# अश्विनी और तनीषा की जोड़ी सेमीफाइनल में

**गुवाहाटी मास्टर्स : मालविका बंसोड़**

भाषा। गुवाहाटी

**मालविका बंसोड़** तथा अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की महिला युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। एकल ड्रा में मौजूद एकमात्र भारतीय महिला खिलाड़ी मालविका ने क्वार्टरफाइनल में मलेशिया की कारूपाथेवन लेटशाना को 21-12, 21-16 से हराया। मालविका ने मुकाबले में अपनी प्रतिद्वंद्वी को लंबी रैलियों में उलझाया और अपना रक्षण मजबूत रखा। अब वह सेमीफाइनल में थाईलैंड की लालिनरात चाईवान के सामने होंगी जिन्होंने चीनी ताइपे की तीसरी वरीयता प्राप्त सुंग शुओ युन को 21-10, 16-21, 21-16 से शिकस्त दी। महिला युगल वर्ग में अश्विनी और तनीषा की जोड़ी ने शुरूआती गेम में चार गेम प्वाइंट बचाए और इसके बाद जेसिटा पुत्री मियानटोरो और फेबी सेटियानिंग्रुम की इंडोनेशियाई जोड़ी को 22-20, 21-16 से पराजित किया। तनीषा दो खिताब हासिल करने की ओर बढ़ रही हैं। वह ध्रुव कपिला के साथ मिश्रित युगल के सेमीफाइनल में भी जगह बना चुकी हैं। उन्होंने क्वार्टरफाइनल में अमरी सियाहनावी और विन्नी कांडो की इंडोनेशियाई जोड़ी को क्वार्टरफाइनल में 21-16, 21-17 से मात दी।

## मीडिया ओलंपिक सीजन टू की रंगारंग शुरुआत 9 दिसंबर से

**लखनऊ।** मीडिया से जुड़े लोगों और उनके परिवार के सदस्यों की खेल प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य के साथ मीडिया ओलंपिक के दूसरे संस्करण की शुरुआत शनिवार 9 दिसंबर 2023 को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होगी। दो दिवसीय इस आयोजन में मीडियाकर्मियों व उनके परिजनों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। इस बारे में आयोजन सचिव राघवेंद्र प्रताप सिंह बताते है कि मीडिया ओलंपिक में में मीडिया के किसी भी माध्यम से जुड़े लोग और उनके परिवार के सदस्य हिस्सा ले सकते हैं। इसमें किसी भी आयु वर्ग में प्रतिभाग किया जा सकता है। इसके विजेताओं को पदक और प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मीडिया ओलंपिक में एथलेटिक्स, बैडमिंटन, टेबल टेनिसए कैरम, शतरंज, फुटबॉल शूट आउट और रस्साकसी की स्पर्धाओं का आयोजन होगा।

# अनंतजीत व राइजा का निशानेबाजी ट्रायल में शानदार प्रदर्शन

भाषा। नई दिल्ली



**हांग्झोऊ एशियाई** खेलों के रजत पदक विजेता अनंतजीत सिंह नरूका पुरुष स्कीट राष्ट्रीय चयन ट्रायल एक में शुक्रवार को यहां कर्णी सिंह परिसर में पुरुष वर्ग में शीर्ष स्थान पर रहे जबकि महिलाओं में राइजा ढिल्लों ने राष्ट्रीय चैंपियन गनीमत सेखों को पछाड़ कर यह स्थान हासिल किया। राजस्थान के अनंतजीत और हरियाणा की राइजा ने 60 निशाने के फाइनल में एक समान 58 क्ले पर सटीक निशाने के साथ जीत दर्ज की। अनंतजीत इससे पहले 40 खिलाड़ियों के क्वालीफाइंग में 125 में से 121 अंक के साथ शीर्ष स्थान पर रहे थे। छह खिलाड़ियों के फाइनल में वह पहला निशाना चूक गए लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी करते हुए शीराज शेख (56) को पीछे छोड़ा। गुरजोत खांगुरा शुरुआती 50 प्रयास में से 45 सटीक निशाने के साथ तीसरे स्थान पर रहे।महिलाओं के क्वालीफिकेशन में राइजा का दबदबा रहा। वह 122 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहते हुए छह खिलाड़ियों के फाइनल में पहुंची। इस वर्ग में देश की शीर्ष निशानेबाज गनीमत ने क्वालीफिकेशन में 120 सटीक निशाने लगाए। वह फाइनल में भी राइजा के 58 के मुकाबले 54 निशाने ही लगा सकी। राजस्थान की महेश्वरी चौहान 43 (शुरुआती 50 प्रयास) के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रही।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोनः 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादकः शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।